

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

## किसान आंदोलन

# नीचे कील-कांटे, ऊपर से आंसू गैस की बौछार

- कई किसान और पुलिस के जवान घायल, किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ी पुलिस ने लाठी भांजी, कई हिरासत में

### केंद्र सरकार के साथ किसानों की वार्ता विफल

- किसान नेताओं ने कहा, दिल्ली कूच होकर रहेगा, हरियाणा और यूपी से सटे बॉर्डर छावनी में तब्दील

कुमार माधवन

केंद्र सरकार के साथ वार्ता विफल होने के बाद किसान फिर आंदोलन को आमादा हैं. दिल्ली कूच के लिए पंजाब के किसान अंबाला के शंभू बॉर्डर पर पहुंच चुके हैं. किसानों का कहना है कि कोई भी बैरिकेडिंग उन्हें जाने से नहीं रोक सकती. आंदोलनकारी किसानों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उनपर आंसू गैस के गोले दागे. पुलिस किसानों पर ड्रोन के जरिए भी आसमान से आंसू गैस के गोले बरसा रही है. इस कार्रवाई में अबतक कई लोग जख्मी भी हुए हैं. इनमें पुलिस के डीएसपी समेत कई जवान भी हैं. शंभू बॉर्डर पर हालात गंभीर बने हुए हैं. पुलिस ने कई किसानों को हिरासत में भी लिया है. वहीं, जींद पंजाब बॉर्डर पर भी किसानों पर पुलिस की कार्रवाई हुई है, जहां किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे गये. बता दें कि पुलिस ड्रोन से भी आंसू गैस के गोले दाग रही है. इसके अलावा गाजीपुर, सिंघु, संभू, टिकरी समेत सभी बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है.

**दिल्ली में हाई अलर्ट, हरियाणा व यूपी बॉर्डर सील :** किसान आंदोलन को देखते हुए दिल्ली में हाई अलर्ट है. हरियाणा और यूपी से सटे बॉर्डर सील हो गये हैं. आंदोलन को लेकर दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है. गौरतलब है कि किसानों ने कुछ ऐसा ही प्रदर्शन 2020-21 में किया था, जिसके बाद सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया था. दो साल बाद फिर किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं. ज्ञात हो कि 2020-21 में किसानों की 32 यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तहत एक बैनर के तले आई थी, जो अब एसकेएम (पंजाब), एसकेएम और किसान मजदूर मोर्चा बन गए हैं. किसान संगठन उन्हीं मुद्दों को आगे बढ़ा रहे हैं. -शेष पेज 12 पर







### किसानों के समर्थन में उतरे राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, किसानों को रोका जा रहा है. सरकार ने स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की, लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने को तैयार नहीं हैं.

### सरकार सभी मुद्दों पर सजग: अर्जुन मुंडा



केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का कहना है कि सरकार किसानों के मुद्दों पर सजग है. सरकार की किसान संगठनों से बात हुई है, लेकिन कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, तो कुछ पर नहीं बन पाई है.

### किसान आंदोलन को लेकर अदालत में सुनवाई

इधर, किसानों के दिल्ली कूच के विरोध में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई भी हुई. इस दौरान केंद्र ने हाईकोर्ट को बताया कि हम एमएसपी के मुद्दे पर किसानों के साथ चर्चा करना चाहते हैं. किसान आंदोलन मामले पर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्र के साथ-साथ हरियाणा और पंजाब सरकार से स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है. बता दें कि कोर्ट इस मामले पर गुरुवार को अगली सुनवाई करेगा. इस दौरान दिल्ली सरकार भी अपना पक्ष रखेगी.

### इस पर अड़े हैं किसान

केंद्र के खिलाफ दिल्ली कूच का ऐलान करने वाले किसान संगठन एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे हैं. साथ ही किसान संगठन स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू कराने पर अड़े हैं. किसानों की पेंशन और ऋण माफी भी इस आंदोलन का बड़ा मुद्दा है. साथ ही किसान संगठन पिछले आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को भी खत्म करने की मांग कर रहे हैं.

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

किसानों को रोकने की पूरी कोशिश है, लेकिन किसान आगे बढ़ रहे हैं. किसान दिल्ली कूच की जिद पर अड़े हैं. किसान नेताओं ने आर-पार की जंग का ऐलान करते हुए कहा है कि, दिल्ली कूच होकर रहेगा. पुलिस ने भी साफ कर दिया है कि किसानों की आड़ में उपद्रवियों ने कानून व्यवस्था में खलल डाली, तो कड़ी कार्रवाई होगी. किसानों को रोकने के लिए हरियाणा में अर्द्धसैन्य की 64 कंपनियां और हरियाणा पुलिस की 50 कंपनियों को विभिन्न जिलों में तैनात किया गया है. दिल्ली की सीमाओं पर बहुस्तरीय अवरोधक, कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटेनर की दीवारें लगाकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं.

## जेईई मेंस के पहले संस्करण के रिजल्ट हुए जारी

# 23 को मिले 100 में 100

**झारखंड के भी सैकड़ों छात्रों को मिली कामयाबी**

**परीक्षा में 17.70 लाख परीक्षार्थी हुए थे शामिल**

शुभम संदेश टीम। रांची

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन-2024 परीक्षा सत्र 1 के परिणाम घोषित हो चुके हैं. देशभर के 291 शहरों के 544 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 23 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं. हरियाणा के आरव भट्ट ने 100 पर्सेंटाइल के साथ देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि द्विजा धर्मेश कुमार पटेल छात्राओं में अव्वल रहीं. वहीं 99.98 पर्सेंटाइल हासिल कर झारखंड के राजबीर सिंह राज्य टॉपर बने हैं.

**11.70 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में हुए थे शामिल :** जेईई मेन-2024 परीक्षा के सत्र 1 में कुल 12 लाख 21 हजार 624 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 95.8 प्रतिशत परीक्षार्थी यानी 11 लाख 70 हजार 48 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए.इनमें 7 लाख 88 हजार 234 छात्र, जबकि 3 लाख 81 हजार 808 छात्राएं थी. थर्ड जेंडर के भी 6 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे.

**देश के बाहर 21 शहरों हुई थी परीक्षा :** मनामा, दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत सिटी, कुआलालंपुर, लागोस/अबुजा, कोलंबो, जकार्ता, मॉस्को, ओटावा, पोर्ट लुइस, बैंकॉक और वाशिंगटन डीसी में परीक्षा हुई. इसके अलावा अबु धाबी, हांगकांग और ओस्लो शहर में पहली बार परीक्षा का आयोजन हुआ.

### 99.98 पर्सेंटाइल के साथ राजबीर सिंह झारखंड टॉपर



### झारखंड के टॉपर्स की सूची

**रांची**

| | नाम | पर्सेंटाइल |
|---|---|---|
| 1 | राजबीर सिंह | 99.9878 |
| 2 | तमन्ना कुमारी | 99.9563 |
| 3 | प्रियदर्शी शेखर | 99.9422 |
| 4 | प्रियांश प्रांजल | 99.8841 |
| 5 | साकेत राज | 99.8717 |
| 6 | विशाल मेहता | 99.8222 |
| 7 | सौरव राज | 99.8105 |
| 8 | श्रेयस संजय | 99.8081 |
| 9 | प्रभांशु | 99.8081 |
| 10 | मुदिता रॉय | 99.7808 |

**धनबाद**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रेयांश कुमार | 99.95 |
| 2 | अनुराग करण | 99.50 |
| 3 | प्रज्ञा भारद्वाज : | 99.49 |
| 4 | सचिन मंडल : | 99.29 |

**जमशेदपुर**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सचिन कुमार गुप्ता | 99.64 |
| 2 | आदर्श राय | 99.10 |
| 3 | प्रियांशु शर्मा | 99.0801 |
| 4 | अक्षत सिन्हा | 98.7661 |
| 5 | अर्श गद्दी | 98.1814 |

**बोकारो**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विशाल मेहता | 99.8222 |
| 2 | रेयान सिंह | 99.723 |
| 3 | मो. अम्मार | 99.645 |
| 4 | स्पर्श कुमार | 99.640 |
| 5 | रक्षित राज | 99.628 |
| 6 | स्पर्श राज | 99.56 |
| 7 | उत्कर्ष कुमार | 99.523 |
| 8 | अवन्तिका गुप्ता | 99.510 |
| 9 | नमन जैन | 99.459 |
| 10 | ऋषव कुमार | 99.4 |

### ये हैं राज्यवार टॉपर्स

- आरव भट्ट - हरियाणा
- ऋषि शेखर शुक्ला - तेलंगाना
- शैक सूरज - आंध्र प्रदेश
- मुकुंद प्रतीष एस - तमिलनाडु
- माधव बंसल - दिल्ली
- आर्यन प्रकाश - महाराष्ट्र
- ईशान गुप्ता - राजस्थान
- आदित्य कुमार - राजस्थान
- रोहन साई पब्बा - तेलंगाना
- पारेख मीत विक्रमभाई - गुजरात
- अमोघ अग्रवाल - कर्नाटक
- शिवांश नायर - हरियाणा
- थोटा साई कार्तिक - आंध्र प्रदेश
- गजारे नीलकृष्ण निर्मल कुमार - महाराष्ट्र
- दक्षेश संजय मिश्रा - महाराष्ट्र
- मुथवारापू अनूप - तेलंगाना
- हिमांशु थालोर - राजस्थान
- हुंदेकर विदित - तेलंगाना
- वेंकट साइ तेजा मदिनेनी - तेलंगाना
- इप्सित मित्तल - दिल्ली
- अन्नारेड्डी वेंकट तनिष रेड्डी - आंध्र प्रदेश
- श्रेयस मोहन कल्लुरी - तेलंगाना
- तव्वा दिनेश रेड्डी - तेलंगाना

**जानिए झारखंड के विद्यार्थियों का कैसा रहा प्रदर्शन :** जमशेदपुर और धनबाद के स्टूडेंट्स ने भी इस साल जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. जानिए जमशेदपुर व धनबाद के स्टूडेंट्स का कैसा रहा है प्रदर्शन. हालांकि देर शाम तक विभिन्न शिक्षण, कोचिंग संस्थानों की ओर से उनके स्टूडेंटस के प्रदर्शन का रिजल्ट जारी किया जाता रहा. ऐसे में स्टूडेंट्स के रिजल्ट में उतार-चढ़ाव संभावित है.

## अब झारखंड के छात्र ने कोटा में की आत्महत्या

- जेईई-मेन्स की तैयारी कर रहा था, नंबर कम होने से उठाया खौफनाक कदम

संवाददाता। रांची

झारखंड के छात्र द्वारा राजस्थान के कोटा में आत्महत्या कर लिये जाने की खबर है. यह घटना मंगलवार सुबह घटी.

जानकारी के अनुसार शुभ चौधरी नामक छात्र ने सुसाइड की है. शुभ कोटा में रह कर जेईई-मेन्स की तैयारी कर रहा था. जब सोमवार को जेईई मेन्स के परिणाम घोषित हुए, तो शुभ ने देखा उसका नंबर कम है, जिससे वह परेशान हो गया. वह अपने छात्रावास के कमरे में लौट आया और सुबह उसका शव छत से लटका मिला. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया. परिवार के कोटा पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा.

**परिवार को दी गई सूचना :** पुलिस जांच कर रही है. पुलिस ने सुसाइड नोट या किसी अन्य क्लू के लिए छात्र के कमरे की तलाशी ली. जवाहर नगर थाना पुलिस के सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण मेहरा के अनुसार 18 वर्षीय छात्र शुभ कुमार चौधरी महावीर नगर प्रथम स्थित कृष्ण रेजिडेंसी में रहता था. वह अपने कमरे में आत्महत्या की स्थिति में पाया गया, जिसके बाद उसे एमबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया गया है. वहीं, इस पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. शुभ कुमार ने सोमवार रात को ही आत्महत्या कर ली थी.

### नहीं थी एंटी सुसाइड रॉड

कोटा में जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल्स और पीजी रूम में पंखों पर एंटी सुसाइड रॉड लगाने के निर्देश दिए थे. यह हैंगिंग डिवाइस लगने के पर 40 किलो से ज्यादा का वजन पंखे पर डालता है, तो यह स्प्रिंग की तरह नीचे लटक जाते हैं. सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद भी हॉस्टल के कमरे में एंटी सुसाइड रॉड पंखे में नहीं लगी थी. इसकी वजह से बच्चे की जान गई है.

### दुधानी के अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में बोले सीएम

# 20 लाख लोगों को देंगे पक्का मकान



प्रमुख संवाददाता। रांची/दुमका

सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि वर्ष 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना मकान का होगा. कोई भी व्यक्ति झुग्गी- झोपड़ी, टूटे -फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा. सभी को तीन कमरे का पक्का मकान देंगे. सरकार ने खुद के बूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद लोगों के अपने आशियाने के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं. सीएम मंगलवार को दुमका के दुधानी में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया. उनके बैंक खाते में डीबीटी से पहले क़िस्त की राशि के रूप में 76 करोड 15 लाख 50 हज़ार रुपए हस्तांतरित किए.

**योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों होगी कार्रवाई :** सीएम ने कहा कि आवास योजना का गलत लाभ लेने वालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता सूची के तहत मकान स्वीकृत करें.

**हर सुख -दुःख में सरकार आपके साथ :** आपने इस सरकार को चुना है. यह आपकी सरकार है. ऐसे में आपकी उम्मीदों, आकांक्षाओं अरमानो और विश्वास को हम टूटेंगे नहीं देंगे. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस राज्य में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा. हर किसी को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार मिलेगा. इसमें किसी भी प्रकार का कोई लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. -शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- डीबीटी के माध्यम से 76 करोड़ 15 लाख रुपए किया ट्रांसफर
- दुमका, जामताड़ा एवं देवघर के 25385 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,800 |
| चांदी (किलो) | 72,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### मोदी ने अबू धाबी में रुपे कार्ड पेश किया

**अबू धाबी।** पीएम नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की. नाहयान ने सेवा की शुरुआत करते हुए अपने नाम से उभरा हुआ एक कार्ड स्वाइप किया. मोदी ने नाहयान से कहा, हम मेरे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरुआत कर रहे हैं. उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया.

**बड़ी कार्रवाई** 6 घंटे तक कागजातों की गहन जांच के बाद वापस लौटी ईडी की टीम

# हेमंत सोरेन के 3 करीबियों के यहां ईडी की रेड

सौरभ सिंह। रांची

जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी ने मंगलवार को रांची के तीन बड़े जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर रेड की. जिन तीन जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की टीम ने रेड की, उनमें सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित अयोध्यापुरी के रमेश गोप, सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रातू रोड निवासी आर्किटेक्ट सह जमीन कारोबारी विनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप शामिल हैं. दिनभर चली रेड में इन कारोबारियों के ठिकानों से जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मिले हैं. इन सभी दस्तावेजों की ईडी जांच कर रही है.



**रोस्पो टॉवर पहुंची ईडी:** देर शाम ईडी की टीम रोस्पा टॉवर स्थित विनोद सिंह के ऑफिस को भी खंगाला. रोस्पा टावर स्थित विनोद सिंह के कार्यालय में खबर लिखे जाने तक विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट के कार्यलय में ईडी की टीम मौजूद था और कागजात व कंप्यूटर को खंगाल रही थी.

**जानें कैसे ईडी को मिली जानकारी:** जमीन घोटाले की जांच के दौरान ईडी की टीम को रमेश गोप, विनोद सिंह व हिलेरियस कच्छप का नाम मिला था. इसके बाद ईडी ने उनके आवास पर छापा मारा. जमीन घोटाले में जांच का दायरा लगातार आगे बढ़ रहा है. जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम भानु प्रताप और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. इस छापेमारी में क्या मिला है, इसका पता तो नहीं चला है. लेकिन सूत्रों के मुताबिक ईडी कई कागजात अपने साथ लेकर गयी है. उधर, हेमंत की हिरासत अवधि ईडी कोर्ट ने 22 फरवरी तक बढ़ा दी है.

### भानु प्रताप से 4 दिन और पूछताछ करेगी ईडी




बड़गाईं अंचल के तत्कालीन उप-निरीक्षक भानु प्रताप से ईडी चार दिन और पूछताछ करेगी. हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ जमीन दखल के मामले में उप-निरीक्षक भानु को 8 दिनों की रिमांड के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने भानु से पूछताछ के लिए और 4 दिन की अनुमति दी. भानु ने ईडी की टीम के समक्ष स्वीकार किया था कि उसने इस जमीन की मापी अमीन शशिंदर महतो के माध्यम से कराई थी. भानु ने बताया कि उसे कहा गया था कि 'बॉस' की जमीन की मापी करनी है. उक्त जमीन कुल 12 प्लॉट में बंटी है. कौन-सा प्लॉट किसके नाम पर है, इसकी जानकारी भी उसने ईडी को दी थी. इसके बाद ईडी की टीम भानु को साथ लेकर बड़गाईं अंचल स्थित कार्यालय पहुंची और उक्त जमीन से संबंधित कई दस्तावेजों की जांच की थी. उक्त जमीन पर रहने वाले केयर टेकर से भी ईडी ने पूछताछ की, उससे भी पूछा गया कि उक्त जमीन किसकी है और जमीन पर कौन-कौन लोग आते हैं.

### हेमंत को याद कर रो पड़े बसंत सोरेन, कहा-

## हेमंत टू सरकार उनके सारे अधूरे कार्य को पूरा करेगी

दुमका में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में दुमका विधायक बसंत सोरेन जैसे ही वे बोलने के लिए आए. अपने बड़े भाई हेमंत सोरेन को मिस करते हुए रो पड़े. कुछ सेकेंड के लिए शांति छा गयी और मौजूद लोगों के भी आंसू आ गए. फिर खुद को संभालते हुए बंसत ने कहा कि आज जो यह योजना धरातल पर उतर रही, वह मेरे बड़े भाई हेमंत की सोच का परिणाम है. वे चाहते थे कि कोई भी गरीब मिट्टी के मकान में न रहे, उसे पक्का मकान मिले. यह सब हेमंत की हिम्मत से हो पा रहा है. यहां आज उन्हें होना चाहिए था, तो मुझे अधिक खुशी होती. मगर कोई बात नहीं, जैसे आप का सहयोग हेमंत जी को दिया, वैसे ही आगे भी हमें देते रहें ताकि हम हेमंत जी के अधूरे कार्य को पूरा कर सकें. हेमंत जी चाहते थे कि हर ओ चीज जो आजादी के बाद भी हमारे लोगों को नहीं मिला, वह सब आप को मिले. चाहे वह आवास हो या रोजगार. जो आशीर्वाद और विश्वास आपलोगों ने हेमंत जी के प्रति बनाए रखा, उसी प्रकार आगे भी वह बन रहेगा. हेमंत सरकार पार्ट टू उनकी सोच और विचारों को हर हाल में पूरा करेगी.




## जसवे बिजली योजना को डेढ़ महीने का एक्सटेंशन, हर हाल में मार्च 24 तक काम क्लोज घोषित करना होगा

# जसवे बिजली योजना को मिला डेढ़ महीने का एक्सटेंशन

कौशल आनंद। रांची

रांची सहित पूरे झारखंड में बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए छह साल से चल रही झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना का काम अब डेढ़ महीने में पूरा कर क्लोज घोषित करना होगा. कैबिनेट की बैठक में पिछले दिन सरकार ने इस योजना को बंद करने के लिए मार्च 2024 तक एक्सटेंशन दिया है. मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के 24 जिलों में से अधिकांश जिलों में शत-प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. लेकिन कहीं-कहीं कुछ-कुछ काम बाकी होने के कारण इस योजना को अब तक क्लोज घोषित नहीं किया गया है. मार्च 2023 तक इसे क्लोज घोषित कर देना था, लेकिन अब मार्च 2024 तक समय दिया गया है.



### जानिए क्या है योजना, क्या है खासियत

- वित्तीय वर्ष 2016-17 में योजना स्वीकृत हुई है
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में योजना को मंजूरी प्रदान कर काम शुरू किया गया.
- 5127 .56 करोड़ की थी पूरी योजना
- मार्च 2023 में इसे पूरा कर क्लोज घोषित करना था.

### बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार को लेकर हुए ये कार्य

- 33 केवी और 11 केवी के नये सबस्टेशन राज्य के कई हिस्सों में तैयार किए गए.
- 33 एवं 11 केवी की नई लाइन बिछी और कृषि कार्य के लिए बिजली पहुंचाई गई.
- एटीएंडसी लॉस को कम करने के लिए अनमीटर्ड कंज्यूमरों को मीटर्ड किया गया.
- एनर्जी एकाउंटिंग के लिए फीडर और डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफारमर में मीटर लगाये गये.
- कृषि कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को बिजली कनेक्शन दिया गया.
- 33 एवं 11 केवी लाइन को अंडरग्राउंड किया गया.
- सबस्टेशनों को स्कार्डा आईटी सिस्टम से भी जोड़ा गया.
- एटीएंडसी लॉस कम करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हुआ और बिलिंग समस्या काफी हद तक दूर की गयी. रांची शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है. धनबाद में काम शुरू हो चुका है. इस हिस्से को छोड़ अन्य सभी कार्य को क्लोज घोषित करना है.
- ट्रांसफारमर की खराबी को जल्द से जल्द दूर करने व मरम्मत के लिए नए ट्रांसफारमर रिपेयरिंग वर्कशॉप, स्टोर रूम और एमआरटी का निर्माण कराया गया है.

### मार्च 2023 तक इन जिलों में काम हो चुका है पूरा

रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, ईस्ट और वेस्ट सिंहभूम, खारसावां, पलामू, लातेहार, गढ़वा, देवघर, गोड्डा, दुमका.

### आखिर अबतक क्यों नहीं क्लोज घोषत हो सका

वन विभाग से एनओसी मिलने में विलंब, रेलवे क्रॉसिंग की स्वीकृति रेलवे द्वारा विलंब से दिये जाने, रॉ रिसॉल्व होने में देरी के कारण क्लोज घोषित नहीं किया जा रहा है. इसके लिए सरकार ने और डेढ़ महीने यानी कि 31 मार्च तक समय दिया है.

### रांची में आरपीडीआरपी और जसवे के तहत जो काम हुए

रांची में बिजली वितरण सुधार खासकर आंधी-पानी के वक्त बड़े लोकल फॉल्ट से बचने के लिए 33 एवं 11 केवी लाइन का अंडरग्राउंड काम हुआ. इस योजना के तहत रांची में 33 केवी अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य 75 प्रतिशत और 11 केवी का 20 प्रतिशत हुआ. शेष बचे लाइनों का अंडरग्राउंड काम का प्लान बनाकर जेबीवीएनएल मुख्यालय भेजा गया था. लेकिन सरकार द्वारा इसके लिए अलग से कोई फंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण अब तक इसकी मंजूरी नहीं मिल पायी है. अब शेष बचे काम को केंद्र प्रायोजित आरडीएसएस के तहत लाकर काम जल्द शुरू किए जाने की संभावना है.

### एलटी लाइन को एरियर बंच केबल में बदलना जरूरी

रांची में जब तक सारे 33 एवं 11 केवी लाइन अंडरग्राउंड नहीं होंगे, तब तक आंधी- पानी के दौरान बड़े फॉल्ट से नहीं बचा जा सकता है. इसके अतिरिक्त सभी एलटी लाइन को एरियर बंच केबल में बदलना होगा. हालांकि इससे पूर्व केंद्र प्रायोजित आरएपीडीआरपी योजना के तहत कई मुहल्लों की एलटी लाइन को एरियर बंच में बदला गया है. लेकिन अब भी कई ऐसे मुहल्ले हैं, जो छूटे हुए हैं या नए बसे मुहल्ले हैं, जहां एलटी लाइन को एरियर बंच केबल में तब्दील करना बाकी रह गया है. इसे भी आरडीएसएस स्कीम के तहत लिया जा रहा है. रांची में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम विश्व बैंक के सहयोग से जारी है, जिसे 2025 तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

## डीसी ऑफिस से भी कम हैं सरकारी विभागों में कर्मी

# मैनपावर की भारी कमी, सिस्टम लाचार



**खास बातें**

- गृह और शिक्षा विभाग में ही 50 हजार से अधिक कर्मी
- 3 दर्जन से अधिक विभागों में डीसी ऑफिस से भी कम हैं कर्मी

रवि भारती। रांची

झारखंड के सरकारी विभागों में मैन पावर की भारी कमी है. कार्मिक विभाग ने सरकारी कर्मियों और अफसरों का आंकड़ा जारी किया है. आंकड़े काफी चौंकानेवाला भी हैं. तीन दर्जन से अधिक सरकारी विभागों में जिले के डीसी ऑफिस से भी कम कर्मी कार्यरत हैं. आपदा प्रबंधन, खाद्य आपूर्ति, नागर विमानन, आईटी, पर्यटन, परिवहन, नगर विकास सहित अन्य विभागों में 100 से भी कम कर्मचारी हैं. मैन पावर की कमी से संबंधित विभागों के कामकाज पर असर पड़ रहा है. कर्मचारियों की कमी के कारण कई फाइलों का निबटारा समय पर नहीं हो पा रहा है. विकास योजनाओं पर भी इसका असर पड़ रहा है.

**गृह कारा और स्कूली शिक्षा विभाग में 50 हजार से अधिक कर्मी :** कार्मिक के आंकड़ों के अनुसार, गृह कारा विभाग में 71,586 कर्मी कार्यरत हैं, जबकि स्कूली शिक्षा विभाग में 54,555 कर्मी हैं. स्वास्थ्य विभाग में 9.027 कर्मी हैं. वन विभाग में 3,365, जलसंसाधन विभाग में 4,472, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में 1,174,पथ निर्माण में 1,990, पेयजल विभाग में 1,708, पशुपालन में 1,799, विधि विभाग में 2,210, कार्मिक में 2,740 कर्मी कार्यरत हैं.

**रांची डीसी ऑफिस में 1,181 कर्मी :** रांची डीसी ऑफिस में 1181 कर्मी कार्यरत हैं. दुमका डीसी ऑफिस में 912, देवघर में 770, गिरिडीह में 853, हजारीबाग में 834, पलामू में 880, बोकारो में 585, चतरा डीसी ऑफिस में 610 कर्मी कार्यरत हैं.

### कार्मिक विभाग ने जारी किया आंकड़ा

| किस विभाग में कितने कर्मी | संख्या | | |
|---|---|---|---|
| कृषि विभाग | 841 | भूराजस्व | 623 |
| पशुपालन | 1,799 | सड़क निर्माण | 1,990 |
| सहकारिता | 550 | पंचायती राज | 155 |
| भवन निर्माण | 251 | ग्रामीण कार्य | 55 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 15 | ग्रामीण कार्य विभाग | 478 |
| कैबिनेट सचिवालय | 36 | अल्पसंख्यक कल्याण | 1,174 |
| कैबिनेट निगरानी | 09 | स्कूली शिक्षा | 54,555 |
| नागर विमानन | 09 | खेल कूद कला संस्कृति | 162 |
| वाणिज्यकर | 412 | पर्यटन | 13 |
| आपदा प्रबंधन | 84 | परिवहन | 44 |
| गृह कारा | 71,586 | नगर विकास | 17 |
| पेयजल | 1,708 | नगर विकास हाउसिंग | 04 |
| ऊर्जा विभाग | 196 | जल संसाधन विभाग | 4,472 |
| उत्पाद | 197 | महिला बाल विकास | 931 |
| खाद्य आपूर्ति | 73 | बोर्ड ऑफ रेवेन्यू | 06 |
| वन विभाग | 3,365 | कोल्हान प्रमंडल | 01 |
| स्वास्थ्य विभाग | 9,027 | उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल | 06 |
| उच्च व तकनीकी शिक्षा | 417 | पलामू प्रमंडल | 02 |
| उद्योग | 325 | नेशनल सेविंग डिविजन | 15 |
| सूचना जनसंपर्क | 96 | मुख्यमंत्री सचिवालय | 06 |
| आइटी | 03 | चीफ सेक्रेट्री ऑफिस | 03 |
| श्रम विभाग | 847 | राज्यपाल सचिवालय | 65 |
| विधि विभाग | 2,210 | जेपीएससी | 47 |
| खान एवं भूतत्व | 234 | लोकायुक्त कार्यालय़ | 25 |
| कार्मिक | 2,740 | एटीआइ | 37 |
| वित्त विभाग | 127 | कर्मचारी चयन आयोग | 20 |
| संस्थागत वित्त | 14 | एजी ऑफिस | 49 |
| योजना | 173 | प्रतिनियुक्ति | 01 |
| निबंधन | 144 | विधानसभा सचिवालय | 647 |
| | | संडरी एकाउंट | 454 |

### किस जिले के डीसी ऑफिस में कितने कर्मचारी

| जिला | कर्मचारी की संख्या | जिला | कर्मचारी की संख्या |
|---|---|---|---|
| दुमका | 912 | खूंटी | 428 |
| बोकारो | 585 | कोडरमा | 334 |
| चतरा | 610 | लातेहार | 421 |
| देवघर | 770 | लोहरदगा | 345 |
| धनबाद | 622 | पाकुड़ | 635 |
| पूर्वी सिंहभूम | 620 | पलामू | 880 |
| गढ़वा | 591 | रामगढ़ | 251 |
| गिरिडीह | 853 | रांची | 1181 |
| गोड्डा | 723 | साहेबगंज | 656 |
| गुमला | 630 | सरायकेला | 373 |
| हजारीबाग | 834 | सिमडेगा | 418 |
| जामताड़ा | 491 | पश्चिमी सिंहभूम | 643 |

## जेएसएससी पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा

# 27 से 30 लाख में होती थी डील, फैला था नेटवर्क

संवाददाता। रांची

झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल परीक्षा के पेपर लीक स्कैंडल के पीछे रांची से लेकर पटना तक सरकारी अफसरों, कोचिंग संचालकों और धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय था. इस मामले में गिरफ्तार किए झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उनके दो बेटों ने छह अभ्यर्थियों को परीक्षा के पहले 27-30 लाख रुपये में पर्चे उपलब्ध कराए थे. जेएसएससी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दोनों बेटों शहजादा और शाहनवाज को रांची सिविल कोर्ट में पेशी के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. तीनों को नगड़ी थाना क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार किया गया था.

**मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी की भी संलिप्तता :** झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल परीक्षा के पेपर लीक मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी मोहम्मद रिजवान की भी संलिप्तता सामने आयी है. रिजवान गिरफ्तार अवर सचिव का दामाद है. उसकी गिरफ्तारी के लिए एसआइटी ने पटना के अनीसाबाद स्थित उसके घर में छापा मारा, तो वह फरार मिला. पुलिस के अनुसार, जेएसएससी पेपर लीक के पहले मामले में अपनी संलिप्तता से गिरफ्तार अवर सचिव मोहम्मद शमीम ने इंकार किया था पर बाद में जब पुलिस ने सबूत पेश किए तो उसने कई जानकारियां पुलिस को दी. मोहम्मद शमीम ने बताया कि जेएसएससी पेपर लीक मामले में छह अभ्यर्थियों से डीलिंग हुई थी. सौदा 27 से 30 लाख में हुआ था. दो अभ्यर्थियों की परीक्षा 28 को हुई थी. परीक्षा से दो दिन पहले ही दोनों को पटना भेज दिया गया था. पटना में शमीम के दामाद रिजवान ने उनके रहने की व्यवस्था की थी. दोनों को परीक्षा के पहले ही उत्तर याद करा दिया गया था.

इसके बाद उन्हें सेंटर तक छोड़ा गया. एक अभ्यर्थी का सेंटर धनबाद और दूसरे का रांची में था. आरोपी ने दोनों अभ्यर्थियों का नाम और पता भी पुलिस को बता दिया है. ऐसे में उनकी तलाश की जा रही है. एसआइटी की टीम कार भी ढूंढ रही है. जेएसएससी पेपर लीक मामले में परीक्षा लेनेवाली एजेंसी सतवंत इंफो प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों से पूछताछ की जाएगी. इसके लिए आईपीएस के नेतृत्व में इंस्पेक्टर और दारोगा समेत चार लोगों की टीम चेन्नई गयी है. टीम यह जानकारी जुटाने की कोशिश करेगी कि कोई कर्मी इस मामले में शामिल है या नहीं.



### हंगामे के कारण जेएसएससी के तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी

गौरतलब है कि झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से 28 जनवरी को आयोजित कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था. इसके बाद कमीशन ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी. अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी. एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी. इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. अभ्यर्थियों की भारी संख्या की वजह से दो तिथियों 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा की तिथि तय की गई थी. पहली तिथि यानी 28 जनवरी को राज्य भर के 735 केंद्रों पर तीन अलग-अलग पत्रों की परीक्षा तीन पालियों में ली गई थी, जिसमें करीब तीन लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे. पेपर लीक के बाद दूसरी तिथि की परीक्षा भी स्थगित कर दी गई.

## सरकारी स्कूलों के कर्मचारी, प्रिंसिपल व शिक्षकेत्तर कर्मी भी होंगे लाभान्वित

# मास्टर साहबों के लिए खुशखबरी : जिस दिन होंगे रिटायर, उसी दिन मिलेंगे सभी लाभ

प्रमुख संवाददाता। रांची

सरकारी स्कूलों के मास्टर साहब, पदाधिकारी, कर्मचारी, प्रिंसिपल और शिक्षकेत्तर कर्मी जिस दिन रिटायर होंगे, उसी दिन उन्हें रिटायरमेंट बेनिफिट प्लान के तहत मिलने वाले सभी लाभ दे दिए जाएंगे. इस संबंध में स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से रिटायर होनेवाले पदाधिकारी, कर्मचारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित पावनाओं का भुगतान समय पर नहीं हो पाता है. इसके कारण उनके द्वारा कोर्ट में अपने पावनाओं के भुगतान के लिए वाद दायर किया जाता रहा है. इससे विभाग को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है.



### क्या है शिक्षा सचिव का निर्देश

- सेवानिवृत्ति की तिथि के तीन माह पूर्व सभी बकाया रहित प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए.
- **रिटायरमेंट के दिन ही सभी सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए.**
- विभागीय या अनुशासनिक कार्रवाई लंबित हो तो उसे भी हर हाल में 6 माह पूर्व तक निष्पादित कर लिया जाए.
- **क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में एक समर्पित कोषांग का निर्माण किया जाए.**
- सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को तिथिवार या माहवार सूची निकालकर निर्देशों के अनुपालन की मॉनिटरिंग की जाए.

### छोटू खरवार के दस्ते को लीड करने वाले प्रदीप से हुई पूछताछ

रांची। छोटू खरवार के दस्ते को लीड करने वाले माओवादी प्रदीप सिंह चेरो (खरवार)से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए )ने पूछताछ की. खबर है कि रांची की एनआईए ब्रांच ने प्रदीप सिंह से चार दिनों तक पूछताछ की है. इस दौरान एनआईए को कई अहम जानकारियां मिली हैं. जान लें कि लातेहार पुलिस ने छह दिसंबर 2023 को सदर थाना क्षेत्र के बरियातू जागीर जंगल से पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया था. दरअसल टॉप माओवादी कमांडर प्रदीप सिंह खरवार को नक्सली कमांडरों ने जीपीएस नाम दिया है. प्रदीप सिंह खरवार को लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ापहाड़ के इलाके के एक-एक पहाड़ और जंगल की जानकारी है. उसने माओवादी के टॉप कमांडर रवींद्र गंझू और छोटू खरवार के बारे में पुलिस को कई जानकारियां दी हैं. प्रदीप सिंह पर लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ापहाड़ के इलाके में कई हमलों को अंजाम देने का आरोप है.

CLASSIFIED



























# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

बुधवार, 14 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 297

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# बसंत पंचमी पर आज रहेगी मां सरस्वती पूजनोत्सव की धूम

▪ विविध थीम पर आधारित पंडालों में आभा बिखेरेंगी मां शारदे

▪ कहीं हंस तो कहीं मयूर पर विराजमान मां के होंगे दर्शन

राजन बॉबी। रांची

माघ शुक्ल पक्ष पंचमी बुधवार को विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजनोत्सव की चहुंओर धूम रहेगी. मौसम की बेरुखी के बावजूद आस्था और भक्ति का यह पावन पर्व पूरे उल्लास से मनाया जाएगा. घरों सहित शैक्षणिक संस्थानों में नेम-निष्ठा से मां शारदे की पूजा-अर्चना की ही जाएगी. गली-कूचों से लेकर चौक-चौराहो पर भी धूमधाम से पूजनोत्सव मनाया जाएगा. कहीं मयूर तो कहीं कमल और हंस पर विराजमान विद्यादायनी की मनोहारी प्रतिमाओं की छटा देखते ही बनेगी. मंगलवार को कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश के बाद भी देर रात तक विद्यादायनी के भक्त मां का दरबार सजाते रहे. मूर्तिकारों के यहां से प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला देर रात तक चला. अब बसंत पचंमी के दिन विविध थीम पर आधारित छोटे-बड़े पंडालों में मां आभा बिखेरेंगी. विद्यार्थी पूरे मनोयोग से ज्ञान और बुद्धि की देवी मां शारदे की भक्ति में रमे रहेंगे.



## शुभकारी रहेगा पीला वस्त्र पहनना

बसंत पंचमी पर पीले रंग का वस्त्र पहनना, पीली चीजों का सेवन, पीली वस्तुओं का दान और पीले फूल से मां की पूजा-अर्चना करना अति शुभफलदायी माना गया है. पीला शुभता, समृद्धि और खुशी का प्रतीक माना जाता है. सूर्य देव का रंग भी पीला है, जो को ऊर्जा और जोश का प्रतीक हैं. आचार्य अजय मिश्रा बताते हैं कि मां शारदे को भी पीला अति पसंद है. मां के आशीर्वाद से व्यक्ति बुद्धिमान और कला में निपुण होता है. अतः इस दिन पीला धारण करना अति फलदायी होगा.

## बसंत पंचमी का मान दिनभर

आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज ने पंचांगों की गणना कर बताया कि इस बार उदया तिथि में पंचमी मिलने से इसका दिनभर मान रहेगा. 13 फरवरी को पंचमी तिथि दोपहर 2.41 मिनट पर लग जाएगी, जो दूसरे दिन दोपहर 12.09 मिनट कर रहेगी. इसलिए सरस्वती पूजनोत्सव बुधवार को मनाना शास्त्रसम्मत होगा. उन्होंने बताया कि दिनभर मान होने से पूजन के लिए समय का बंधन नहीं है. लेकिन सुबह 07:01 से लेकर दोपहर 12.35 बजे तक मां की पूजा-अर्चना का अति शुभ मुहूर्त है.

## 5 सौ की प्रतिमा बिक रही हजार में

सरस्वती पूजा में इस बार महंगाई की मार अत्यधिक है. पांच सौ की प्रतिमा इस बार हजार रुपए में बिक रही है. फल-फूल से लेकर पूजन सामग्री के भाव भी गत वर्ष की अपेक्षा बढ़े भाव में लेना पड़ रहा, क्योंकि इसमें भी 10 से 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. शिल्पकार आनंद मंडल और पिंटू मंडल बताते हैं कि पहले की अपेक्षा साज-सजावट के समान के दाम चार गुणा बड़ गया है. ऐसे में मूर्ति निर्माण में अत्यधिक लागत आ रही है. दोगुना दाम में बेचने पर भी बचत पहले जैसी नहीं मिल पाएगी.

**बिजी रहेंगे पंडित जी :** सरस्वती पूजा के लिए यदि पहले से पुरोहित तय नहीं किया गया, तो ऐन वक्त पूजारी मिलना मुश्किल हो जाएगा. क्योंकि घरों और सैकड़ों पूजा पंडालों में पूजन कराने के लिए विद्वानों की भारी कमी रहेगी.



फोटो : रमीज

## ब्रीफ खबरें

### आज छुट्टी, पर खुला रहेगा ग्रामीण विकास विभाग

**रांची।** सरकार ने कार्यपालक आदेश के तहत बसंत पंचमी के मौके पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा कर रखी है. बसंत पंचमी के मौके पर राज्य सरकार के दफ्तरों में छुट्टी रहेगी, लेकिन ग्रामीण विकास विभाग खुला रहेगा.विभाग के खुले रहने का आदेश डिप्टी सेक्रेट्री के आदेश से जारी कर दिया गया है. राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को गति देने के लिए विभाग खुला रहेगा.

### चंपाई कैबिनेट की तीसरी बैठक कल

**रांची।** चंपाई सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक गुरुवार को शाम 5 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित में होगी. बैठक में विस का बजट सत्र आहूत करने सहित कई अन्य प्रस्तावों पर निर्णय होगा. कैबिनेट के निर्णय की प्रत्याशा में राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, राज्यपाल ने मुहर भी लगा दी है. बजट सत्र 23 फरवरी से 2 मार्च तक आहूत है, जिसका कार्यक्रम सरकार ने जारी कर दिया है.

### न्याय यात्रा आज गढ़वा में, राहुल नहीं होंगे

**रांची।** पलामू और गढ़वा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को पहुंच जाएगी. लेकिन यहां यात्रा में इस बार राहुल गांधी नहीं होंगे. उनकी जगह पार्टी के नेता जयराम रमेश और कन्हैया कुमार आगे की यात्रा संचालित करेंगे. सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है. कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई शीर्ष नेता कैंप कर रहे हैं.

**मौसम का मिजाज:** आज के लिए भी जारी है येलो अलर्ट, 16 फरवरी से खुलेगा मौसम

# रांची समेत पूरे राज्य में बारिश

### गर्जन के साथ हुई ओलावृष्टि

शुभम किशोर रांची

पश्चिमी विक्षोभ ने झारखंड का मौसम बदल दिया है. राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में बारिश से मौसम में बदलाव देखने को मिला. रांची में सोमवार की देश शाम से लगातार बारिश हुई. जो मंगलवार को भी जारी रही. पूरे दिन बादन छाए रहे. इस दौरान राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार के लिए राज्य के 4 जिलों में ऑरेंज व 5 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया था. मौसम विभाग के अनुसार 14 और 15 फरवरी को भी बारिश की संभावना है. बुधवार को झारखंड के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. वहीं 16 फरवरी से मौसम साफ होने का पूर्वानुमान है.

पिछले 24 घंटों में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 40.0 एमएम मांडर (रांची) में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री गोड्डा में दर्ज किया गया. राज्य में अगले 3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद बादल छटने के बाद अगले 2 दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है. उसके बाद मौसम में बदलाव आएगा. धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगेगा.



**पूरे राज्य में हो रही रुक-रुक कर बारिश :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सोमवार देर रात से हो रही बारिश मंगलवार को भी जारी रही. असमय बरसात से पूरे राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. राज्य के कई इलाकों में ओलावृष्टि की भी खबर है. मौसम वैज्ञानिकों ने गुरुवार से मौसम साफ होने की बात कही है.



### शहर का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 | 16 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 17.6 |
| डाल्टेनगंज | 28.8 | 16 |
| बोकारो थर्मल | 29.1 | 15.6 |
| चाईबासा | 30.4 | 16.4 |
| देवघर | 28.7 | 15.3 |
| गिरिडीह | 27.8 | 16.8 |
| गढ़वा | 27.2 | 16.1 |
| लोहरदगा | 27.5 | 15.0 |
| गोड्डा | 27.9 | 13.1 |

### कहां कितनी बारिश (मिमी में)

मांडर- 40, कुरु -24.8, बालूमाथ -23.6, नौडीहा बाजार-15, गुमला विष्णुपुर -लोहरदगा -10, चैनपुर-10, लोहरदगा -9.2, गढ़वा -8.5, रामगढ -8.2 लेस्लीगंज -7.4, पनकी -7.1, सिसई -6.6, रांची -6.4, मांडू -6.4, भरनो -6.2, नामकुम-5.5, ओरमांझी -5.4, टाटीसिल्वे-5.3, रामगढ़ -5.2, घाघरा -4.9, गढ़वा-4, हेंडीगिर -3.8, बरकिसूर्या -2.6, बरही -2.3

# हेमंत की लोकप्रियता बढ़ी

### गिरफ्तार होने के बाद सोशल मीडिया फॉलोअर बढ़े

कौशल आनंद। रांची

जमीन घोटाले मामले में ईडी के गिरफ्त में आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ है. एक्स हैंडल पर उनके फ्लोअर की संख्या 1 मिलियन पार कर गया है, वहीं फेसबुक एकाऊंट 1 मिलियन के करीब पहुंचने वाला है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार झारखंड का कोई भी नेता इस संख्या को अभी तक पार या इसके करीब नहीं पहुंच पाया है. बतातें चलें कि हेमंत सोरेन



के जाने के बाद उनके सोशल मीडिया एकाऊंट उनकी पत्नी कल्पना सोरेन खुद संभाल रही हैं. जिसमें वह हर दिन कुछ ऐसा पोस्ट कर रही हैं जिसे बहुत अधिक पंसद किया जा रहा है. साथ ही समर्थन भी मिल रहा है.

# देश भर के नामचीन हास्य कवियों का लगेगा जमघट


▪ हरमू रोड के मारवाड़ी भवन में हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का होगा आयोजन

संवाददाता। रांची

23 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन की तैयारी शुरू हो गयी है. हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन होगा, जिसमें देश के नामचीन कवि-कवयत्रियों ने आने स्वीकृति दे दी है. आयोजन समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ के अनुसार आयोजन की तैयारी को लेकर अग्रसन भवन में हुई बैठक में सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गयी.

**दिल्ली से सुरेंद्र शर्मा, लखनऊ से साक्षी तिवारी आएंगे :** उन्होंने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में दिल्ली से सुरेंद्र शर्मा, अनिल अग्रवंशी, लखनऊ की साक्षी तिवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी सहित कई कवि शामिल होंगे. कविताओं के जरिए ये कवि होलियाना अंदाज में लोगों को गुदगुदाएंगे. इसके सफल आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है.

**सुरेश चंद्र अग्रवाल संयोजक :** संजय सर्राफ ने बताया कि अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न उपसमितियों का गठन कर जिम्मेवारी सौंपी गयी. सचिव अनिल अग्रवाल ने एक वर्ष की गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी दी. मौके पर सुरेश





चंद्र अग्रवाल को संयोजक बनाया गया. मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष लोधा, सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल, सनी टिबड़ेवाल, अंकित बजाज, अमित चौधरी, रौनक झुनझुनवाला और निर्भय शंकर हरित सहयोगी सदस्य होंगे.

**सदस्यों मिली जिम्मेवारी:** सर्राफ ने बताया कि आयोजन के लिए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेवारी सौंपी गई हैं. अनिल अग्रवाल को मंच व्यवस्था, किशोर मंत्री व कमल जैन को स्वागत समिति, मनीष लोधा व अमित चौधरी को कार्यालय, सुरेश चंद्र अग्रवाल को मंच संचालन, ललित पोद्दार को धन व्यवस्था व पवन शर्मा को प्रशासनिक जिम्मेवारी मिली है. बैठक में अनिल अग्रवाल, विनोद जैन, राजेश भरतिया, पवन पोद्दार, ललित पोद्दार, मनोज चौधरी, मनीष लोधा आदि मौजूद थे.

# पीएमओ का अफसर बता आईजी को ठगने पहुंचा युवक गिरफ्तार

▪ लोहरदगा के रहनेवाले युवक ने खुद को पीएमओ के प्रिंसिपल सेक्रेट्री का ओएसडी बताया था

संवाददाता। रांची

खुद को पीएमओ के प्रिंसिपल सेक्रेट्री का ओएसडी बता रांची में आईजी से ठगी करने पहुंचे मनीष साहू नाम के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. युवक को डोरंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया. बता दें कि सोमवार को लोहरदगा निवासी मुख्य आरोपी मनीष साहू सहित चार युवक पीएमओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का ओएसडी बनकर आईजी से मिलने पहुंचे थे. आईजी को शक हुआ, तो पीएमओ से संपर्क कर मनीष साहू के बारे में पता किया.वहां से बताया गया कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति पीएमओ में प्रिंसिपल सेक्रेटरी का ओएसडी नहीं है. इसके बाद आईजी ने डोरंडा थाना को सूचित कर सभी को गिरफ्तार कर जांच का आदेश दिया.

**युवकों से थाने में हो रही पूछताछ :** डोरंडा पुलिस ने लोहरदगा के युवक मनीष साहू को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उसके साथ गए और तीन युवकों से पुलिस पूछताछ जारी है. पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी करता था और रांची आकर किसी योजना के तहत इस तरह की आपराधिक गतिविधि में शामिल हुआ. तीनों युवकों से पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा आखिल गिरफ्तार मनीष साहू की मंशा क्या थी. साथ गए युवकों से पूछताछ के आधार पर ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी.

**दो टूक** माकपा राज्य कमेटी की हुई बैठक में 16 के मजदूर-किसानों के आंदोलन का समर्थन करने का निर्णय

# हेमंत को गिरफ्तार कर सरकार गिराने की कोशिश रही विफल : वृंदा

▪ केंद्र सरकार द्वारा भाजपा विरोधी राज्य सरकारों को बुरी तरह से परेशान किया जा रहा है.

संवाददाता। रांची

पूर्व सांसद एवं माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा कि मोदी जी की गारंटी का मतलब है, बेरोजगारी, बढती महंगाई, मेहनतकशों के जीवन जीविका पर संकट और कार्पोरेट घरानों को लूट की छूट. आज वैसे नेता जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं लेकिन उनके भाजपा में शामिल हो जाने से वे पूरी तरह दूध के धुले हो जाते हैं. आज केंद्र सरकार द्वारा भाजपा विरोधी राज्य सरकारों को बुरी तरह परेशान किया जा रहा है.



केंद्र द्वारा उन राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी कर उन्हें संकट में डालने की साजिश की जा रही है. यह बात मंगलवार को माकपा राज्य कमेटी की बैठक के बाद मेन रोड स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार षडयंत्र कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर झारखंड में राजभवन के सहयोग से सरकार गिराने का खेल खेलने की विफल कोशिश की गई इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम होगी. आज भाजपा जैसा सोच रही है कि आम चुनाव का परिणाम उसके पक्ष में जाएगा वैसा नहीं होने जा रहा है, क्योंकि आम जनता, मजदूर - किसान समेत सभी तबके भाजपा और मोदी सरकार की जनविरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन का रास्ता अपना रहे हैं. 16 फरवरी को किसानों मजदूरों द्वारा आयोजित होने वाली देशव्यापी जन कार्रवाई इसका ताजा उदाहरण है.

### केंद्र सरकार से एचईसी को बचाने की गुहार

सीपीआई (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि पार्टी राज्य कमेटी एचईसी के मजदूरों और अधिकारियों द्वारा प्लांट को बचाने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन का समथर्थन किया है. मजदूरों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए केंद्र सरकार से मांग की गई कि वह अविलंब एचईसी को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराते हुए कारखाना में उत्पादन शुरू कराने की दिशा में पहल करे, बकाया वेतन का भुगतान किया जाए और कारखाने का आधुनिकीकरण किए जाने की पहल की जाए. राज्य कमेटी की बैठक की अध्यक्षता सुरजीत सिन्हा ने की.

### सीट बंटवारे को ले मंथन

प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ बैठक के बाद पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि झारखंड में सीट बंटवारे को लेकर मंथन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय कमेटी की बैठक में तय किया गया था कि राज्य में जो भी बड़ी पार्टी है उसी के नेतृत्व में सीपीएम चुनाव लड़ेगी. हालांकि सीपीएम के नेताओं ने राजमहल से चुनाव लड़ने को लेकर तैयारी शुरू की है, किंतु पार्टी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है. पूर्व सांसद वृंदा करात अगले दो दिनों तक रांची में रहेंगी और लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- पीडियाट्रिक : डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीः डॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

## शहर में आज

1. एचईसी मुख्यालय में धरना, दिन के 8 बजे से
2. टॉक्स फोर्स की ट्रैफिकिंग पर कांफ्रेंस, होटल रेडिशन ब्लू में दिन के 10 बजे
3. भाजपा महिला मोर्चा का पदभार कार्यक्रम, हरमू भाजपा कार्यालय में दिन के 11 बजे
4. सीपीआई की प्रेस वार्ता मेन रोड स्थित कार्यालय में दोपहर 2 बजे
5. शहर के अन्य हिस्सों में दिन के 10 बजे से कार्यक्रम

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### विस में सुदेश रखेंगे कलाकारों की बात

**रांची।** जिस झारखंड राज्य में चलना ही नृत्य है और बोलना ही गीत उस राज्य की भाषा संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है. वर्तमान सरकार कलाकारों की ओर ध्यान नहीं दे रही है, इसके कारण झारखंड के कलाकार बेरोजगारी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं. आगामी 23 फरवरी को होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान झारखंड की फिल्म नीति एवं कलाकारों की कई योजना से वंचित रखने संबंधी बात पूर्व उपमुख्यमंत्री और सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो रखेंगे. झारखंड सिनेमा व कलाकार कल्याण संस्था के संयोजक रंजू मिंज ने पूर्व उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर झारखंड के कलाकारों की स्थिति एवं परिस्थिति से अवगत कराया है.

### सेवानिवृत्ति के दिन ही शिक्षकों को मिलेंगे लाभ

**रांची।** झारखंड स्कूली शिक्षा के प्रभारी शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह ने शिक्षकों एवं कर्मियों को सेवानिवृत्त होने के दिन ही उन्हें सभी प्रकार के मिलने वाले लाभ दिलाने के सख्त निर्देश दिए हैं. उन्होंने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशकों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों तथा जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेज कर इसे हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा है. अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निर्देश के अनुपालन में किसी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा. प्रभारी शिक्षा सचिव ने उक्त सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में इसके लिए अलग से सेल गठित करने के भी निर्देश दिए हैं.

## सड़क सुरक्षा माह की समाप्ति पर सेमिनार, सड़क की डिजाइन व साइन पर फोकस

# सुरक्षा उपायों से सड़क हादसों में लाई जा सकती कमीः कृपानंद

संवाददाता । रांची

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 की समाप्ति पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन रांची में किया गया. यह माह 15 जनवरी से 14 फरवरी तक 2024 घोषित किया गया था. होटल बीएनआर में आयोजित इस सेमिनार में परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने लोगों को सड़क सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि लोगों को सड़क सुरक्षा के उपायों से अवगत कराकर सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं कम की जा सकती हैं और लोगों की जान बचाई जा सकती है. इस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेमिनार 2024 का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली मृत्यु को कम करना है.

उन्होंने कहा कि सड़क की डिजाइन पर ध्यान देने की जरूरत है. कभी-कभी सड़क की डिज़ाइन दुर्घटना का कारण बनती है. इसलिए डीपीआर के अनुसार ही सड़कें बनाई जायें. सड़कों पर प्रॉपर साइनएज होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना को कम करने के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है. गाड़ियों की सभी जांच के बाद ही फिटनेस सर्टिफिकेट देना चाहिए. ड्राइविंग लाइसेंस देने से पहले सभी प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए.

सड़क सुरक्षा पर अधिकारियों ने रखे अपने विचार



संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने कहा कि मोटर यान अधिनियम की धाराओं को सही रूप से इंप्लीमेंट किया जाए और जनता के बीच सड़क सुरक्षा साइन जिसकी सही जानकारी और जागरूकता फैलाई जाए, तो सड़क दुर्घटनाओं में कई प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है. एडीजी झारखंड पुलिस संजय आनंद लाटकर ने कहा कि रोड सेफ्टी में इंजीनियरिंग, एजुकेशन और एनफोर्समेंट महत्वपूर्ण होता है. इंजीनियरिंग के तहत उन्होंने कहा कि सड़क के ब्लैक स्पॉट का आकलन कर उसे घटाने की आवश्यकता है. साथ ही नये ब्लैक स्पॉट की पहचान की जानी चाहिए, तो निश्चित तौर पर झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं एवं इससे होने वाली मृत्युदर में कमी आएगी. रोड सेफ्टी सेल के डीआईजी धनंजय सिंह ने कहा कि रोड सेफ्टी सेल से जुड़े सभी डिपार्टमेंट को बेहतर तरीके से कार्य करना होगा. सभी थानों को एम्बुलेंस , हॉस्पिटल आदि का फ़ोन नंबर रखना होगा, ताकि समय रहते दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा सके.

सेमिनार में उपस्थित वक्ताओं ने तकनीकी एवं मानवीय बिंदुओं पर सड़क सुरक्षा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कई प्रकार के उपायों के बारे में चर्चा की. कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में हरप्रीत सिंह (रोड्स ट्रैफिक सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम लीड ऑडिटर), सुभाष चंद्र (केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान) एवं डॉ प्रेरणा अरोड़ा सिंह ( निदेशक, सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, जयपुर) मौजूद रहे. जिसमें बताया गया कि भारत में हर वर्ष लगभग 80 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा बैठते हैं, जो पूरे विश्वभर में होने वाली कल मृत्यु का कुल 13 प्रतिशत है. अधिकतर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती है या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता के अभाव के कारण. इसलिए सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह अतिआवश्यक है.

### रांची जिले को उत्कृष्ट जागरूकता पुरस्कार

पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु पाकुड़ जिला को पुरस्कृत किया गया. वहीं रांची जिला को 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024' के दौरान सबसे उत्कृष्ट जागरूकता कार्यक्रम करने का पुरस्कार दिया गया '. वर्ष 2023 में सर्वाधिक जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए गुमला जिला को पुरस्कृत किया गया. लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग के सभी कर्मियों को भी राज्य में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया. सेमिनार में मुख्य रूप से सचिव (परिवहन विभाग), एडीजीपी, डीआईजी (रोड सेफ्टी),संयुक्त सचिव (परिवहन विभाग), संयुक्त परिवहन आयुक्त (परिवहन विभाग), संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा), अवर सचिव (सड़क सुरक्षा), सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी मोटरयान निरीक्षक, सभी डीएसपी, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, बस एसोसिएशन ऑनर्स के अध्यक्ष, परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा के सभी कर्मी मौजूद थे.

# 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड को ए टू जेड तक लूट लिया : प्रतुल

संवाददाता। रांची



### लगाए आरोप

- 4 वर्षों में आदिवासी-मूलवासी को सरकार ने सर्वाधिक लूटा
- शीघ्र सामने आएंगे कई और चौंकाने वाले नये किरदार

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्स एप चैट की जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि बड़गाईं की विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य एवं आलीशान बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी. प्रतुल ने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार, चैट में आर्किटेक्ट विनोद ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए हॉल का जो नक्शा बनाया है, उसमें उनको 'मिस्टर एक्स' कहकर संबोधित किया है. आगे कहा कि इसी 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड का 'ए टू जेड' यानी सब कुछ लूट लिया.

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि 4 वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार के ऊपर 70,000 करोड़ रुपयों के भ्रष्टाचार, लूट, खसोट का आरोप लगा. आदिवासी मूलवासी को सत्ता में अधिकार देने के नाम पर आयी सरकार ने इन्हीं समूहों को सर्वाधिक लूटा. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत खुद अभी रिमांड पर हैं. झारखंड में तो यह स्पष्ट है कि कि अभी सिर्फ पिछले 4 वर्ष हुई लूट का ट्रेलर चल रहा है, पिक्चर अभी बाकी है. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हास्यास्पद तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री के लिए रिमांड में सुख सुविधाओं की मांग कर रही है. सत्ताधारी दल यह भूल रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के संगीन आरोप में जेल गए थे और फिलहाल ईडी के रिमांड में उनसे पूछताछ हो रही है. वह किसी रिसोर्ट में छुट्टी नहीं मना रहे हैं. उन पर झारखंड को लूटने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिसकी जांच हो रही है.

प्रतुल ने कहा वंशवादी राजनीतिक दलों में ऐसा ही होता है कि इसके नेता और कार्यकर्ता अपने आपको कानून से ऊपर समझते हैं. झामुमो जिस तरीके से रिमांड की अवधि को बढ़ाने पर आपत्ति कर रही है, यह सीधे तौर पर न्यायालय के कार्य में हस्तक्षेप है. वैसे भी इन वंशवादी राजनीतिक दलों के लिए सहूलियत के हिसाब से चीजें तय होती हैं. उनके पक्ष में फैसला आया तो न्यायालय निष्पक्ष, पक्ष में नहीं आया तो भेदभाव का आरोप. जिस तरीके से ईडी की पूछताछ चल रही है, संभव है कि इस लूट के 'महाखेला' के कई और नए चौंकाने वाले किरदार शीघ्र सामने आएंगे.

# संत जेवियर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### खास बातें

- झारखंड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग में छात्रों ने लहराया परचम
- लादुरा चाकी ने स्वर्ण व डेनिस नीर लकड़ा को सिल्वर मेडल

संवाददाता । रांची



झारखंड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 में संत जेवियर्स कॉलेज रांची के छात्रों ने मेडल जीता. डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने कुल 255 किलो का भार उठा कर फुल पॉवर लिफ्टिंग में सिल्वर व बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक हासिल किया है. पुरुष के विभिन्न श्रेणी में लादुरा चाकी ने स्वर्ण, डेनिस नीर लकड़ा ने सिल्वर व ललित नारायण सिंह ने कांस्य पदक जीता. महिला एकल से अपुरबा सौम्य ने कुल 265 किलो वजन उठा कर रजत पदक हासिल किया. मेडल जीतने वालों में मास्टर केटेगरी से कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनिर्बान गुप्ता, छात्रों में पुरुष एकल सब जूनियर केटेगरी से ललित नारायण सिंह लागुरी, सूरज तिग्गा व मानस जायसवाल और लादुरा चाकी, जूनियर केटेगरी से डेनिस नीर लकड़ा और दीपक कुमार चंद्रवंशी शामिल रहे. वहीं महिला एकल से अपुरबा सौम्य कच्छप ने मेडल जीता. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा व उप प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने पदक विजेताओं को शुभेच्छा प्रदान कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.

### 2024 में भाजपा को सबक सिखायेगी जनता : लीग

**रांची।** इंडियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय सह सचिव और झारखंड प्रभारी सीके सुबैर ने प्रेस वार्ता में कहा कि देश की जनता 2024 में भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड के स्टेट काउंसिल मीट में हम आए हुए हैं, जहां झारखंड की नई स्टेट काउंसिल की टीम बनाई गई है. एयूएमएल इंडिया गठबंधन के साथ पूरे देश में फासिस्ट ताकतों को दूर करने का लगातार प्रयास करेगी. भाजपा भारत में मंदिर-मस्जिद के आधार पर देश को बांट रही है. एयूएमएल केरल, तमिलनाडु, आंध्र और झारखंड में मजबूत स्थिति में है. इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर झारखंड में ओबीसी, माइनॉरिटी दलित के लिए लगातार आंदोलन करेगी.

## एनएसयूआई ने सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

# राजनीतिकरण बंद करें भाजपा : हाशमी

### साधा निशाना

- भाजपा नहीं चाहती है कि मामले का जल्द उद्भेदन हो
- राज्य सरकार से दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

संवाददाता। रांची




एनएसयूआई की बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन में हुई. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा कि सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है. जिस तरह जानबूझ कर छात्रों के भविष्य के साथ राजनीतिकरण किया जा रहा है, इससे साफ जाहिर भाजपा नहीं चाहती कि मामले का जल्द उद्भेदन हो और परीक्षा पुनः ली जाए.

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है. एनएसयूआई राज्य सरकार से मांग करती है कि पेपर लीक मामले में शामिल सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर मिसाल कायम करें, ताकि भविष्य में आने वाली सभी भर्तियां सुचारू रूप से हो सके और झारखंड के छात्रों को उनका हक मिल सके. मौके पर प्रदेश संयोजक मुसर्रफ हुसैन, रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमन अहमद, सिद्धार्थ राज, धनबाद जिला अध्यक्ष चौधरी गोपाल कृष्णा, देवेंद्र पासवान, आकाश, सोहैल आदि छात्र नेता मौजूद थे.

# किसानों को प्रताड़ित करना बंद करे सरकार : सीपीआई

- 16 फरवरी के हड़ताल और बंद को सड़क पर उतर कर समर्थन करेगी सीपीआई
- 024 के लोकसभा चुनाव में किसान इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय सिंह ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा किसानों की मांग पर केंद्र सरकार की वादाखिलाफी एवं ढुलमुल नीति के खिलाफ शांतिपूर्वक अपनी मांगों के सवाल पर दिल्ली प्रदर्शन करने जा रही है. किसानों को दिल्ली से पहले 200 किमी पहले सिंधु बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस के द्वारा रोकना, उन पर ड्रोन से अश्रु गैस का गोला की बरसात करना, सड़क पर बैरेकेडिंग, कांटेदार जाली का बाड़ और लोहे की कीलें को ठोकना,यातायात बाधित करना आदि दर्शाता है कि किसानों के आंदोलन से केंद्र सरकार भयभीत हो गई है. अपने देश के किसानों के साथ दुश्मन देश की सेना को तरह व्यवहार कर रही है, जो कि निंदनीय है. उन्होंने यह भी कहा कि सीपीआई किसानों के आंदोलन के साथ खड़ी है और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत 16 फरवरी के हड़ताल और बंद को सड़क पर उतर कर समर्थन करेगी. उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि अन्नदाता का अपमान नहीं करें. अगर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोका जाएगा, तो किसान 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंक किसान समर्थित सरकार बनाकर अपनी मांगों को पूरा करेंगे.

# कौशल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती पर जोर

- स्किल गैप एनालिसिस पर उद्योग प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श

संवाददाता । रांची



आइपीई ग्लोबल लिमिटेड (अंतरराष्ट्रीय विकास क्षेत्र परामर्श संगठन) और जेएसएलपीएस ने संयुक्त रूप से झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के सहयोग से प्रोजेक्ट भवन के सभागार में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, जियाडा के प्रबंध निदेशक शशि रंजन, पैनलिस्ट के तौर पर जेएसएलपीएस के सीइओ राकेश कुमार और हसनैन वारसी शामिल थे.

जिसमे अर्ध कुशल और कुशल श्रम बल की आपूर्ति में प्रमुख बाधाएं, उन चुनौतियों को दूर करने के कदम और राज्य में कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में उद्योग जगत कैसे समर्थन कर सकता है, इसपर विस्तृत चर्चा की गई. चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने प्रदेश में श्रम और रोजगार की स्थिति, उद्योग में स्वचालन के प्रभाव और औद्योगिक विकास के लिए तत्परता पर अपने विचार साझा किये. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लोगों को दी जा रही स्किलिंग को प्रदेश के उद्योगों के अनुकूल बनाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी की रुचि और उद्योगों की जरूरत के अनुसार स्किलिंग करना बेहद जरूरी है.

कहा कि उद्योगों के पास प्रशिक्षण देने के लिए पर्याप्त संसाधन और समय उपलब्ध नहीं हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे में यह प्रतीत होता है कि कौशल विकास विभाग द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग उद्योगों की जरूरतों के अनुकूल नहीं है, उन्होंने ऑन जॉब ट्रेनिंग देने की बात भी कही.

## वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर सभी बीडीओ को पत्र जारी

# 20 फरवरी से पंचायतवार शिविर

संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर रांची जिले में 20 फरवरी से पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर रांची जिला के सभी बीडीओ को शिविर के आयोजन को लेकर पत्र जारी किया गया है. पत्र में कहा गया है कि 14 से 19 फरवरी 2024 तक पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा.

20 से 22 फरवरी तक पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्र में अंचल स्तर पर 20 से 26 फरवरी के बीच शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान संभावित लाभुकों को पेंशन आवेदन प्रपत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा. साथ ही प्रचार-प्रसार के लिए पंचायत स्तर पर पोस्टर, बैनर कार्य के लिए मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बूथ लेवल ऑफिसर को लगाया जाएगा. आवेदन हेतु प्रचार-प्रसार करने एवं आवेदन पत्र संग्रहण में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य का भी सहयोग लिया जाएगा.

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, एचआईवी/ एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत समाज के वंचित, पिछड़े एवं असहाय तबके के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से योजना अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना कार्यान्वित है. इसके तहत राज्य के वृद्धों, विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, एचआईवी/ एड्स पीड़ित व्यक्तियों, आदिम जनजाति समूह के परिवारों को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है.

# शिक्षा सचिव के साथ एमएसीपी मोर्चा की हुई सकारात्मक वार्ता



संवाददाता । रांची

एमएसीपी संघर्ष मोर्चा की पहल पर राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संगठनों के तमाम पदधारियों के साथ राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह के साथ गहन वार्ता मंगलवार को हुई. वार्ता के मुख्य बिंदु राज्य के शिक्षक समस्याओं एवं राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उन तमाम पहलुओं पर समाधान आदि शामिल थे. प्रतिनिधियों में मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, अरुण कुमार दास ,अमरनाथ झा, राजेंद्र शुक्ला, विजय बहादुर सिंह, आशुतोष कुमार , गंगा प्रसाद यादव, राम मूर्ति ठाकुर, अनूप केसरी, नसीम अहमद आदि मौजूद थे.















## वीर बुधु भगत की शहादत दिवस

**रांची ।** स्वतंत्रता सेनानी के अग्रणी नायक अमर शहीद वीर बुधु भगत ने अपने युवा काल में अपनी तलवार से अपना सिर कलम कर 13 फरवरी 1832 में शहादत दी थी. उनके सम्मान में हर वर्ष अमर शहीद वीर बुध चौक मंगलवार को हुही मोचो के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें अमर शहीद भगत के वंशजों एवं अमर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति सिलागई के पदाधिकारी एवं ग्रामिणों द्वारा लायी गई वीर वीर पानी एवं मिट्टी द्वारा विधि-विधान के साथ सुखाड़ी पहान एवं शिबू पहान द्वारा बुधु भगत की स्मारक प्रतिमा की पूजा अर्चना एवं सामूहिक प्रार्थना की गई.




### अन्नदाताओं के साथ हो रहा अन्याय, हम चुप नहीं रहेंगे

# किसानों पर आंसू बम तानाशाह शासक के घोर अंहकार का है प्रतीक : कांग्रेस

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस ने देश के अन्नदाताओं पर मोदी सरकार द्वारा दमनकारी नीतियों का पुरजोर विरोध किया है. किसानों पर बरसाए जा रहे हैं आंसू गैस को पार्टी ने तानाशाह शासक के अहंकार में डूबने का प्रतीक माना है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि मोदी सरकार पार्ट 2 भीषण अन्याय काल का गवाह है. देश के युवा वर्ग,नारी, किसान के अलावा समाज का अन्य तबका भी न्याय की मांग कर रहा है. लेकिन केंद्र सरकार कान में तेल डालकर सो रही है. मोदी सरकार के इसी अन्याय खिलाफ राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया जा रहा है. जिससे समाज में जन जागरण का अभियान चल रहा है.



### मोदी की कथनी और करनी में अंतर है : कांग्रेस

इससे आगे उन्होंने कहा कि एक तरफ अपने लिए न्याय की मांग कर रहे किसानों पर दमनपूर्वक कार्रवाई की जा रही है तो दूसरी तरफ मोदी इन सबको नजरअंदाज कर विदेश भ्रमण कर रहे हैं. मोदी की कथनी व करनी में अंतर के चलते ही देश का किसान समुदाय फिर से एक बार सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गया है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आश्वासन के बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित कर सरकार से न्याय पाने की आस लगा रखी थी. मगर एक तानाशाह शासक की तरह मोदी ने उनके दमन की कार्रवाई शुरू कर दी है. किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए दिल्ली की सीमाओं की जिस तरह घेराबंदी की गई है. उससे ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार और उनके सरपरस्त अपने ही देश की जनता के खिलाफ एक अघोषित युद्ध की तैयारी कर चुके हैं.

शांति ने कहा कि मोदी सरकार को देर सबेर देश की जनता को न्याय देना ही होगा और कांग्रेस इसके लिए सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी. कहा कि केंद्र सरकार के इन्हीं अन्यायों के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर न्याय यात्रा का दूसरा चरण झारखंड में प्रारंभ किया जाएगा,जो 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ से झारखंड में गढ़वा जिले के गोदरमाना से प्रवेश करेगी और रंका गढ़ फाटक, गढ़वा शहर बाजार, बी मोड़ होते हुए पलामू जिले के नावा बाजार में पहुंचेगी, जहां रात्री विश्राम होगा. फिर 15 फरवरी को जपला मोड़ छतरपुर होते हुए हरिहरगंज पहुंचेगी, जहां से यात्रा बिहार में प्रवेश करेगी.













## केसी रॉय मेमो. स्कूल में 'फेस्टा रिसाउंड-2024' का आयोजन




संवाददाता ।रांची

रातू स्थित लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ. विद्यालय के वरीय अध्यापिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया.

**लाइव कंसर्ट में झुमे छात्र-छात्राएं :** इस अवसर पर झारखंड के सुप्रसिद्ध बैंड स्पर्श 2.0 ने लाइव कंसर्ट प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के दौरान "पापा कहते हैं" और "ओम शांति ओम "जैसे गानों पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अध्यापक-अध्यापिकाएं झूमने पर मजबूर हो गए. कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सम्पूर्ण वातावरण में समा बांध दिया.

### कठिन परिश्रम और अनुशासन सफलता का मूल मंत्र : प्राचार्य

स्कूल के निदेशक प्रणव रॉय, प्राचार्य अभिषेक हरित और रांची के प्रसिद्ध हिन्दी अध्यापक जमुना लाल द्वारा संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. निदेशक प्रणव रॉय ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा और जीवन के अन्य परीक्षा में सफलता व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. स्कूल के प्राचार्य अभिषेक हरित ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व स्व अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र है. वहीं अध्यापक जमुनालाल ने श्रीमद्भागवद गीता के सुप्रसिद्ध उक्ति "कर्मण्येवाधिकारस्ते" का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को कर्मपथ और पुरुषार्थ के बल पर अपना भाग्य-निर्माण का संदेश दिया.













## कला के उपयोग के साथ आप पुरस्कार भी जीतें : के रविकुमार



प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट को ले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में विभिन्न कोटि के कलाकारों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य कलाकारों चित्रकार, संगीतकार, गीतकार, सोशल इनफ्लुएंसर, फिल्म निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री आदि को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के बारे में जानकारी देना तथा प्रतियोगिता के नियमों से उनको अवगत कराना. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने उनसे कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब वे लोकतंत्र के महापर्व के प्रचार प्रसार में भागीदार बनकर न केवल कला का उपयोग कर सकते हैं, बल्कि उनके पुरस्कार जीतने का भी अवसर है. नेशनल वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की तर्ज पर झारखंड में भी वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट आयोजित किया जा रहा है जिसकी प्रविष्टियां भेजने के लिए सभी आयु के लोगों से अपील की जा रही है. बताया गया कि शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है.

**प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 31 मार्च :** इस प्रतियोगिता की आखिरी तिथि 31 मार्च 2024 रखी गई है. सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित किया करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा. सोशल मीडिया के लिए कुल 35 प्रतिशत का अधिभार तय किया गया है. कार्यशाला के समापन पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई. इस दौरान विभिन्न कलाकारों के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, विशाल कुमार, विवेक कुमार, सौरभ झा आदि मौजूद थे.






# मां त्रिशक्ति मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलशयात्रा

संवाददाता। रांची

मां त्रिशक्ति देवी मंदिर, पहाड़ी मंदिर के तीन दिनी चौथे वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. इसमें 201 महिलाओं संग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. दिन के दस बजे जैसे ही यात्रा की शुरुआत हुई. देवी-देवताओं के जयकारे से वातावरण गूंज उठा. अगुवाई करते हुए मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों संग श्रद्धालु नाचते-झूमते बढ़ रहे थे. इनके बाद डीजे का वाहन सरक रहा था. साथ ही कलशधारी महिलाओं की लंबी कतार थी.

यात्रा पहाड़ी मंदिर लेन से निकल कर राणी सती मंदिर पहुंची. यहां कलश में पवित्र जल भरा गया. फिर जैसे ही वापसी की यात्रा शुरू हुई. बूंदा-बांदी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गयी. वर्षा की बूंद को इंद्रदेव का आशीर्वाद मान भक्तगण पूरे उत्साह से झूम उठे. सभी नाचते-झूमते और जयकारा लगाते हुए रातू रोड होते हुए वापस मंदिर आये. अब बुधवार को लाये गये जल से शुद्धि करने के बाद मंदिर का स्थापना पूजन किया जायेगा.

बसंत पंचमी के मौके पर दिन के दस बजे मां सरस्वती की भी विशेष अर्चना की जायेगी.



- कलश यात्रा की वापसी के समय हुइ झमाझम बारिश
- कल हवन-पूजन के बाद चलाया जायेगा भंडारा

## 501 महिलाएं उतारेंगी मां की आरती

मां त्रिशक्ति देवी मंदिर में विराजमान मां सरस्वती, लक्ष्मी और मां दुर्गा के समक्ष बुधवार की साढ़े छह बजे 501 महिलाओं द्वारा सामूहिक आरती उतारी जायेगी. खीर भोग प्रसाद रूप में बांटा जायेगा. उत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को दिन के 11 बजे हवन-पूजन के बाद वृहत रूप में भंडारा चलाया जायेगा. यह आयोजन भगत सिंह क्लब की ओर से किया जा रहा है. सुजीत सिंह ने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

### इन्होंने निभायी भागीदारी

निशांत यादव, मुनचुन राय, सुजीत सिंह, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, मनीष केशरी, अर्पित सिंह, गौतम वर्मा, संतोष ठाकुर, चंदन वर्मा, बिट्टू दिव्य, आर्य कुमार, दीपक कुमार, ऋषभ सिंह, रंजन वर्मा आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य रूप से भागीदारी निभा रहे हैं.

---

### वीर बुधु भगत चौक अरगोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ों लोग

# वीर बुधु भगत शहादत दिवस पर हुई सामूहिक प्रार्थना-पूजा



**खास बातें**

- सिलागाईं से लाया गया था वीर पानी और जन्मस्थल की मिट्टी
- शहीद की तस्वीर व पथलगड़ी पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**7 को वैशाली में रहेंगे सीएम**

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश के स्वंतंत्रता संग्राम के अग्रणी जन महानायक अमर शहीद वीर बुद्ध भगत ने देश के मान सम्मान एवं जल, जंगल, जमीन के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया. अपने साथ-साथ दो बेटे और दो बेटी हलधर, गिरधर और रूनिया -झुनिया भी शहीद हुए. युवा काल में अपने लोगों की रक्षा के लिए अपनी ही तलवार से अपना सिर कलम कर 13 फरवरी 1832 को महानायक वीर बुधू भगत ने शहादत दी थी. उनके सम्मान में हर वर्ष उनके चौक में शहादत दिवस मनाया जाता है.

विशेष संवाददाता। रांची

अमर वीर बुधु भगत शहादत दिवस पर सामूहिक प्रार्थना एवं पूजा-अर्चना की गयी. वीर बुधु भगत चौक अरगोड़ा में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बुधु भगत के वंशजों एवं अमर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति सिलागाईं के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों द्वारा लाये गये वीर पानी एवं जन्म स्थल की मिट्टी द्वारा विधि-विधान से अरगोड़ा मौजा के सुखाड़ी पाहन एवं शिबू पाहन द्वारा सामूहिक प्रार्थना एवं पूजा अर्चना की गई. इसके बाद बारी बारी से शहीद की तस्वीर एवं पथलगड़ी पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए.

**कार्यक्रम में कई हुए शामिल :** वीर बुधू भगत स्मारक समिति सिलागाईं चान्हों से शिव पूजन भगत, गोपाल भगत ,भउवा उरांव, डॉ. परमेश्वर भगत, प्रो. रामकिशोर भगत, रामधनी भगत, महादेव उरांव, हूही मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, विद्यासागर केरकेट्टा, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, राष्ट्रीय प्रचारिका रेणु तिर्की, प्रभात तिर्की, झरी लिंडा, अनिल तिग्गा, राजू तिग्गा, विशाल तिग्गा, दीपक तिग्गा, तानसेन गाड़ी, चम्पा कुजूर, पवन टोप्पो, सुमी तिर्की, अनीता असुर, मुन्नी लकड़ा, सोमारी गाड़ी, फागू पाहन, तारा तिग्गा, कांक्षी बाड़ा, डोली मिंज, संजय कुजूर, पंकज भगत एवं अन्य शामिल हुए.

## रांची विवि छात्रावास में मां शारदे की पूजा आज, तैयारियां हुई पूरी



संवाददाता। रांची

रांची विवि छात्रावास में बुधवार को मां सरस्वती का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. सुबह पूजन-अनुष्ठान के बाद आम भक्तों के लिए पंडाल का पट खोल दिया जायेगा. दर्शनार्थी मां के दिव्य रूप का दर्शन करेंगे. पूजन के बाद देर शाम तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा जायेगा. यूजीसी छात्रावास संख्या तीन पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित नाग ने बताया कि प्रसाद वितरण के लिए तीन क्वींटल बुंदिया बनवाया गया है. पश्चिम बंगाल से आये मालाकारों द्वारा पूरे पंडाल में आकर्षक पुष्प सज्जा की जा रही है. साथ ही विद्युत सज्जा में भी कोई कसर नहीं छोटा जा रहा. सांझ ढलते पूरा पंडाल रंग-बिरंगी रौशनी से जगमगायेगा. उनहोंने बताया कि गुरुवार को मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा. नाग ने बताया कि यहां के अलावा यूजी छात्रावास संख्या एक, पीजी छात्रवास संख्या दो में भी मां शारदे की पूजा भव्य रूप में की जा रही है. डॉ सुभाष साहू, उपेंद्र संखवार, पंकज साहू, हेमंत महतो, बबलु साहू, विनोद सिंह, विवेक पाठक, विशाल शर्मा, अनुप ठाकूर, पप्पू साहू, शकलदीप कुमार, कमलेश महतो, दयानंद महतो, देवा महतो, निमाई महतो, डॉ ऋतु घासी, आशीष कुमार, जैक आर्यन, योगेश कुमार, विरेंद्र कुमार, जदूलाल चौधरी, पवन कुमार, सुरेंद्र महतो, राजेंद्र महतो, सौरभ कुमार, नवल साहू, मनीष महतो, राजू भाई आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

## विश्वासियों को महत्वपूर्ण संदेश देता है भस्म बुधवार

**चालीसा पर संदेश**

भस्म बुधवार हमें इस बात का स्मरण दिलाता है कि हम मिट्टी हैं और फिर मिट्टी में मिल जाएंगे. बाइबल का वचन है कि मनुष्य खाली हाथ आया है और खाली हाथ लौट जाएगा. इसलिए जरूरी है कि बुद्धिमान अपनी बुद्धि पर घमंड न करे. न बलवान अपने बन पर, न धनवान अपने धन पर घमंड करे, परंतु घमंड इस बात पर करे कि वह ईश्वर को जानता है, जो पृथ्वी पर करुणा, न्याय और धर्म का काम करता है और वह इन्हीं बातों से प्रसन्न रहता है. जब हम एक दुनियावी बात के घमंड में रहते हैं तो हम दूसरों को तुच्छ जानते हैं. दूसरों को मानसिक या शारीरिक हानि पहुंचाते हैं. ईश्वर जो सब मनुष्य का सृष्टिकर्ता है, वह चाहता है कि सभी एक दूसरे से प्रेम करें, न कि एक दूसरे को हानि पहुंचाएं. हम ईश्वर को प्रतिदिन धन्यवाद दें कि परमेश्वर ने हमारे इस नश्वर शरीर में अपना जीवन दिया है तथा प्रतिदिन वही एक नया रास्ता दिखाता है. संसार में ईश्वर ने हमें जो जीवन में दिया है, उसे हम भले कार्यों में संलग्न ( जुड़े ) रह कर व्यतीत करें, ना हम किसी को छेड़ें.ना किसी को हानि पहुंचाएं. जब पृथ्वी पर हमारा जीवन कुछ दिनों का है. हम खुद नहीं जानते कि हम कब तक जीवित है. हमारा जीवन समाप्त हो जाएगा. तो हम सभी लोगों के साथ भलाई करें. अनाथ, विधवा जैसे अभावग्रस्त लोगों की मदद करें. बाइबल का वचन यह बतलाता है कि एक दिन इन भले कामों का प्रतिफल जरूर मिलेगा. परंतु दूसरी और बुरे कामों का फल भी दण्ड के रूप में मिलेगा.



बिशप सिमांत तिर्की

### हेमंत के लिए जुटेंगे आदिवासी संगठन, करेंगे पूजा-अर्चना

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई करने को लेकर गुमला में 14 फरवरी को आदिवासी संगठन जुटेंगे एवं पूजा अर्चना करेंगे. केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने बताया कि सिरसी ता नाले सृष्टि स्थल पर इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की भांति सरना गुरु राजेश लिंडा और सिरसी ग्राम के दुलार मुंडा (पाहन)की अगवाई में झारखंड एवं अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में पूजा वा प्रार्थना के लिए सुबह 9:30 बजे पहुंचेंगे.

## सुदेश को दिया शिव बारात का न्यौता

**रांची।** श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को आजसू प्रमुख और पूर्व डिप्टी सीएम से मुलाकात कर उन्हें महाशिवरात्रि पर पहाड़ी मंदिर से निकलने वाली शिव बारात में शामिल होने का न्योता दिया. सुदेश महतो ने समिति के सदस्यों का आभार जताते हुए निमंत्रण स्वीकार किया.

साथ ही इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया. संयोजक जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष राजेश साहू, बारात प्रभारी मेहुल प्रसाद, संजय कुमार, गगन कुमार, प्रवक्ता बादल सिंह, सचिव राजकुमार तलेजा, कोषाध्यक्ष दीपक नंदा, वरीय उपाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, शुभाशीष चटर्जी ,कलाकार प्रभारी राम सिंह, स्वपना चटर्जी, पुनम जायसवाल, अर्चना मिर्धा, मीरा गुप्ता, मीरा सिंह, मीना देवी, अंशु तिवारी, दिलीप वर्मा, समीक्षा आदि निमंत्रण देने वालों में मुख्य थे.



## पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव आज निकाली जाएगी तिलक शोभायात्रा

संवाददाता। रांची

बसंत पंचमी के मौके पर बुधवार को पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. हिमालय परिवार की ओर से दोपहर बाद आर्यपुरी पंच देव शिव मंदिर से तिलक शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसमें शामिल श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते पहाड़ी मंदिर आयेंगे. यहां मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा, कबीर बाबा संग श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू राजू भैया के नेृत्व में समिति के पदाधिकारी और सदस्य वर पक्ष से सराती पक्ष से आये हिमायल परिवार के पदाधिकारियों और भक्तों का स्वागत करेंगे. सब की अगुवाई करते हुए मुख्य मंदिर ले जायेंगे. जहां नेम-निष्ठा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रृंगार-पूजन और आरती के साथ बाबा का तिलक चढ़ाया जायेगा. पुरोहित श्रीनंद कुमार पाठक ने बताया कि इससे पूर्व अर्यपुरी िस्थत मंदिर में पूजा-अर्चना और भंडारा का खास आयोजन किया जायेगा. संरक्षक दीपक गुप्ता, , पूर्व पार्षद सुनीता देवी रितेश पाठक, प्रेम साहू, अशोक बजाज, नवीन पपनेजा, संदीप जैन पप्पू और आरती मंडल की महिलाएं इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रही हैं.

**श्रीश्रीशिव बरात आयोजन समिति की तैयारियां पूरी**

श्रीश्रीशिव बरात आयोजन समिति भी बसंत पंचमी के दिन बुधवार को देवाधिदेव महादेव का तिलकोत्सव भव्य रूप में मनोगी. अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने बताया कि हरिओम मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी से गाजे-बाजे के साथ देवाधिदेव महादेव की तिलकोत्सव शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसमें शामिल श्रद्धालु नाचते-झूमते कॉलोनी का भ्रमण कर माउंट मोटर गली के रास्ते शिव मंदिर, इंद्रपुरी आयेंगे. यहां भोले बाबा का तिलक पूजन पुरोहितों द्वारा कराया जायेगा. रमेश सिंह ने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.




### टूर एंड ट्रैवल एसोसिएशन ऑफ झारखंड का स्थापना दिवस मनाया गया

**रांची।** टूर एंड ट्रैवल एसोसिएशन ऑफ झारखंड का स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया. मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरदीप सहाय समेत अन्य सदस्यों ने केक काटा. मौके पर श्री सहाय ने कहा कि 2015 में टूर एंड ट्रैवल एसोसिएशन ऑफ झारखंड का गठन किया गया था. आज यह आठ साल का हो गया. झारखंड में पर्यटन एक उद्योग बन सकता है. सरकार को इस दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत है. हर साल झारखंड में आने वाले टूरिस्टों की संख्या बढ़ रही है. झारखंड का पर्यटन आगे बढ़े, इस दिशा में एसोसिएशन सरकार के साथ साथ चलने को तैयार है. उन्होंने कहा कि हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर एसोसिएशन काम करेगी. इस कार्य में एसोसिएशन के सदस्य मिल कर काम करेंगे. मौके पर अनूप खलखो, पूनम मधु तांबा, जगजीत सिंह, अभय कुमार आदि शामिल थे.

## सुंदरकांड पाठ से गुंजायमान रहा श्रीश्याम मंदिर

संवाददाता। रांची



श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड का परिसर मंगलवार की शाम सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा से गुंजायमान रहा. पाठवाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों संग सस्वर पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. शाम सात बजे प्रभु की महाआरती उतारी गयी. प्रसाद वितरण के साथ मंदिर का 89वां साप्ताहिक पाठ संपन्न हुआ. इससे पूर्व राजेश कुमार सिंह, वर्षा सिंह, स्मृति सनाया ने हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर मिष्ठान और फलादि प्रसाद चढ़ाया एवं श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन-वंदन किया. मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. मौके पर उपिस्थित मुकेश मित्तल ने गिरीगोला, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा प्रसाद की सेवा निवेदित की. श्रीश्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल मोनू, स्नेह पोद्दार, पवन केडिया, श्याम सुंदर जोशी आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.



**बसंत पंचमी उत्सव आज :** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में बुधवार को बसंत पंचमी उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. इस मौके सुबह से देर शाम तक अभिषेक, श्रृंगार, पूजन के साथ विविध कार्यक्रम होंगे. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू नरेश का अभिषेक-पूजन कर उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराया जायेगा. विराजमान अन्य देवी-देवताओं और गुरुजनों को भी बसंती रंग का पोषक पहनाया जाएगा. श्रीश्याम का श्रृंगार भी पीले पुष्प से किया जायेगा. उन्होंने बताया कि खाटू धाम की परंपरा के अनुसार इस दिन खाटू नरेश के अंगवस्त्र की बदली की जाती है. उतारे गए अंगवस्त्रों को भक्तों के बीच बांटा जाता है. उस परंपरा का यहां भी निर्वहन किया जायेगा. नारसरिया ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे पूजन-आरती के बाद और शाम साढ़ चार बजे प्रभु के अंगवस्त्र का वितरण होगा. उन्होंने बताया कि राजकुमार नारसरिया, उषारानी नारसरिया, विवेक, सोनी, मनीष, ज्योति कुमारी इसमें मुख्य रूप से सेवा प्रदान करेंगी.

---

**चालीसा काल** पहले दिन राख बुधवार के मौके पर रांची के सभी गिरजाघरों में होगा विशेष प्रार्थना-अनुष्ठान

# ईसाई समुदाय के लिए महाउपवास काल का आगमन आज

संवाददाता। रांची

ईसाई समुदाय का पर्व चालीसा काल 14 फरवरी को प्रारंभ होगा. चालीसा व महाउपवास काल की शुरुआत राख बुधवार (भस्म बुधवार) से होगी. रांची के सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना एवं अनुष्ठान होगा. इस चालीसा काल में किसी भी तरह उत्सव कार्यक्रम नहीं किया जाएगा .चालीसा काल रविवार को छोड़ 40 दिनों का होता है. गुड़ फ्राइडे के दिन उपवास समाप्त हो जाता है. इस मौके पर सभी गिरजाघरों में विशेष आराधना-अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा. रोमन कैथोलिक कलीसिया के लोग अपने माथे पर राख का आशीष लगाते हैं. विशेष आशीष प्रदान करने के बाद श्रद्धालुओं के मस्तक पर क्रूस चिह्न के रूप में राख लगायी जाती है.




पुरुलिया रोड में संत मरिया महागिरजाघर में बुधवार को लोग अपने माथे पर राख का आशीष लगाते हैं. विशेष आशीष प्रदान करने के बाद श्रद्धालुओं के मस्तक पर क्रूस चिह्न के रूप में राख लगाएंगे. इस अवसर पर पांच मिस्सा होंगे. सुबह 5: 00 बजे पहली मिस्सा, 6: 00 बजे दूसरी मिस्सा, 8 :00 बजे तीसरा मिस्सा एवं शाम 3: 00 बजे चौथी मिस्सा, शाम 5 : 00 बजे पांचवीं मिस्सा होगी. पहली मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो होंगे. रांची के जीइएल चर्च में चालीसा काल में सुबह में 6: 30 में पहला संदेश बेंजामिन टोपनो देंगे एवं शाम के 5: 30 बजे, दूसरी संदेश बिशप सीमांत तिर्की कलीसिया विश्वासी को देंगे.

बता दें कि राख बुधवार से शुक्रवार तक आराधना होगी, जिनमें 15 फरवरी को जीइएल चर्च में प्रातः 6:30, एवं शुक्रवार को संध्या 5:30 होगी. रांची के बहूबाजार स्थित सीएनआई चर्च में चालीसा का मुख्य संदेश बिशप बीबी बास्के कलीसिया को देंगे.

### ईसाइयों के लिए राख का महत्व

**रांची।** ईसाई लोग राखबुध के दिन अपने माथे पर राख लगाकर ईस्टर रविवार के पूर्व चालीसा काल की शुरुआत करते हैं. उस बुधवार को वे 'राखबुध' भी कहते हैं. राखबुध के दिन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की जाती है, उसी दौरान उनके सिर या माथे पर राख से क्रूस का चिह्न बनाया जाता है. इस दिन वे विशेष प्रार्थना, उपवास और परहेज करते हैं. इसी दिन से चालीसा प्रारम्भ हो जाता है. इसे लेंट भी कहते हैं. यह 40 या उससे अधिक दिनों की समयावधि का होता है. यह काल ईसाई धर्मावलंबियों के लिए विशेष समय होता है. राखबुध से लेकर पूरे चालीस दिनों तक लोग प्रार्थना, त्याग, तपस्या, पुण्य काम, परोपकार, बाइबल पठन, पापों के प्रति पश्चाताप और अपने जीवन का मूल्यांकन करते हुए येसु के प्रेम, बलिदान, दुख, मृत्यु के रहस्यों का चिंतन करते हैं.



**राख का महत्व :** राख का अनेक अर्थ या महत्व है. राख प्रायश्चित का प्रतीक है. लकड़ी या पत्ते की राख मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने में सार्थक होता है. पौराणिक काल में इसे औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता था. यह शरीर क्षण भंगुर है और नश्वरता को प्रकट करता है. कलीसिआ अपने पापों का प्रयाश्चित चालीसा काल में करते है. यह अपने को याद दिलाने के लिए कि यह शरीर एक दिन राख बन जायेगा.

## लोयो सांढ़टोली में नवनिर्मित संत पीटर चर्च का उद्घाटन



संवाददाता। रांची

रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एवं बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने रांची कैथलिक महाधर्मप्रांत के नवाटांड़ पल्ली के लोयो सांढ़ टोली में संत पीटर गिरजाघर का उद्घाटन किया. उद्घाटन समारोह में ग्रामवासियों ने दोनों धर्माध्यक्षों का जोशीले अंदाज में स्वागत किया. आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने मिस्सा बलिदान कराया. बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने कहा कि लोयो सांढ टोली की कलीसिया छोटी है. किंतु आपलोगों का विश्वास बड़ा है और उसी विश्वास ने हमें यह प्रेरणा दी. इस समारोह के मौके पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो और बिशप थियोदोर मस्करेन्हास के अलावा फादर क्रिस्टोफर लकड़ा नवाटांड़ पल्ली के पल्ली पुरोहित, फादर , फादर वाल्टर, फादर आशीत टोप्पो, फादर सुशील बेक, फादर अजीत सोरेंग, फादर नीलम तीडू, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर रोशन टोप्पो, फादर इरेनियुस केरकेट्टा फादर असीम मिंज, फादर विंसेंट मिंज, फादर चोनहास शामिल हुए.

## न्यूटन ट्यूटोरियल के स्टूडेंट्स ने जेईई मेंस में किया शानदार प्रदर्शन

# 207 विद्यार्थियों ने बेस्ट परसेंटाइल हासिल किया

संवाददाता। रांची

जेईई मेंस की परीक्षा में न्यूटन ट्यूटोरियल के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. इसका श्रेय छात्रों ने यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को बताया है. यहां के संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल से 207 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. हमारे शिक्षकों की मेहनत के कारण छात्रों ने इस वर्ष बेस्ट परसेंटाइल हासिल किया है. निदेशक इमरान अली ने कहा कि यहां का स्टडी पैकेज जेईई मेन्स और जेईई (एडवांस) के अनुरूप ही बनाया गया है. यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही अच्छे संबंध हैं, इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट शेयर करते हैं. यहां डाउट सॉल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक रहता है. प्रणव, पंकज और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है.

**इन छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन**

1. यश कुमार परसेंटाइल 99.5230172
2. पुष्कर कुमार परसेंटाइल 99,4584867
3. अवैश एहसान परसेंटाइल 98.6285347
4. निकी कुमारी परसेंटाइल 98.1603311
5. अनमोल केशरी परसेंटाइल 97.9785827)
6. आयुष कुमार परसेंटाइल 97 .9785827
7. नेहरू शर्मा परसेंटाइल – 97.9545417
8. आयुष राजगरिया परसेंटाइल 97.9020288
9. शगुन सिंह परसेंटाइल 96.4308223
10. दिव्यांशु कुमार परसेंटाइल 95.8213089
11. पायल सोनी परसेंटाइल 95 .7250736
12. रौशन केआर साहू परसेंटाइल –95 .5374653
13. किशलय तेजस्वी परसेंटाइल– 95.5347229
14. कृष्णा कुमार परसेंटाइल– 95.1286765
15. प्रिया शर्मा परसेंटाइल 94.8607022
16. रितिक कुमार परसेंटाइल– 94.7157977
17. हरेंद्र कुमार परसेंटाइल– 94.6222041
18. अनीश राज परसेंटाइल – 93.8053022
19. अर्पण कुमार परसेंटाइल – 93.6626416
20. स्वाति सिंह परसेंटाइल 93.348426
21. एमडी तमीम हक परसेंटाइल – 93.348426
22. पंकज कुमार परसेंटाइल 93.0636973
23. शुभम कुमार परसेंटाइल 92.7964722
24. ऋषभ कुमार परसेंटाइल 92.2750972
25. आर्यन राज परसेंटाइल 92.2750972

## द पाठशाला के संतोष रवानी ने 99.71 परसेंटाइल प्राप्त किया



**रांची ।** जेईई मेंस के इस सत्र के जारी परिणाम में द पाठशाला के बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा. द पाठशाला के संतोष रवानी 99.71 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान के टॉपर बने. पीयूष ने 99.13 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया. धैर्य पांडे ने 98.57, निशा लक्ष्मी ने 98.15, रौनक ने 97.28, हर्ष वर्धन ने 97.28 प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है. साथ ही आदीतीरी ने 96.8, हर्षित ने 96.13, अभिनव ने 95.53, सार्थक ने 95.31, प्रिया ने 96.37, हर्ष, उत्कर्ष, राजीव, इशू, प्रखर, अभिनव प्रकाश, निलेश ने भी शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का मान बढ़ाया है. पीयूष द पाठशाला के तीन वर्षीय कक्षा कार्यक्रम के छात्र थे, वहीं धैर्य पांडे चार वर्षीय कक्षा कार्यक्रम के छात्र थे. निशा लक्ष्मी 98.15 परसेंटाइल में एक वर्ष का लक्ष्य बैच में टॉपर बने हैं. आदीतीरी ने 96.8 भौतिकी विषय में प्राप्त किया है, वहीं हर्षित ने 96.13 भौतिकी विषय में परसेंटाइल प्राप्त किया है. सभी सफल छात्रों ने द पाठशाला के सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को और स्टडी मेटेरियल को अपनी सफलता का श्रेय दिया है. द पाठशाला के निदेशक शिव शंकर कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और जेईई एडवांस परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी है. निदेशक ने बताया कि सभी जेईई मेन सफल छात्रों का रिव्यू क्लास और एडवांस क्लास के द्वारा तैयारी करायी जा रही है. विगत वर्षों में द पाठशाला ने बहुत ही उत्कृष्ट रिजल्ट दिये हैं. द पाठशाला ने सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया है और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है.

## ब्रदर्स एकेडमी के 350 से अधिक छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**रांची ।** ब्रदर्स एकेडमी के 350 से छात्र-छात्राओं ने जेईई मेंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. इस प्रदर्शन का श्रेय छात्रों ने एकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया है. इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है. सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्य सामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है. सिलेबस की समाप्ति के बाद एकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरीज़ बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया जो आईआईटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है. संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि आईआईटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है. सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है. निदेशक ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिये उन्हें शुभकामनाएं दी. अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखाई और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा.

**इन बच्चों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन :** श्रेयश संजय, मोहम्मद यलनाज़, हर्षित आनंद, हर्षल राज, तुषार धानुका, भास्कर जालान, आकाश कुमार, यश कुमार, तान्या चौधरी, साहिल आकाश, सिद्धांत कुमार, समृद्धि केडिया, देव प्रकाश, रोहन कुमार एवं अन्य.

## चैम्प स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रर्दशन

### प्रियांश प्राजंल 99.88 परसेंटाइल लाकर बना बॉय टॉपर

**रांची ।** चैम्प स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है. चैम्प स्क्वॉयर का झारखंड में सर्वश्रेष्ठ चयन अनुपात रहा. इसके साथ प्रियांश प्रांजल 99.88 परसेंटाइल लाकर बॉय टॉपर और आयुषी ने 99.80 परसेंटाइल लाकर गर्ल्स टॉपर बनी. अभिराज चौहान 99.01 परसेंटाइल लाकर संस्थान और शहर का मान बढ़ाया है. इन छात्रों ने अपने गुरुजनों एवं चैम्प स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है. उनका मानना है कि चैम्प स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा. उनका कहना है कि चैम्प स्क्वॉयर ने उनका सर्वांगीण विकास किया है. यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा. बच्चों का उत्साह अप्रतिम था. वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे. इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है. अब उनका लक्ष्य जेईई मेंस के दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है. यह संस्थान अस्तित्व में 2015 में आया और प्रथम वर्ष से ही यहां के विद्यार्थियों का जेईई मेन और एडवांस में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है. यह संस्थान सामान्य क्षमता वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्चस्तरीय ज्ञान एवं उच्च मानक समर्थन के बल पर, उनके अंदर रिजल्ट ओरिएंटेड भावना को जागृत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम रहा है. पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है, उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है. 99 परसेंटाइल से उपर लाने वाले में प्रियांश प्रांजल, आयुषी, निश्चल कुमार, अक्षय आनंद, अभिराज चौहान एवं रोहित राज है. संस्थान के कुल 396 से अधिक छात्र/छात्राओं ने इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है. चैम्प स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण के लिए नियमित रूप में सुबह 10:00 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते है. जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं.



### छात्रों की सफलता से बढ़ा संस्थान का गौरव : निदेशक

संस्थान के निदेशक ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैम्प रक्वॉयर का गौरव बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि आईआईटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है. सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है. निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी.

**सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया :** छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैम्प स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया. उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है. शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्य सामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है. सिलेबस की समाप्ति के बाद चैम्प स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरीज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आईआईटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है.

## एसआर डीएवी पुंदाग के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**रांची ।** एनटीए द्वारा आयोजित जेईई मेन सत्र 1 की परीक्षा में एसआर डीएवी पुंदाग के 9 विद्यार्थियों को सफलता मिली है. 95 पर्सेंटाइल से अधिक हासिल करने वाले विद्यार्थियों में निश्चल कुमार सिंह 99.57 तथा संचित अर्क 95.04 पर्सेंटाइल का नाम शामिल है. प्राचार्य एसके मिश्र ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी. उन्होंने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है. सफलता का कोई संक्षिप्त मार्ग नहीं होता. अपना लक्ष्य निर्धारित करें. सफलता अवश्य ही कदम चूमेगी.

## जेवीएम श्यामली के 17 छात्रों को मिली सफलता

**रांची ।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ओर से जारी जेईई मेन 2024 के पहले सत्र के परिणाम में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के प्रियांश प्रांजल ने 99.88 पर्सेंटाइल लाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. वहीं साकेत राज ने 99.87 पर्सेंटाइल, प्रभांशु ने 99.80 पर्सेंटाइल, स्थित प्रज्ञ ने 99.71 पर्सेंटाइल, शौर्य कुमार ने 99.70 पर्सेंटाइल, नेहल अग्रवाल ने 99.53 पर्सेंटाइल अंक हासिल किए हैं. अब तक की जानकारी के अनुसार, कुल 17 छात्रों ने परीक्षा में क्वालीफाई किया है. प्राचार्य समरजीत जाना ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी. उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने साबित कर दिया कि संघर्ष और समर्पण से सफलता अवश्य मिलती है.

**8 छात्रों ने हासिल किए 99 परसेंटाइल**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| प्रियांश प्रांजल | 99.8841888 |
| साकेत राज | 99.8717753 |
| प्रभांशु | 99.8081085 |
| स्थिर प्राझे | 99.7193481 |
| शौर्य कुमार | 99.7051144 |
| इरफ़ान हाशमी | 99.6052675 |
| नेहाल अग्रवाल | 99.5375229 |
| अक्षय आनंद | 99.2917965 |

## जेईई मेन 2024: रांची डीपीएस के छात्रों ने लहराया परचम

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत मेधा शक्ति के बल पर जेईई मेन 2024 के प्रथम सेशन की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है. 12वीं कक्षा की तमन्ना कुमारी ने 99.95 पर्सेंटाइल और प्रियदर्शी शेखर ने 99.94 पर्सेंटाइल अर्जित कर स्टेट टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज कराके सफलता का परचम लहराया है. विद्यालय के 16 से अधिक विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुर 99 पर्सेंटाइल अर्जित किया है. 35 से ज्यादा बच्चों ने 95 पर्सेंटाइल हासिल किया है. यह भी संभावित है कि 100 से अधिक बच्चों ने 90 पर्सेंटाइल अर्जित किया हो, क्योंकि विद्यार्थियों द्वारा परिणाम साझा करने का क्रम अब भी जारी है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी. उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय चुनौतियों के अनुरुप छात्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है. यही कारण है कि शिक्षा के क्षेत्र में डीपीएस के छात्रों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर विद्यालय का नाम रोशन किया है.




## विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**सिल्ली/मुरी।** विधायक सुदेश महतो ने मंगलवार को प्रखंड के लोटा एवं गोड़ाडीह पंचायत में कई योजनाओं का शिलान्यास किया. जिसमे लोटा किता के चापाटांड़ में जिला अनाबद्ध निधि से ग्राम सांसद भवन का अवशेष मरम्मती एवं आंशिक कार्य, विधायक निधि से लोटा में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, गोड़ाडीह बाजार टांड़ में 150 फीट पीसीसी पथ, गोड़ाडीह बीच टोला में 150 फीट पीसीसी पथ, गोड़ाडीह उपर टोला में 150 पीसीसी पथ, गोड़ाडीह नीचे टोला में वाचनालय एवं कदमटांड़ में 150 फीट पीसीसी पथ शामिल है. इस मौके पर कालीचरण महतो ,सुभाष महतो, हुकुम नाथ महतो, श्रीधर महतो, त्रिलोचन महतो, शिव शंकर प्रसाद, पूर्व मुखिया डबलु महली, परमेश्वर महतो आदि उपस्थित थे.

## 518 लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास का लाभ

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड में 518 लाभुकों को मिलेगा अबुआ योजना का लाभ सूची जारी की गई . यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने दी है. मंगलवार को लापुंग प्रखंड मुख्यालय में जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अबुआ आवास योजना की जानकारी लिया . इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने लापुंग प्रखंड के 518 लाभुकों की सूची जारी किया और बताया कि अबुआ आवास योजना के प्रथम चरण की सूची में पात्रता रखने वाले लाभुकों को 20 फरवरी से पहले अपनी केवाईसी प्रखंड कार्यालय में एंट्री कराना होगा. उन्होंने बताया कि जॉबकार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर व केटेगरी आदिवासी, हरिजन, पिछड़ी व अल्पसंख्यको का प्रमाण के साथ प्रखंड कार्यालय में जमा करना होगा.

## इटकी में 16 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**इटकी ।** 33 वाल्ट लाइन में गड़बड़ी होने के कारण बेड़ो विद्युत सबस्टेशन से आपूर्ति की जाने वाली इटकी प्रखंड क्षेत्र के गढ़गांव सहित आधा दर्जन गांवों में 16 घंटे विद्युतआपूर्ति ठप्प रही. सोमवार रात गर्जन के साथ हुई हल्की बारिश होने पर रात्रि नौ बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो गया. विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कामडारा ग्रीड से बेड़ो विद्युत सब स्टेशन के बीच 33 हजार वाल्ट लाइन में फाल्ट अजाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही.33 हजार वाल्ट लाइन कि गड़बड़ी को दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति मंगलवार दोपहर बिजली आपूर्ति बहाल की गयी है.

## पशुधन योजना के लिए 52 लाभुकों का चयन

**ईटकी।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 52 लाभुकों का चयन किया गया. बकरा विकास योजना का 20, ब्रोयलर कुक्कूट पालन योजना का 10, लेयर कुक्कूट पालन योजना का 4, सुकर विकास योजना का 16, गाय योजना का 2 आवेदन पर विचार विमर्श कर जिला समिति से अनुमोदन हेतु प्रखंड समिति द्वारा अनुशंसा की गई. मौके पर जिप सदस्य रीना देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू भ्रमणशील पशु चिकित्सा डॉक्टर शिवानंद कांशी सहित अन्य उपस्थित थे.

**आयोजन** महावीर चौक में शशि भूषण बडाईक और किशोरी बडाईक ने शुरू की थी पूजा

# बेड़ो में पहली बार 1986 में हुई थी मां शारदे की सार्वजनिक पूजा

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो

बेड़ो के महावीर चौक में 1986 ई से शिक्षण संस्थानों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से सरस्वती पूजा की पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया था. वैसे मां सरस्वती की पूजा का इतिहास बेड़ो स्कूलों में सैकड़ों वर्ष पुराना है. बेड़ो के राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में अपने स्थापना काल 1956 ई से ही सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाता है जबकि टेरो बेसिक स्कूल, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोर्ड स्कूल बेड़ो में सरस्वती पूजा का प्रचलन बहुत पहले शुरू हो चुका था. लेकिन चौक चौराहों में सरस्वती पूजा का आयोजन गैर शैक्षणिक संस्थानों



बेड़ो महावीर चौक में 1986 झरी क्लब में 1990 तथा क्लब आॅरकेल में 1991 ई से सरस्वती पूजा का प्रचलन शुरू हुआ. सार्वजनिक सरस्वती पूजा का आयोजन महावीर चौक में सबसे पहले शशिभूषण बडाईक और किशोरी बडाईक तथा उनके मित्रों ने शुरू की थी. उनमें से केवल झरी क्लब का पूजा ही अब तक जारी है. इस वर्ष झरी क्लब में 34 वां सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा. समय के साथ सरस्वती पूजा में बहुत ही बदलाव आया है और अब यह पूजा भव्य पंडाल के रुप में परिणत हो गया. लेकिन पूजा से अधिक उत्साह और उल्लास यहां मां सरस्वती के विसर्जन में देखने को मिलता है.

### सरस्वती पूजा को लेकर उत्साह चरम पर, तैयारियां पूरी

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया और सरसा सहित विभिन्न गांवों में मां सरस्वती की पूजा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है. लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी.सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं व दर्जनों क्लब तथा चौक चौराहों में मां सरस्वती की पूजा के लिए पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में था. राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में प्रधान शिक्षक बहादुर उरांव की देखरेख में तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मंगलवार की देर शाम तक मां के पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे रहे. राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के छात्र छात्राएं ककरिया संकुल में प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव की देखरेख में पूजा अर्चना करेंगे. वहीं दूसरी ओर राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह सहित विभिन्न विद्यालयों में मां शारदे की प्रतिमा को लाकर स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्थापित किया और विद्युत सज्जा तथा रंग बिरंगी चमकीले कागजों एवं सजावट के सामान से पंडाल को सजाने का काम देर शाम तक करते दिखे.

## न्यूज अपडेट

### मूसलाधार बारिश के बीच किता गांव में लगा खुशी चौपाल

**सिल्ली।** मंगलवार को सिल्ली के किता गांव में मूसलाधार बारिश के बीच खुशी चौपाल लगा. पूर्व उप मुखिया जगदीशचन्द्र महतो और लोटा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य अंजना देवी ने संयुक्त रूप से संचालन किया. दूसरे सत्र में रुड़सेट ट्रेंनिग सेंटर में तकनीकी शिक्षा ले रहे छात्रों के बीच खुशी क्लास का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी चौपाल और क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मुश्किल और झंझावत का मुकाबला आप कभी भी तनाव में रहकर नहीं कर सकते. तनाव मुश्किलों को और बढ़ा देती है. चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करती एक कहानी भी सुनाई.अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आयुष्मान भारत की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला. किता गांव में ग्राम प्रधान धनेश्वर मुंडा, रविलाल महली, वार्ड सदस्य, सरिता देवी, श्रावणी देवी आदि मौजूद थें. जबकि रुड़सेट में निर्देशक संजीत कुमार, अनिल कुमार, जगदीश महतो, दशरथ महतो, महेश रुहीदास आदि मौजूद थें.

### टेलर की चपेट में आने से बस चालक और खलासी की मौत

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग पर मुरपा के निकट टेलर की चपेट में आने से बस के चालक जितेंद्र वर्मा और खलासी कार्तिक राय की मौत हो गयी. घटना सोमवार रात 9:00 बजे के करीब बतायी जाती है. घटना के संबंध में बस चालक मलिक प्रवीण कुमार का कहना है कि डीएबी बरियातु का बस तमाड़ से महिला समिति के सदस्यों को लेकर रांची मोरहबादी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के कार्यक्रम में गये थे. वहां से वापस तमाड़ महिला समूह को छोड़ने के बाद रांची लौट रहे थे. मुरपा फोरलेन में गाड़ी खड़ा कर दोनों सड़क के दूसरी और सुप्रिया ढाबा सड़क पार कर चाय पीने जा रहे थे.उसी क्रम में टेलर ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया. जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गया.दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से बुंडू अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने चालक जितेंद्र वर्मा आनंद नगर हरमु किशोरगंज रांची को मृत घोषित कर दिया. खलासी कार्तिक राव नगड़ी रांची निवासी को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया. जहां रास्ते में ही कार्तिक नेभी दम तोड़ दिया.

### कॉम्प्लेक्स में सो रहे नाबालिग पर नशेड़ियों ने किया हमला

**इटकी ।** बारीपोखर सूर्य मंदिर स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स में सो रहे नाबालिग को चार नशेड़ियों ने जानलेवा हमला कर गर्दन में छुरा घोंप कर जख्मी कर दिया. घंटों उत्पात मचाते रहे. घटना सोमवार रात्रि साढ़े ग्यारह बजे की बताई जा रही है. उस वक्त बारिश हो रही थी. इस संबंध में पीड़ित नाबालिग के पिता ब्रजेश महतो ने एक नामजद और तीन अज्ञात पर इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना के समय इटकी में बारिश हो रही थी. मार्केट कॉम्प्लेक्स में सभी दुकानें बन्द थी. नाबालिग करण कुमार अपने दुकान में ही एक दोस्त के साथ सोया हुआ था. नशेड़ियों ने काफी देर तक दुकान के शटर को खट- खटाते रहे लेकिन दुकान का शटर नहीं खोला गया. जब नशेड़ियों की आहटआना बंद हुआ तो दुकान में सोया नाबालिग शटर खोलकर बाहर निकला, नशेड़ियों ने चाकू से गर्दन पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. खून से लथपथ देख नाबालिग के साथ दुकान पर रहने वाला युवक ने को दुकान के अंदर ले जाकर शटर बन्द कर दिया .

### शहीद वीर बुधु भगत का शहादत दिवस मना

**चान्हो।** शहीद वीर बुधु भगत की शहादत दिवस सिलागाई, चान्हो से मिट्टी एवं वीर पानी लेकर उनके वंशज शिवपूजन भगत एवं ग्रामीण रांची स्थित अरगोड़ा चौक पहुंचे. जहां पर पूजा पाठ एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई. जिसमें चान्हो, मांडर, बेड़ो के कई गावों एवं अरगोड़ा के आसपास के सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए. जल जंगल जमीन को बचाना शोषण, भ्रष्टाचार, अत्याचार के खिलाफ आवाज़ उठाना एवं भाषा संस्कृति, रूढ़ी परंपरा, रीति रिवाज एवं मूल धर्म को बचाए रखना ही इनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी. मौके पर स्मारक समिति के अध्यक्ष सह वंशज शिवपुजन भगत, मुख्य संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत, महासचिव गोपाल भगत, अनिल गोप, प्रवीण गोप, बिरसा उरांव, भावा उरांव, रंजित उरांव, बिफई उरांव, प्रमोद गोप, कृष्णा भगत, अल्फ्रेड मिंज, प्रदीप गोप, रामकिशोर भगत, डॉ मंजू मिंज, मुन्ना प्रधान, गुड़िया उरांव, शंभू उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### पिकअप वैन पेड़ से टकराया, पांच लोग घायल

**सिल्ली/मुरी।** रांची पुरुलिया पथ पर बुढ़ाआम के समीप टाटा पिकअप वेन के पेड़ में टकराने से वेन में सवार पांच लोग घायल हो गए. जानकारी मुताबिक टाटा पिकअप वेन ( जेएच 01एए 1140 ) रांची से सिल्ली को आ रही थी इसी दौरान बुढ़ाआम के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया. जिससे वाहन में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों का सिल्ली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया. घायलों में ओरमांझी निवासी शेख इम्तियाज, कुबेर खान, शोनु खान, अनवर खान एवं शकील मोमीन शामिल हैं.

### गड्ढे में गिरे बाइक समेत दो युवक, स्थिति गंभीर

**मांडर ।** मुरगू नदी पर पुल के डायवर्सन से नीचे गड्ढे में गिर जाने से दो युवक घायल हो गये. दोनों युवक मांडर के सोसई गांव निवासी आशीष एक्का व रोहित मिंज के रुप में हुई. दोनों युवक बाइक से अपने एक साथी को रिसीव करने रांची रेलवे स्टेशन जा रहे थे. इसी क्रम में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों डायवर्सन से नीचे जा गिरे. गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे कार सवार ने उन्हें गड्ढे में गिरते देखा और सूचना मांडर पुलिस को दी. पुलिस ने दोनों को गड्ढे से निकाला और मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया.

### बुढ़मू में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बुढ़मू ।** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की रात्रि बारिश के साथ आये आंधी तूफान से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है. वहीं बुढ़मू में बारिश से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया. इस कड़ी में तूफान से हेसलपिरी खरकुटोला निवासी धनराज महतो के मुर्गी फार्म का सभी एस्बेस्टस उड़ गया. साथ बाबूलाल महतो,राजेन्द्र महतो,पतरातू गांव निवासी बालगोविंद मुंडा के घरों का भी एस्बेस्टस उड़ गया. इसके अलावा आंधी से खखरा मोड़ के पास एक विशालकाय आम का पेड़ गिर गया. जिससे ठाकुर गांव-पिठोरिया मुख्य मार्ग भी कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया. मुखिया कुशेन्द्र पाहन,पंसस गौरव कुमार ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है.

### कोबरा बटालियन और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**बेरमो।** बोकारो जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि जिले के गोमिया खंड के गिंदौनिया वन क्षेत्र में भारी बारिश के बीच गोलीबारी अभी भी जारी है, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बताया, सुबह से ही सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है, अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं मिली है. एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को जंगल में माओवादी दस्ते की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी शुरू हुई.

### टाटीसिलवे थाना प्रभारी को दी गई विदाई

**नामकुम ।** टाटीसिलवे थाना परिसर में सोमवार देर रात स्वागत समारोह सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व थाना प्रभारी महेंद्र करमाली एवं संचालन सनील जॉय ने किया. लोगों ने बुके भेंटकर पूर्व थाना प्रभारी महेंद्र करमाली को विदाई देते हुये नये थाना प्रभारी मनोज कुमार का स्वागत किया. टाटीसिलवे पूर्व थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने टाटीसिलवे क्षेत्र में बीते समय के अनुभव को लोगों के सामने साझा किया . आपको बता दूं कि अपना अभिव्यक्ति साझा करतें समय महेंद्र करमाली कई बार भावुक भी हुए . कई जनप्रतिनिधि विदाई के इस पल में रो पड़े . नए थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि कोई भी समस्या का समाधान मिलकर करुंगा.

### जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण

**चान्हो।** प्रखंड के करकट गांव में जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने मगंलवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं. मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अभी भी सभी लोगों के पास पर्याप्त कंबल नहीं है. जिससे ठंड से बचा जा सके. इसी को देखते हुए हमारी ओर से एक छोटी सी प्रयास पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है. मौक़े पर नेयाजुल खान, जावेद खान समेत और भी लोग उपस्थित थे.

# राजनीति में अवसरवाद

राजनीति में संभावनाओं से ज्यादा अवसरों और दबावों के आगे बड़े से बड़े दिग्गजों के झुक जाने की कहानियां प्रकाश में आ चुकी है. विचार, दृढ़ता और प्रतिबद्धता अतीत की परछाई की तरह हैं, जिन्हें स्पर्श तो नहीं किया जा सकता, केवल महसूस किया जा सकता है. जिस वेस्टमिनिस्टर शैली के संसदीय लोकतंत्र को हमने अपनाया है, वह विकृत रूप धारण करती जा रही है. दुनिया में दक्षिण एशिया की राजनीति ही एक ऐसा नमूना है, जिसमें अखलाक यानी नैतिकता का सबसे ज्यादा ह्रास होता जा रहा है. इसका एक बड़ा कारण तो राजनीति पर इलिट ताकतों का बढ़ता प्रभाव है. एक समय एक ही दल में परस्पर विरोधी अभिजन घरानों के प्रतिनिधि नेताओं का हुजूम था. उनके बीच आपसी टकराव तो होते थे, लेकिन टकराव कम ही अवसरों पर अलगाव में बदलता था. जैसे जैसे भारत में कारपोरेट टकराव कम हुए हैं और कुछेक का वर्चस्व स्थापित हो गया है, उसने राजनीति को भी पूरी तरह बदल दिया है. इसमें सरकारी एजेंसियों के इस्तेमाल का दबाव भी क्रियाशील है. यही कारण है कि विपक्ष की भूमिका सीमित किए जाने के उपक्रम हो रहे हैं. इसका एक बड़ा कारण तो विपक्षी दलों की अपनी बुनावट में भी मौजूद है, जो वर्तमान समय की चुनौतियों के लिए नयी वैचारिकता का सृजन करने में पूरी तरह नाकाम है. देश में यह आम परिघटना हो गयी है कि विपक्षी दलों के प्रभावी नेताओं को सत्ता दल में शामिल कराया जा रहा है. इसके लिए किस तरह के उपक्रम हो रहे हैं, उसे जानना भी जरूरी है. प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव के समय भोपाल में एनसीपी के नेता अजीत पवार के विभिन्न घोटालों की बात की, उसके प्रंद्रह दिनों के अंदर अजीत पवार अपने चाचा का दामन छोड़ भाजपा के साथ हो लिए. अब बारी महाराष्ट्र के ही एक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वान की है. प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अभी कुछ ही दिन पहले मुबई के आदर्श सोसायटी घोटाले की चर्चा की. इस चर्चा के चार दिनों के भीतर ही अशोक चह्वान ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया. अब उनके भाजपा में शामिल होने की राह प्रशस्त हो गयी है. विपक्षी दलों के इस आरोप को लगातार मजबूती ही मिल रही है कि सरकारी एजेंसियों के सहारे उनके नेताओं को तोड़ा जा रहा है. बिहार में नीतीश कुमार ने 17 महीने पहले भाजपा से क्यों नाता तोड़ा और अब क्यों जोड़ा इसका ठोस जवाब किसी के पास नहीं है. लेकिन परदे के पीछे कई तरह के अनुमान तैर रहे हैं. इस घटना ने इतना तो बता ही दिया कि विचारधारा किसी भी पार्टी का आधार नहीं रह गयी है. अवसरवादी, भ्रष्ट बताए गए नेता और परिवारवादी नेताओं से किसी भी दल को परहेज नहीं है. सबके लिए परिवारवाद का सीमित अर्थ है. भारतीय राजनीति परिवारवाद से पूरी तरह ग्रस्त है औरा भाजपा भी इसमें अपवाद नहीं है. जाहिर है राजनीति के चरित्र, चेहरा और विचार की रक्षा का दायित्व अब आम वोटरों पर ही है.

> प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अभी कुछ ही दिन पहले मुबई के आदर्श सोसायटी घोटाले की चर्चा की. इस चर्चा के चार दिनों के भीतर ही अशोक चह्वान ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया. अब उनके भाजपा में शामिल होने की राह प्रशस्त हो गयी है.

## सुभाषित

**आरोग्यं विद्वत्ता सज्जनमैत्री महाकुले जन्म।**
**स्वाधीनता च पुंसां महदैश्वर्यं विनाप्यर्थेः॥**


आरोग्य, विद्वत्ता, सज्जनों से मैत्री, श्रेष्ठ कुल में जन्म, दूसरों के ऊपर निर्भर न होना, यह सब धन नहीं होते हुए भी पुरुषों का ऐश्वर्य है. जिसके पास यह ऐश्वर्य नहीं है, वह अकूत धन प्राप्त कर भी सुखी नहीं रह सकता. उसके सामने कष्ट ही कष्ट होते हैं.

# शासक कभी अहंकारी नहीं होता

**इस बार संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के उपरांत प्रधानमंत्री ने जो कुछ कहा, वह निश्चित रूप से उनके आत्मविश्वास के साथ अहंकार से भी भरा था. प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर करारा आक्रमण करते हुए कहा कि लगता है विपक्ष ने लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प ले लिया है. आज सत्तारूढ़ दल यही मानता है कि विपक्ष का अर्थ केवल मात्र राहुल गांधी ही हैं, इसलिए सारा आरोप-प्रत्यारोप उनके ही नाम से लगाया जाता है अथवा हिंदू-मुसलमान के नाम पर होता है.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

एक सत्यकथा पिछली शताब्दी का है, जो देश के लगभग प्रत्येक व्यक्ति को मालूम है. उन्नीसवीं सदी के बाद के वर्षों में बहुत सारे हिंदुस्तानियों को उनके अंग्रेज हुक्मरानों ने बहुत बड़ा सबक सिखाया था. प्रसिद्ध किस्सा एक महत्वाकांक्षी हिंदुस्तानी के बारे में बताता है कि उसने अंग्रेजी जुबान की बारीकियों में महारत हासिल कर ली थी, पश्चिमी शैली का नाच सीख लिया था और वह छुरी-कांटे की मदद से खाने तक का अभ्यस्त हो चुका था. अपने इस नए तौर-तरीकों से लैस होकर उसने इंग्लैंड में कानून की पढ़ाई की और एक काबिल बैरिस्टर बन गया. तब भी, सूट और टाई पहने, कानून में दीक्षित इस नौजवान को दक्षिण अफ्रीका के अंग्रेजी उपनिवेश की ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया था, क्योंकि वह उस तीसरे दर्जे के डिब्बे, जिसमें उस जैसे अश्वेतों से यात्रा करने की अपेक्षा की जाती थी, में बैठने के बजाय प्रथम श्रेणी के डब्बे में बैठने की जिद कर रहा था. उनका नाम था मोहनदास करमचंद गांधी.

ऐसा अपने देश के लोगों के साथ वर्षों होता रहा है, जब उन्हें उन जैसे अश्वेत नेताओं ने देश से बाहर निकालना शुरू किया तो उन्हें अपने कृत्य पर जरूर पाश्चाताप हुआ होगा. संयोग देखिए, उन जैसे अंग्रेजों को भारतवर्ष से निकालने का काम मोहनदास करमचंद गांधी के ही नेतृत्व में संपन्न हुआ. यह बिलकुल ठीक है कि देश में गरम दल और नरम दल बन गए थे. गरम दल की अगुवाई सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में हो रहा था, लेकिन नरम दल का नेतृत्व मोहनदास करमचंद गांधी कर रहे थे. लेकिन, सच तो यह है कि गरम दल के नेता सुभाष चंद्र बोस भी गांधीजी के परम अनुयायी थे . सुभाष बाबू का कहना था कि एक लाख व्यक्ति हम करोड़ों भारतीयों पर कैसे राज्य कर सकता है? मतभेद तो सुभाष बाबू और गांधीजी में यही तो था. गांधीजी उन्हें समझाते थे कि वह एक लाख ही नहीं, उनके पीछे पूरा ब्रिटेन, अमेरिका सहित यूरोप के सभी देश खड़े हैं. हम उनसे युद्ध करके अपने देश को आजाद नहीं करा सकते, इसलिए हमें अहिंसक तरीके से ही उनसे लड़ना होगा. सुभाष बाबू गांधीजी के समझाने से कहां समझने वाले थे. उनके बगावती सुर को देखते हुए गांधीजी को अपने हाथ से तीन वर्ष के निलंबन पत्र लिखकर उन्हें कांग्रेस से अलग कर देना पड़ा. फिर उनके जोश ने उन्हें रुकने नहीं दिया और आजाद हिंद फौज नामक सेना का गठन करके अंग्रेजों पर आक्रमण कर दिया. परिणाम क्या हुआ, यह आज भारत के सभी को मालूम है.

इस बार संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के उपरांत प्रधानमंत्री ने जो कुछ कहा, वह निश्चित रूप से उनके आत्मविशास के साथ अहंकार से भी भरा था. प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर करारा आक्रमण करते हुए कहा कि लगता है विपक्ष ने लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प ले लिया है. आज सत्तारूढ़ दल यही मानता है कि विपक्ष का अर्थ केवल मात्र राहुल गांधी ही हैं, इसलिए सारा आरोप-प्रत्यारोप उनके ही नाम से लगाया जाता है अथवा हिंदू-मुसलमान के नाम पर होता है. फिर सत्तारूढ़ दल का यह भी कहना कि राहुल गांधी को कांग्रेस बार-बार लॉन्च क्यों करती है. सच तो है कि यह उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन प्रश्न यह है कि यदि राहुल गांधी विपक्ष की राजनीति करने में फेल रहे हैं तो फिर राहुल गांधी से सत्तारूढ़ को इतना डर किस बात का कि अभी कांग्रेस द्वारा आयोजित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में इतनी भीड़ क्यों उमड़ रही है? असम में राहुल गांधी के प्रति इतना डरावना बयान मुख्यमंत्री ने क्यों दिया और न्याय यात्रा को क्यों बाधित किया गया. इसका सीधा उत्तर है कि विपक्ष और विशेष रूप से राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री पर जो भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, वे सही थे? यदि ऐसा नहीं था तो भाजपा ने पहले उनके प्रति इतनी बेरुखी से जो आरोप लगाया था, वह निराधार था अथवा सत्तारूढ़ दल में शामिल होने पर मुख्यमंत्री बनाना पुरस्कार था? आखिर सत्तारूढ़ के लिए राहुल गांधी इतने महत्वपूर्ण क्यों हो गए, जवाहरलाल नेहरू के लिए सत्तारूढ़ दल इतनी अपमानजनक बातें क्यों करता है?

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भारतीय को आलसी और कम बुद्धिमान मानते थे. सांसद गौरव गोगोई ने इसका खंडन करते हुए विरोध जताया. गूगल ने बताया है कि सच में पं. जवाहरलाल नेहरू ने क्या कहा था. पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1959 में स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में लाल किले की प्राचीर से कहा था कि 'भारत में मेहनत करने की आदत कमोबेश नहीं रही है. यह हमारा दोष नहीं है, कई बार इस तरह की आदतें बन जाती हैं, लेकिन तथ्य ये है कि हम उतनी मेहनत नहीं करते हैं, जितनी यूरोप, जापान, चीन, रूस या अमेरिका के लोग करते हैं. ऐसा नहीं है कि ये देश किसी जादू से रातोंरात विकसित हो गए हैं. ये देश मेहनत और अपने कौशल के बूते विकसित हुए हैं. हम भी मेहनत और अक्ल से बढ़ सकते हैं, इसके सिवा कोई और चारा नहीं है. हम किसी जादू से आगे नहीं बढ़ सकते, क्योंकि दुनिया चलती है इंसान के काम से, इंसान की मेहनत से सारी दुनिया को दौलत पैदा होती है, चाहे जमीन पर किसान करता है या कारखाने में या दुकान में. पं. नेहरू ने कहा था कि कुछ बडे. ऑफिसर दफ्तरों में बैठकर इंतजाम करते हैं, वह दौलत पैदा नहीं करते. दौलत किसान और कारीगर अपनी मेहनत से पैदा करता है, इसलिए हमें अपनी मेहनत को और बढ़ाना है.' सच तो यह है कि वर्षों की गुलामी के बाद किसी की भी क्षमता कम हो जाती है , लेकिन आजादी के बाद जनता के स्वाभिमान को जगाना नेताओं का कर्तव्य हो जाता है . इसलिए उन्होंने यूरोप, जापान, अमेरिका जैसे विकसित राष्ट्र के नागरिकों जैसा मेहनतकश होने का उदाहरण दिया होगा .

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### विनम्रता

विनम्रता आपके आंतरिक प्रेम की शक्ति से आती है. दूसरों को सहयोग व सहायता का भाव ही आपको विनम्र बनाता है. यह कहना गलत है कि यदि आप विनम्र बनेंगे तो दूसरे आपका अनुचित लाभ उठाएंगे. जबकि यथार्थ स्वरूप में विनम्रता आपमें गज़ब का धैर्य पैदा करती है. आपमें सोचने समझने की क्षमता का विकास करती है. विनम्र व्यक्तित्व का एक प्रचंड आभामंडल होता है. धूर्तों के मनोबल उस आभा से स्वयं परास्त हो जाते हैं. उल्टे जो विमम्र नहीं होते वे आसानी से प्रभावित हो जाते हैं, क्योंकि धूर्त को तो मात्र मीठी बातों से उसका अहं सहलाना भर होता है. अहंकार यहां परास्त हो जाता है. किन्तु जहां विनम्रता होती है, वहां तो सत्य की अथाह शक्ति भी होती है, जो मनोबल प्रदान करती है. विनम्रता के प्रति समर्पित आस्था जरूरी है. मात्र दिखावे की विनम्रता असफ़ल ही होती है. 'पहले विन्रमता से निवेदन करूंगा यदि काम न हुआ तो भृकुटि टेढ़ी करूंगा' यह चतुरता विनम्रता के प्रति अनास्था है, छिपा हुआ अहं भी है. कार्य पूर्व ही अविश्वास व अहं का मिश्रण असफलता ही न्योतता है. सम्यक् विनम्र व्यक्ति, विनम्रता को झुकने के भावार्थ में नहीं लेता. सच तो यह है कि जिस व्यक्ति को किसी भी उपाय से झुका पाना संभव नहीं हो रहा हो, उसे स्वयं झुक कर झुकाया जा सकता है. फिर भी ध्यान रखने की बात यह है कि झुकने का भाव नाटक जैसा न होकर सच्चे दिल से होना चाहिए. जो विनम्र होता है, सच्चाई उसका पथप्रदर्शन करती है. निश्छलता उसे दृढ़ व्यक्तित्व प्रदान करती है. अहंकार आपसे दूसरों की आलोचना करवाता है. वह आपको आलोचना-प्रतिआलोचना के एक प्रतिशोध जाल में फंसाता है. अहंकार आपकी बुद्धि को कुंठित कर देता है. आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को संदेहयुक्त बना देता है. अहंकारी दूसरों की मुश्किलों के लिए उन्हें ही जिम्मेवार कहता है और उनकी गलतियों पर हंसता है. अपनी मुश्किलों के लिए सदैव दूसरों को जवाबदार ठहराता है और लोगों से द्वेष रखता है. विनम्रता हृदय को विशाल, स्वच्छ और ईमानदार बनाती है. यह आपको सहज सम्बंध स्थापित करने के योग्य बनाती है. विनम्रता न केवल दूसरों का दिल जीतने में कामयाब होती है अपितु आपको अपना ही दिल जीतने के योग्य बना देती है. आपके आत्म-गौरव और आत्म-बल में उर्जा का अनवरत संचार करती है. आपकी भावनाओं के द्वन्द समाप्त हो जाते हैं, साथ ही व्याकुलता और कठिनाइयां स्वतः दूर होती चली जाती है. एक मात्र विनम्रता से सन्तुष्टि, प्रेम और साकारात्मकता आपके व्यक्तित्व के स्थायी गुण बन जाते हैं.

# नए सहयोगियों की तलाश करती भाजपा

• सियासत

के. सुशील

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए नये क्षेत्रीय गठबंधनों की तलाश में भारतीय जनता पार्टी चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और बादल के शिरोमणि अकाली दल तक को अपने साथ ले गई है, जबकि जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोक दल पर सबसे अच्छा दांव लगा रखी है. संभावना है कि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी हर बीतते घंटे के साथ भयभीत हो रही है. रालोद के भाजपा में शामिल होने का सिलसिला प्रधानमंत्री द्वारा अचानक रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के दादा चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा से और भी उज्वल हो गया है. सवाल यह उठता है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, भाजपा को अपने दम पर 370 सीटें मिलेंगी और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी तो भाजपा को गठबंधन में ज्यादा सहयोगी क्यों चाहिए? सवाल यह भी उठता है कि क्या मोदी सरकार गठबंधन बनाने और वोट हासिल करने के लिए 'भारत रत्न की राजनीति' का सहारा ले रही है, जबकि आम चुनाव 2024 का मार्ग प्रशस्त हो रहा है.9 फरवरी की सुबह, मोदी सरकार ने दो पूर्व प्रधानमंत्रियों-पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, जो आंध्र प्रदेश से थे, और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न से सम्मानित किया. जयंत चौधरी के दादा बनने वाले हैं. बिहार के समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न दिया गया, जिन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए में जाने के लिए मंच तैयार किया था. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न पुरस्कार से पहले उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी 14 फरवरी को मोदी को वेलेंटाइन डे का उपहार देंगे और टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ 'बातचीत' कर रहे हैं. ऐसा कहने के बाद, यह नहीं भूलना चाहिए कि मोदी सरकार के जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के साथ अच्छे कामकाजी संबंध हैं. दोनों कई मुद्दों पर सहयोग करते हैं और 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वेक्षण में सभी सीटें मौजूदा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए आरक्षित हैं और टीडीपी पीछे चल रही है. मीडिया ने अकाली दल के साथ नए सिरे से गठबंधन की बातचीत की भी बात की है, लेकिन सिखों की पार्टी चुप है, यह कहने के लिए पर्याप्त है कि भाजपा का हर पिछला साथी जनता दल यूनाइटेड नहीं है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 12 फरवरी को फ्लोरटेस्ट का सामना करना पड़ेगा और 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वेक्षण में कहा गया है कि नीतीश कुमार अपने साथ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए महागठबंधन के वोट-शेयर का केवल आठ प्रतिशत ही ले जा सकते हैं. चंद्रबाबू की टीडीपी ने 2019 में एनडीए छोड़ दिया था. अब, वह भाजपा के साथ 'बातचीत' में लगे हुए हैं, जो कि वाईएसआरसीपी के साथ भाजपा के संबंधों के बारे में होना चाहिए और अब क्या होगा जब जगनमोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस में हैं. रिकॉर्ड के लिए, 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे वाईएस शर्मिला के कांग्रेस में पदार्पण के कारण कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं देता है. भाजपा-टीडीपी वार्ता मोदी की 'अखिल भारतीय नेता' के रूप में पहचाने जाने की लालसा है. इससे मोदी को दुख होता है कि वह उत्तर भारत के 'गोमूत्र राज्यों' के महिमामंडित क्षत्रप हैं और भाजपा दक्षिण के मतदाताओं के लिए अछूत बनी हुई है. 'देश का मिजाज' सर्वेक्षण इस स्थापित धारणा को नहीं बदलता है. इसलिए, नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और कसम खाई कि वह फिर कभी एनडीए नहीं छोड़ेंगे और भाजपा ने कृषि बिलों के बाद अकाली दल के साथ 'संपर्क' कर लिया है. पंजाब में गठबंधन के लिए अकाली दल प्रमुख सुखबीर बादल से शुरुआती बातचीत हो चुकी है. 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे पंजाब में दोनों पार्टियों के लिए ज्यादा भविष्यवाणी नहीं करता है. इसका दोष आम आदमी पार्टी पर डालें, लेकिन फार्म बिल के बाद से चीजें बदल गई हैं और पंजाब भाजपा और अकाली दल दोनों के लिए वाटरलू है, और क्या गठबंधन से मदद मिलेगी, यह अनुमान का विषय है. भाजपा-अकाली दल गठबंधन एक खेल है, क्योंकि दोनों को 'प्राकृतिक सहयोगी' माना जाता है. जयंत चौधरी-भाजपा गठबंधन चरम पर है. जाट नेता दो लोकसभा सीटों और एक राज्यसभा सीट पर सहमत हो सकते हैं. समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लॉक को नुकसान होगा. चंद्रबाबू नायडू भाजपा की मदद नहीं करने जा रहे हैं और इसके विपरीत भी. भाजपा नये गठबंधनों के साथ आगे नहीं बढ़ सकती. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात याद रखी जायेगी, जब तक कि नीतीश कुमार भी मोदी पर वार नहीं करते.

> भाजपा-टीडीपी वार्ता मोदी की 'अखिल भारतीय नेता' के रूप में पहचाने जाने की लालसा है. इससे मोदी को दुख होता है कि वह उत्तर भारत के 'गोमूत्र राज्यों' के महिमामंडित क्षत्रप हैं और भाजपा दक्षिण के मतदाताओं के लिए अछूत बनी हुई है. 'देश का मिजाज' सर्वेक्षण इस स्थापित धारणा को नहीं बदलता है.

# खंडित जनादेश और इमरान ख़ान को ज़मानत

• देशांतर

पुष्परंजन

जिन लोगों को इमरान ख़ान ने जेल में डाला था, वही अब उन्हें रिहा करने की कवायद में लग गये. रावलपिंडी में एक आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 12 मामलों में जमानत दे दी, जबकि पीटीआई के दिग्गज और पूर्व विदेश मंत्री को 13 मामलों में जमानत दे दी गई. अदालत ने कहा कि पीटीआई के संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है. साल 2024 के पहले महीने के आख़िरी दो दिनों में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान को दो बड़े झटके लगे थे. उन्हें साइफर केस, अर्थात गोपनीय सरकारी दस्तावेज लीक करने के मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई, उसके प्रकारांतर उन्हें तोशख़ाना मामले में 14 साल जेल की सजा हुई है. दोनों मिलाकर 24 साल की सज़ा. शनिवार को चुनाव परिणाम आने के साथ-साथ एटीसी का फैसला देखकर लगता है, इमरान ख़ान के अच्छे दिन आने वाले हैं. विख्यात पंजाबी सूफ़ी शायर मियाँ मोहम्मद बख़्श के गीत का एक हिस्सा याद आता है, 'दुश्मन मरे तो खुशी ना करिए, सज्जना भी मर जाना', जिसका अर्थ है -'दुश्मन मरे तो ख़ुशी न मनाएं, जिन्हें आप प्यार करते हैं, वो भी मर जाएंगे!' पाकिस्तान में जिस तरह से खंडित चुनाव परिणाम आया है, उससे न तो नवाज़ शरीफ़ की बल्ले-बल्ले है, न ही आसिफ अली जरदारी को ख़ुशी हासिल होने वाली है. हॉर्स ट्रेडिंग, सौदेबाज़ी के आधार पर मिलीजुली सरकार बन भी जाती है, तो ये लोग सरकार चला पायेंगे कितने दिन? लाख टके का सवाल है. अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय संघ ने चुनावों की पारदर्शिता पर संदेह जताया है. वे चाहते हैं कि इसकी उच्चस्तरीय जांच हो. अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वह पाकिस्तान में चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोपों को लेकर चिंतित है. विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 'अमेरिका ने उन भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव पर्यवेक्षकों के आकलन से सहमत है कि इन चुनावों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध लगाया गया था. हम चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के प्रयोग पर प्रतिबंध, मीडियाकर्मियों पर हमले और इंटरनेट और दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच पर प्रतिबंध की निंदा करते हैं. हम आरोपों की परवाह किए बिना, अगली पाकिस्तानी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार हैं.' पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार को राष्ट्रीय चुनावों के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि देश को अराजकता और ध्रुवीकरण की राजनीति से आगे बढ़ने के लिए स्थिर हाथों की आवश्यकता है. अब जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख नेताओं जैसा बयान देने लगे तो बात समझ में आ जानी चाहिए कि इस शोबे का सत्ता में दखल कितना है. पेशावर में विश्वविद्यालय के व्याख्याता सैयद इरफान अशरफ ने कहा कि सत्ता पर सेना की पकड़ से हमारा मुल्क मुक्त नहीं हो पाया है. 76 साल के इतिहास में लगभग आधे समय तक सेना सीधे तौर पर हमारे मुल्क में शासन किया है. सेना प्रमुख के ताज़ा बयान के हवाले से प्रोफेसर अशरफ ने कहा, 'इसका मतलब है कि सेना प्रमुख चाहते हैं कि राजनेता उनकी शक्ति को बनाए रखें और इस माशरे को मज़बूत करें. सेना का शरीफ से मतभेद हो गया, तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के बाद 2017 में शरीफ को पद से हटा दिया गया था. शरीफ के शैदाई कहते हैं कि सेना और अदालतों के बीच मिलीभगत ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया. 2019 में, उन्हें देश छोड़ने और ब्रिटेन में चिकित्सा उपचार प्राप्त करने की अनुमति दी गई थी. उससे पहले आसिफ अली ज़रदारी और बाद में इमरान खा़न की कहानी लगभग मिलती-जुलती है. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2011 से 2015 के बीच पाकिस्तान की सेना की संपत्ति में 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई. 2016 तक पाकिस्तान में सशस्त्र बलों ने 50 से अधिक वाणिज्यिक संस्थाओं को चलाया, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन, कारपोरेट और रियल इस्टेट शामिल थे. अरबों की संपत्ति बनाने के आरोप पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और सेना के प्रवक्ता जनरल असीम सलीम बाजवा तक पर लगते आए हैं. बाजवा परिवार छह साल के भीतर ही देश के अरबपतियों में शामिल हो गया. मतलब, मंदी झेल रहे पाकिस्तान में सेना के परिवारों और अफसरों के लिए कोई मंदी नहीं आती.

> सेना प्रमुख के ताज़ा बयान के हवाले से प्रोफेसर अशरफ ने कहा, 'इसका मतलब है कि सेना प्रमुख चाहते हैं कि राजनेता उनकी शक्ति को बनाए रखें और इस माशरे को मज़बूत करें. सेना का शरीफ से मतभेद हो गया, तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के बाद 2017 में शरीफ को पद से हटा दिया गया था.

## मीडिया में अन्यत्र

# पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल

**पाकिस्तान** में 8 फरवरी को कराये गये चुनाव बराबरी के स्तर वाले नहीं थे. यकीनन सबसे लोकप्रिय राजनेता पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मई 2023 से जेल में बंद हैं, कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं और सजा काट रहे हैं. उनकी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को मतपत्र पर अपने चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने से रोक दिया गया. लिहाजा, पार्टी को निर्दलीय उम्मीदवारों को मैदान में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ा. इसके कई नेता जहां जेल में हैं या भागे हुए हैं, वहीं कई अन्य नेताओं को राजनीति छोड़ने या किसी अन्य पार्टी में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा. चुनावों से पहले पाकिस्तान ताकतवर हलकों द्वारा श्री खान के राजनीतिक वाहन को नष्ट करने की व्यवस्थित प्रयासों से रूबरू रहा. पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) के नेता नवाज शरीफ, जो कभी सेना के दुश्मन थे, लंदन में निर्वासन से लौटे. उन्होंने सत्ता प्रतिष्ठान के आशीर्वाद से अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की अगुवाई की. लेकिन मतदाताओं ने जनरलों की इस सोच को गलत साबित कर दिया कि उनके ये उपाय पीटीआई के राजनीतिक प्रभाव को नष्ट कर देंगे और उनके अपने पसंदीदा लोगों को सत्ता में पहुंचा देंगे. निर्दलियों ने 265 सीटों में से 101 सीटें जीतीं (93 पीटीआई से जुड़े उम्मीदवारों के खाते में गईं), पीएमएल-एन ने 75 सीटें हासिल कीं, जबकि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 सीटें जीतीं और कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान ने 17 सीटें जीतीं. सरकार बनाने के लिए 134 सीटें चाहिए.इसका मतलब यह नहीं है कि पीटीआई, जिसके निर्दलीय उम्मीदवार सबसे बड़ा गुट हैं, अगली सरकार बनाने में समर्थ होंगे. जब यह स्पष्ट हो गया कि किसी भी गुट के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, तो नवाज़ शरीफ़ ने पीटीआई को छोड़कर, सभी पार्टियों से एकता सरकार बनाने का आह्वान किया. सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने श्री शरीफ के आह्वान का समर्थन किया, जिसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी के बीच "राजनीतिक स्थिरता के लिए मिलकर काम करने" के लिए एक सैद्धांतिक समझौता हुआ. ये सभी घटनाक्रम उस राजनैतिक पैंतरेबाज़ी की ओर इशारा करते हैं जिसका उद्देश्य एक एकता सरकार बनाना है जो पीटीआई और श्री खान को सत्ता से बाहर रखेगी. निर्दलीयों पर भी गठबंधन दलों में जाने का दबाव आ सकता है. पीटीआई, जिसने पहले से ही चुनावी अनियमितताओं का आरोप लगाया है, ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जिससे श्री खान की गिरफ्तारी के बाद मई 2023 में व्यापक झड़पों की यादें ताजा हो गईं. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### फिट/फीट

**हम** बड़े हैं चलते पुरजे हर जगह फिट हो जायें. हम गाने जो गाते हैं वो सब गाने हिट हो जाएं. इस प्रकार हर जगह फिट होने जाने की क्षमता हर किसी में नहीं होती. जब चर्चा फिट की निकली है तो उसका मायने मतलब भी जान लेना जरूरी है, नहीं तो हम दूसरों के देखा देखी ऐसी जगह पर फिट शब्द का प्रयोग करेंगे, जो वहां बिल्कुल फिट नहीं करेगा. फिट शब्द अंग्रेजी भाषा मूल का भी है और हिंदी भाषा मूल का भी. अंग्रेजी वाला फिट विशेषण है, जिसका मतलब है उपयुक्त, ठीक, जिसके कल पुरजे आदि ठीक हों. जैसे कहा जाता है कि यह मशीन बिल्कुल फिट है. मुहावरा है फिट करना या फिट होना. यानी मशीन के पुरजे आदि को यथास्थान बैठाकर उसे चलने के योग्य बनाना. जो अपने जगह पर ठीक बैठता हो, जैसे यह कीट बिल्कुल फिट है. जिस गाने से यह शब्द चर्चा प्रारंभ होती है, उसमें तो आप फिट शब्द सार्थक प्रयोग देख ही चुके हैं-हम बड़े हैं चलते पुरजे हर जगह फिट हो जायें. हिंदी वाले फिट का प्रयोग अव्यय के रूप में भी होता है और संज्ञा पुल्लिंग के रूप में भी. अव्यय के रूप में प्रयोग होने वाले फिट दुत्कारने या धिक्कारने के भाव में होता है. तब इसका मतलब होता है छी, धिक्, धिक्कारने का शब्द. फिट फिट का मतलब है धिक्कार है, धिक्कार, छी छी, लानत है. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में फिट का मतलब है मिरगी आदि रोगों का वह दौरा, जिसमें आदमी बेहोश हो जाता है और उसके मुंह से झाग आदि निकलने लगती है. मुहावरा है फिट आना यानी मिरगी का दौरा होना, बेहाशी आना, फिट का रोग यानी मिरगी या मूर्छा का रोग. फीट शब्द अंग्रेजी मूल का शब्द है और फुट का बहुवचन रूप है. इसका प्रयोग हिंदी में धड़ल्ले से होता है. हालांकि भाषाविद बहुवचन में भी फीट के बजाय फुट शब्द के प्रयोग की ही सलाह देते हैं.

# और सिर से उतर गया सादगी का भूत

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



बार-बार कोशिशों के नाकाम होने के बावजूद हमारे सिर से सादगी का भूत नहीं उतरा. जब हमारी शादी हुई तो हमने कहा कि विवाह में बैंड-बाजा बेकार की बातें हैं. इन सबकी कोई आवश्यकता नहीं होती है." लड़की वालों तक जब बात पहुंची, तब उनकी पहली प्रतिक्रिया यह थी कि" बैंड-बाजे का खर्च लड़के वाले करते हैं, अतः दामाद जी इस खर्च से पीछा छुड़ाने का नाटक न करें." हमने स्पष्ट कह दिया "यह नाटक नहीं, सादगी का सैद्धांतिक प्रश्न है. हम बैंड-बाजा किसी हालत में नहीं करेंगे." ससुर जी को पहले तो शंका हुई कि कहीं दामाद जी का दिमाग का एक पेंच हिला हुआ तो नहीं है? लेकिन जब उन्होंने देखा कि बाकी सारी बातें ठीक हैं, बस केवल इन्हें सादगी का दौरा पड़ता रहता है, तब उन्होंने किसी तरह अपने खर्चे से बैंड-बाजे का इंतजाम किया और हमारी सादगी को दूर से "जय राम जी की" कर लिया. सादगी का हमारा अगला प्रयोग अभी बाकी था. हमने घरवालों से कहा "प्रीतिभोज में धन की बर्बादी होती है. व्यर्थ ही एक हजार लोगों को बुलाकर लोग दावत करते हैं. इसके स्थान पर सादगी से विवाह होना चाहिए अर्थात किसी को न बुलाया जाए, न निमंत्रण पत्र बांटे जाएं." घर वालों ने अब तक समझ लिया था कि इस लड़के को सादगी का शौक चर्राता रहता है. अतः इसको अपना काम करने दो. मगर इस चक्कर में परिणाम स्वरूप पूरे शहर से हमारी लड़ाई हो गई. अनेक लोगों ने हमारे मुंह पर आकर यह स्पष्ट कह दिया कि हम आपको अपना बहुत निकट का व्यक्ति समझते थे, लेकिन आज पता चला कि आपकी तो विवाह-सूची में एक समय का भोजन करने वालों तक में भी हमारा नाम नहीं है. अब काहे की हमारी आपकी रिश्तेदारी, काहे का सामाजिक मेलजोल और काहे की निकटता. देखते ही देखते हमारा सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया. जिन लोगों ने अपने तीन लड़कों की शादियों में हमें सस्नेह सपरिवार निमंत्रण पत्र दिया था, अब वे चौथे लड़के की शादी में हमसे किनारा कर गए. हमारे गहरे दोस्त हमारे सामने से अपनी शादी के निमंत्रण-पत्रों की गड्डी हाथ में लेकर निकलते थे, मगर हमारी तरफ उपहास की दृष्टि से देखते थे और हमें बिना निमंत्रण-पत्र दिए मूछों पर ताव देते हुए आगे बढ़ जाते थे. हम अलग-थलग पड़ गए और रह-रहकर उस दिन को कोसने लगे ,जब हमें अच्छे-खासे बैठे-बिठाए सादगी की उचंग उठी थी और हमने अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार ली थी. अब हमने निश्चय कर लिया है कि हम भूलकर भी सादगी के चक्कर में नहीं पड़ेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### कुएं में गिरने से किसान की मौत

**गुमला।** पालकोट के बिलिंगबिरा रोड स्तिथ डांड़ बारी कुएं में डूबने से दोरदोरो टोली निवासी महादेव उरांव 42 वर्ष की मौत हो गई. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर कुएं से शव को निकाला. शव की पहचान महादेव उरांव के रूप में की गई. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया.मृतक महादेव उरांव की पत्नी मंगरी उराईन ने कहा कि उसका पति खेती-बारी का काम करता था. सोमवार की रात पानी लेने के लिए कुएं गया और नहीं लौटा. मंगलवार को डेढ़ 1.30 बजे कुएं में शव देखने के बाद घटना की सूचना पालकोट थाना को दी गई.

### छात्रावास पोषण योजना स्वीकृत,हर्ष व्यक्त किया

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा ने छात्रावास पोषण योजना 2024 को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने बताया कि इस योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्र छात्राओं को सुबह का नाश्ता दिन और रात का भोजन दिया जायेगा. यह योजना एनजीओ से संचालित होगी और प्रति छात्र 3000 रुपया खर्च होगा.

### मानस महायज्ञ की तैयारी को लेकर 15 को होगी बैठक

**गढ़वा।** जिला के कांडी प्रखंड में कार्यरत मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वाधान में 24वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. इसकी तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए 15 फरवरी, 2024 को सुबह 11 बजे एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है.सूचना जारी करते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि यह बैठक सतबहिनी झरना तीर्थ के कार्यालय प्रांगण में होगी. इसमें महायज्ञ के निर्विघ्न व सफल आयोजन को लेकर कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा. इसके साथ ही महायज्ञ के अनेक कार्यों का सदस्यों के बीच विभाजन किया जाएगा.

### राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सभी कमेटियां भंग हुईं

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक की सभी कमिटी को भंग कर दिया गया है. उक्त घोषणा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की. श्री तिवारी ने मंगलवार को जारी प्रेस बयान में कहा है कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने कई बड़े धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया है. निकट भविष्य में भी कई बड़े आयोजन की तैयारी की जा रही है, जिसे सफलता की मंजिल तक पहुंचाने के लिए नये एवं पुराने चेहरों को मिलाकर नई कमेटी की जल्द घोषणा की जाएगी.

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ 16 से, तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया है. श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की शुरूआत 16 फरवरी को कलशयात्रा के साथ होगी देवी मंडप ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवत कथा का समापन 24 फरवरी तक चलेगा. आयोजन समिति के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है.16 की सुबह में कलश यात्रा निकालेगी. 17 से वृंदावन से पधारी भागवत कथावाचक अलका किशोरी श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाएंगी. यजमान विनोद अग्रवाल, शशिकला देवी, विजय पाल, बेबी देवी एवं अंबिकापुर के विशाल सिंह, दीपिका सिंह पूजा अनुष्ठान में सक्रिय रहेंगे.

**वेलेंनटाइन डे स्पेशल :** नेतरहाट को अंग्रेजों ने नेचरहट का नाम दिया था,खूब आते हैं पर्यटक

# आज भी नेतरहाट की फिजाओं में जिंदा है अधूरे प्रेम की दास्तां

**आशीष टैगोर । लातेहार**

न उम्र की सीमा हो, न जन्म का बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन... इन पंक्तियों से बेहतर प्रेम की अभिव्यक्ति और क्या हो सकती है. कहते हैं न कि प्रेम न तो उम्र देखता है और ना ही यह देखता है कि आप किस जाति या धर्म में जन्में हैं. प्रेम के लिए तो सिर्फ मन से मन मिलने की दरकार है. यही कारण है कि जब नेतरहाट के एक गड़ेरिया और अंग्रेज अफसर की बेटी मैग्नोलिया का दिल से दिल मिला तो फसाना बन गया. खूबसूरत वादियां, ऊंच्चे-नीचे पर्वत और कल-कल बहती नदियों के बीच बसे नेतरहाट को अंग्रेजों ने नेचरहट का नाम दिया था. जो बाद में नेतरहाट में तब्दील हो गया. कहते हैं कि जब अंग्रेज पहली बार यहां आये तो गरमी का मौसम था, बाजवूद इसके नेतरहाट में उन्हें ठंड का आभास हुआ. इसके बाद अंग्रेजों ने यहां अपना कैंप कार्यालय खोला. इसी कैंप मे एक अंग्रेज अधिकारी था. उसकी एक बेटी थी मैग्नोलिया. मैग्नोलिया बेहद खूबसूरत थी और उसे घुड़सवारी का बहुत शौक था. वह नेतरहाट के उस चट्टान पर अक्सर पर जाया करती थी ,जहां से सूर्यास्त का नजारा बेहद ही खूबसूरत दिखता था. इसी चट्टान पर बैठकर एक स्थानीय गड़ेरिया प्रति दिन अपनी बांसुरी बजाता था.



**गहरी खाई में घोड़ा समेत छलांग लगा दी**

जब यह बात मैग्नोलिया को पता चली तो वह सुधबुध खो बैठी .अपने घोड़े के साथ उसी चट्टान पर पहुंची जहां वह घंटों उस गड़ेरिये के कंधे पर सिर रखकर बांसुरी सुना करती थी. आज वह चट्टान वीरान थी. आज गड़ेरिये की बांसुरी की तान फिजाओं में नहीं गूज रही थी. अपने प्यार को खोने के गम में मैग्नोलिया ने अपने घोड़े के साथ उस चट्टान से सैकड़ों फीट नीचे खाई में छलांग लगा कर अपने अधूरे प्यार की कहानी को अमर कर दिया. आज भी वह चट्टान नेतरहाट में है. इस जगह को मैग्नोलिया प्वाइंट का नाम दिया गया है. यहां उस गड़ेरिये और मैग्नोलिया की एक प्रतिमा लगायी गयी है. यहा पर्यटन सुविधाएं बहाल करने का प्रयास जारी है.

**दोस्ती कब प्यार में बदला पता ही नहीं चला :** अब तक दोनों में गहरी दोस्ती हो गयी थी. लेकिन उनकी यह दोस्ती कब प्यार में बदल गयी, दोनों को पता ही नहीं चला. गड़ेरिया यहां रोज अपनी मगन में बांसुरी बजाता और मैग्नोलिया उसके कंधे पर सिर रखकर बांसुरी की तान सुनती रहती. लेकिन उनके इस प्यार को मानो जमाने की नजर लग गयी, धीरे-धीरे यह बात मैग्नोलिया के अंग्रेज पिता तक पहुंची. फिर क्या था, अंग्रेज अफसर आग बबूला हो गया और अपनी बेटी व उस गड़ेरिये को एक-दूसरे से दूर रहने का फरमान सुना डाला.

200 करोड़ की लागत से बनेगी गढ़वा की तीन सड़कें, कैबिनेट ने दी स्वीकृति

# झूठ व फरेब की बुनियाद लंबी नहीं होती: मिथिलेश

**संवाददाता । गढ़वा**

गढ़वा जिले की तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा. राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इन तीनों सड़कों के निर्माण पर क़रीब 200 करोड़ रुपए की लागत आयेगी. पथ निर्माण विभाग झारखंड (पीडब्लूडी) द्वारा इनका निर्माण किया जाएगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा अन्तर्गत डेंटल मोड़ एनएच 75 से हूर चारमुहान होते हुए नावादोहरी एनएच 343 तक 15 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा. करीब 98 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है. इसके निर्माण से फरठिया, महुपी, मधेया, हूर, नावादोहरी आदि गांव सीधे पीडब्ल्यूडी सड़क से दोनों एनएच से जुड़ जायेंगे. यह सड़क सात मीटर चौड़ी अर्थात् डबल लेन की होगी. इस पथ के निर्माण होने से एक अतिरिक्त बाईपास की सुविधा भी मिल सकेगी. इससे जुड़े गावों का सामाजिक-आर्थिक विकास भी हो सकेगा. दूसरी सड़क भी अति महत्वपूर्ण है. यह एक ओर एनएच 75 तो दूसरी ओर राज्य राजपथ को जोड़ती है. यह सड़क एनएच 75 से बिकताम, दलेली होते हुए मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ेगी. लगभग नौ किमी की इस सड़क के निर्माण पर भूमि अधिग्रहण सहित क़रीब 40 करोड़ की लागत आएगी. यह सड़क भी डबल लेन सात मीटर की होगी तथा एक बाईपास का कार्य भी करेगी.

तीसरी सड़क की मांग भी कई वर्षों से नगर उंटारी एवं गरबांध की जनता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाता रहा है. यह सड़क नगर उंटारी एनएच 75 से ग़रबांध होते हुए रोहिनिया पीडब्ल्यूडी तक जाएगी. 15.7 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपए खर्च होंगे. यह पथ झारखंड एवं यूपी को जोड़ने वाली एक लिंक का कार्य करेगी. आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के लिए यह सड़क एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाएगी.



**खास बातें**

- नौ किमी के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में 40 करोड़ खर्च
- सड़क निर्माण होने से लोगों की बहुम पुरानी मांग पूरी होगी

**चार वर्षों में गढ़वा का अभूतपूर्व विकास हुआ**

विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले चार वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास हुआ तथा अगले वर्षों में विकास का विजन के साथ जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है वह पूर्णरूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और गढ़वा के प्रति उनके असीम स्नेह का ही परिणाम है. गढ़वा की समस्याओं, यहां के लोगों की तकलीफ़ों को उन्होंने न सिर्फ़ देखा था बल्कि महसूस किया था. आज एक साजिश के तहत उन्हें पदच्युत किया गया है, पर जल्द ही सच सामने आएगा और वे पुन: हमारे बीच होंगे. झूठ, फ़रेब की बुनियाद लंबी नहीं होती. उन्होंने कहा कि इस सरकार को अपने कार्यकाल पूरा करने में अभी लगभग दस महीने बाक़ी हैं. आगे भी गढ़वा की विकास गाथा की नई कहानियां लिखी जाएगी. गढ़वा की जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा को सबसे विकसित एवं बेहतर जिला बनने से कोई नहीं रोक सकता है.

**विकास कार्यों को देख कर भाजपा घबरा गई**

कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है. पूर्व ख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं. केंद्र की भाजपा सरकार अकारण परेशान कर रही है. इनके पास अब झारखंड में कोई काम नहीं रह गया. इस कारण हेमंत सोरोन को परेशान कर रही है. राज्य की बेहतरी एवं जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है. राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य एवं पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है. वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने एवं हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है. परंतु जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी. आने वाले समय में झारखंड की जनता इसका जबाव देगी.

### भतीजी के साथ दुष्कर्म के आरोप में चाचा गया जेल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ता को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भतीजी के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोपी चाचा सुदेश्वर उरांव को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया. एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सोमवार को दुष्कर्म की पीड़िता युवती ने अपने मां के साथ घाघरा थाना पहुंची और बीते रविवार की शाम युवती के साथ उसके चारा द्वारा नदी के समीप बाल खींच कर झाड़ी में ले जाने और दुष्कर्म की शिकायत की है. पीड़िता के बयान पर घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और त्वरित कार्रवाई करते दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया.

### वज्रपात से एक घायल दो मवेशियों की मौत

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के दो अलग–अलग पंचायतों में हुई वज्रपात में दो मवेशियों की मौत हो गयी. मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे मंगरा ग्राम में हुई वज्रपात में एक बैल की मौत हो गई. जबकि वहीं मवेशी मालिक कमल सिंह (45) भी इस वज्रपात में घायल हो कर बेहाश हो गया. उसे आनन–फानन में इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया. यहां डा जयवंत लकड़ा ने इलाज किया. दूसरी ओर प्रखंड के केचकी पंचायत के लालीमाटी गांव में हुई वज्रपात में सुगिया कुंवर के एक गाय की मौत हो गई. दूसरी गाय घायल हो गई. केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है.

# गढ़वा में प्रेमिका की हत्या का आरोपी गिरफ्तार,हथियार जब्त



**संवाददाता । गढ़वा**

गढ़वा पुलिस ने मझिआंव थाना क्षेत्र के कोइनबार गांव में 4 दिन पहले अरहर के खेत में मिली अज्ञात महिला के शव मामले का खुलासा कर लिया है. पुलिस ने इस कांड में महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. मंगलवार को पीसी कर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने इसकी जानकारी दी.

एसपी ने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले महिला की पहचान कराई. उसकी पहचान अफसा तबस्सुम उम्र 30वर्ष ग्राम चन्द्रपुरा थाना मझिआंव, गढ़वा के रूप में हुई. इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल सेल और सूत्रों की मदद से हत्याकांड के आरोपी की तलाश शुरू की. पता चला कि महिला की शेख सलीम के साथ दोस्ती थी. पुलिस ने टेक्निकल सेल और सूत्रों के माध्यम से आरोपी शेख सलीम को धर दबोचा. पुलिस पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया. बताया कि उसने ही अफसा की हत्या कर अरहर के खेत में लाश को फेंक दिया था. उसे शक था कि अफसा दूसरे के संपर्क में है, इसलिए उसने उसे मार दिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सामान को भी बरामद कर लिया है.

### दस सदस्यीय पलामू की टीम गुजरात रवाना

**मेदिनीनगर।** 16 से 18 फ़रवरी तक गुजरात विश्वविद्यालय में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए पलामू जिले से 10 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम अहमदाबाद रवाना हुई. टीम में अंडर 16 बालक वर्ग में जीपीएस स्कूल से आशुतोष कुमार ठाकुर - पैंथालोन , अंकित कुमार -जेवेलिन, प्रतम्य पाण्डेय - गोला फेंक, बीसीसी मिशन स्कूल से साधना कुमारी -60 मीटर दौड़, वीपीएम ज्ञान निकेतन से संध्या कुमारी- ऊंची कूद व अंश कुमार -60 मीटर दौड़ तथा अंडर 14 बालक वर्ग में ट्रेथलॉन के वीपीएम ज्ञान निकेतन से अपर्णा कुमारी व मानसी कुमारी, जीजीपीएस जमुने से प्रतीक उपाध्याय तथा ओरिएंट स्कूल से आयुष कुमार शामिल हैं. टीम के साथ एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे एवं मैनेजर रंजीत कुमार सिंह भी साथ गए हैं. पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया .

सहायक अध्यापक के असामयिक निधन पर शोक

# दस दिनों में तीन सहायक अध्यापकों का असमय निधन

**संवाददाता । लातेहार**

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गुरगू (तरवाडीह) के सहायक अध्यापक अयोध्या प्रसाद का निधन सोमवार की शाम हो गया. दिवगंत अयोध्या प्रसाद शहर के संत जेवियर एकेडमी स्कूल में बने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा केंद्र में प्रतिनियुक्त थे. परीक्षा समाप्त होने के बाद वे अपने घर जा रहे थे. इस दौरान उन्हें बैचेनी महसूस हुई. घर जा कर चाय पिया तो उनकी बेचैनी और बढ़ गयी. तत्काल उन्हें एक कार से सदर अस्पताल ले जाया जाने लगा. रास्ते में ही शहर के थाना चौक के पास उन्होंने दम तोड़ दिया. मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया. सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार व महासचिव अनूप कुमार ने बताया कि बीते दस दिनों में लातेहार में तीन सहायक अध्यापकों का निधन हो चुका है. 31 जनवरी को अमरनाथ लाल, चेताग,बालूमाथ, 10 फरवरी को दयालाल भगत, मंदरचुरिया और 12 फरवरी को अयोध्या प्रसाद, गुरगु लातेहार का निधन हो गया है. राज्य सरकार की उदासीनता, वादा खिलाफी और समय पर मानदेय नहीं मिलने के कारण सहायक अध्यापक अवसाद ग्रसित हो चुके हैं. दिवगंत हुए सहायक अध्यापकों की मदद के लिए सरकार के पास न तो कोई योजना है और ना ही प्रावधान. 20 वर्षो से अधिक समय से कार्य कर रहे पारा शिक्षक टेट आकलन विभागीय परीक्षा भी पास कर चुके है. सरकार के हर कार्य जैसे चुनाव, जनगणना व परीक्षा ड्यूटी आदि को करते आ रहे है. सरकार सहायक अध्यापकों की कच्ची नौकरी को पक्का करने का वादा करके भी वादा खिलाफी करते आ रही है. जो बंदूक उठाते हैं, उनके लिए सरकार पुर्नवास नीति लाती है और जो कलम से बच्चो का भविष्य संवार रहे हैं.

**राजनीति** झामुमो गढ़वा नगर कमेटी के भी कई लोगों ने छोड़ी पार्टी

# पलामू के पूर्व सांसद घुरन राम ने राजद से दिया इस्तीफा

**संवाददाता । गढ़वा**

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव, राजद संसदीय बोर्ड के सदस्य पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद घुरन राम ने पार्टी के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, संगठन सचिव उमेश सिंह, डंडई प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र मेहता, गढ़वा नगर कमिटी अध्यक्ष अरविंद पटवा, सन्नी चंद्रवंशी आदि ने भी झामुमो छोड़ दिया है. घुरन राम ने मंगलवार को शहर के चिनियां मोड़ स्थित होटल कृष्णा हरि में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी. जानकारी देते हुए पूर्व सांसद श्री राम ने बताया कि वे पार्टी में लगातार उपेक्षित महसूस कर रहे थे. वर्तमान में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार है. इसमें अनुसूचित जाति के लिए कहीं कोई जगह नहीं है और न ही कोई मान सम्मान है.

झारखंड में अनुसूचित जाति को न तो कोई मंत्री बनाया गया और न ही किसी बोर्ड, निगम में ही स्थान दिया गया. राजद व इंडिया गठबंधन में रह कर हम अपने लोगां को भला नहीं कर पायेंगे, इसलिए पार्टी छोड़ना ही बेहतर है. उन्हांने कहा कि अनुसूचित जाति यहां काफी उपेक्षित महसूस कर रहा है. अभी तो इस्तीफे की शुरूआत हुई है. इंडिया गठबंधन से दलित समाज के लोगों का इस्तीफा का तांता लगेगा. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है. मौके पर उक्त सहित फजील अहमद, कुर्बान अंसारी, राजेंद्र राम, अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे.



**खास बातें**

- पार्टी पर लगाया उपेक्षित करने सहित कई आरोप
- झारखंड सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ डूबी हुई है

# खुद को जीवित साबित करने के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रही हैं पूनम

**संवाददाता । लातेहार**

जिले के गारू प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत निवासी पुनम कुमारी खुद को जीवित साबित करने के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रही है. सरकारी बाबुओं की गलत सर्वे के कारण पूनम पिछले 13 वर्षो से राशन व मतदान से वंचित है. सरकारी कार्यालयों में जा कर जब उसने पता किया तो उसे बताया गया कि सरकारी डाटा में उसे मृत घोषित कर दिया गया है. जब उसने कहा कि वह जीवित है, उसका नाम राशन कार्ड व मतदाता सूची मे जोड़ दें तो उसे हर बार टाल दिया जाता है. पूनम ने बताया कि वह अपना नाम जुड़वाने के लिए वर्षों से सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रही है. पूनम ने उपायुक्त से इसे ले कर गुहार लगायी है.



**खास बातें**

- सरकारी बाबुओं की गलत सर्वे का खामियाजा भुगत रही हैं पूनम
- पूनम पिछले 13 वर्षों से पीडीएस का राशन व मतदान से वंचित हैं

## न्यूज अपडेट

### रास्ते की मांग को लेकर धरना पर बैठे ग्रामीण



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग एक किलोमीटर दूर के कई महिला व पुरुष पिछले चार दिन से धरना पर बैठे हैं. इनकी मांग है इनके घर के सामने रास्ता दिया जाये. उन्होंने बातया कि कुछ दिन पूर्व इनके घर के सामने पड़ने वाले जमीन मालिक अपने जमीन पर बाउंड्री वॉल खड़ा कर दिया है. जिससे हम सबक रास्ता अवरूद्ध हो गया है. हमलोगों को घर आने जाने में परेशानी हो रही है. धरना पर बैठे तुलसी बैठा कहते हैं हमलोग चार दिन से न्याय की आस में प्रखंड कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे हैं. हम गरीब की कोई सुनने वाला नहीं है. यदि कोई अमीर व समृद्ध लोग बैठे होते तो पूरा तंत्र दिन भर में चार बार उनका हाल जानने पहुंचता.

### बारिश से जनजीवन प्रभावित,लोग घरों में दुबके



**लातेहार।** सोमवार की रात्रि से ही लातेहार एंव जिले के अन्य प्रखंडों मे बादल छाये थे. मंगलवार की सुबह से ही बारिश हो गयी. घने काले बादल के कारण अंधेरा छा गया. लातेहार व बालुमाथ में मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट इस बारिश के कारण फीका रहा. ग्रामीण क्षेत्रो से ग्रामीण बाजार नहीं आ पाये. इसका असर बाजार पर पड़ा. बारिश से प्रखंडो के खेत और तालाब में पानी भर गया. खेतों में खड़ी फसलों को इस बारिश से काफी नुकसान हुआ है. बालूमाथ के किसान नथु उरांव,रूपन उरांव,महेश राम,धनशू भूइयां, शूकर गंझू व भोंदलाल गंझू ने बताया कि इस बारिश से हम लोग का फसल नुकसान हो गया.

### मझिआंव में पत्रकार अजय सिन्हा को दी गयी श्रद्धांजलि



**मझिआंव।** लातेहार के पत्रकार अजय सिन्हा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पर मझिआंव प्रखंड सभागार में सभी पत्रकार के द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई. बताते चले की 11 फरवरी के दिन ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमंडल अध्यक्ष सह लातेहार के पत्रकार अजय सिन्हा का शव क्षत विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था. मौके पर अखिलेश ठाकुर, विनय , उपेंद्र ,सत्यम जायसवाल, अनुप सिंह, अमित मेहता, रवि मेहता, कुमारी दीपिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### बालूमाथ में भाजपा नेताओं का किया गया स्वागत



**बालूमाथ( लातेहार)।** बालूमाथ भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड स्थित होटल मनोकामना में लातेहार के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा एवं पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को चतरा जाने के क्रम में स्वागत किया. भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि बालूमाथ में भाजपा कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की. इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार साव, कृष्ण यादव, रामेश्वर गुप्ता के अलावा कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### विनित मधुकर बने झारखंड एथलेटिक्स संघ के सदस्य



**लातेहार।** सांसद प्रतिनिधि सह लातेहार जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव विनित कुमार मधुकर को झारखंड एथलेटिक्स संघ का कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है. रांची के आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम, नामकुम में आयोजित झारखंड एथलेटिक्स संघ का चुनाव सह वार्षिक बैठक (एजीएम) में यह निर्णय लिया गया.मधुकर को झारखंड एथलेटिक्स संघ का सदस्य बनाये जाने पर कई लोगों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है.बधाई देनेवाले में चतरा सांसद सुनील सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जावेद अख्तर, राजदेव प्रसाद, मिंकू प्रसाद, विष्णुदेव गुप्ता, अमरजीत सिंह, अनिल सिंह, पवन कुमार गुप्ता, चंद्र प्रकाश सिंह, देवाशीष कुमार, अवधेश सिंह चेरो, मुकेश सिंह, दिलीप यदुवंशी, मनीष सिंह, नरेंद्र पांडेय, छोटू राजा, अश्विनी सिंह, आनंद सिंह व दिलीप प्रसाद आदि का नाम शामिल है.

### कुकिंग प्रतियोगिता में हुंडरू की रसोइया ने जीता प्रथम पुरस्कार



**लातेहार।** प्रखंड संसाधन केंद्र, लातेहार के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता मे राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, हुंडरू की रसोइया उषा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पोचरा की रसोइया सुनीता देवी व कलावती देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मौके पर लेखापाल गजेंद्र राम, अली अख्तर, पवन कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, प्रभावती देवी, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार यादव, शंभु राम व प्रकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे.

### कस्तूरबा की सुमति कुमारी को डीसी ने किया सम्मानित



**सिमडेगा।** खेलो झारखंड 2023 गोल्ड जीतने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ठेठईटांगर की सुमति कुमारी को सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह जैबलिन देकर सम्मानित किया. डीसी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की और ज़िले का नाम रोशन करने के लिए धन्यवाद दिया. डीसी ने कहा कि इस खेल से भारत ने पदक लाकर देश की पहचान पूरी दुनिया में बनाई है, जिससे इस खेल से भी आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं है. इस मौके पर पर ठेठईटांगर बीडीओ और स्कूल की वार्डन पूनम साहू और लेखापाल मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### ग्रामीणों ने की पंचायत सचिव को हटाने की मांग

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत धोलाबेड़ा पंचायत के जानेगोड़ा के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव और कंप्यूटर ऑपरेटर पर ग्रामीणों द्वारा चुने गये अबुआ आवास योजना के लाभुकों का नाम हटाने का आरोप लगाया है. इस संबंध में झारखंड के सीएम, उपायुक्त, विधायक और विधायक से शिकायत की गई है. ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामसभा के माध्यम से योग्य लाभुकों का चयन किया गया था. लाभुकों का भौतिक सत्यापन और जियोटैग भी पदाधिकारियों द्वारा की गई.

### शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के केसरदा गांव निवासी शिवलाल बेरा का कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. जिसकी सूचना पर पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात किए तथा उप विकास आयुक्त मनीष कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर सरकारी प्रावधानों के तहत जो भी मुआवजा उन्हें मिलना चाहिए जल्द से जल्द उनके परिवार को दिलाने का आग्रह किया.आत्मा को ईश्वर के श्री चरणों में स्थान मिलने व परिजनों को इस शोक से उबरने का साहस दे .

### ग्रामीण एसपी ने लखाईडीह के ग्रामीणों से की बात

**डुमरिया।** डुमरिया थाना क्षेत्र के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित लखाईडीह में मंगलवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रकार के सामाग्रियां वितरित की गई. मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण एसपी रिषभ गर्ग उपस्थित हुए. उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा सहयोग के लिए तत्पर है. किसी प्रकार की आवश्यकता होने पर बेझिझक होकर संपर्क कर सकते हैं. एसपी ग्रामीण ने स्कूली बच्चों को कॉपी और बैग प्रदान किया.

### ललिता ने अबुआ आवास दिलाने की मांग की

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के खुरा पंचायत के बभंडीह ग्राम निवासी ललिता देवी अबुआ आवास की मांग प्रशासन से की है. मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में उन्होंने इसे ले कर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को एक आवेदन सौपा है. उन्होंने अपने आवेदन में अबुआ आवास योजना में गलत तरीके से लाभुकों का चयन करने का आरोप लगाया है. उसने कहा कि उसका नाम सूची में नहीं जोड़ा गया है. ललिता देवी ने बताया है कि उसका घर तीन साल पहले गिर चुका है.

### पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने निकाला मशाल जुलूस

**लातेहार।** आखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू), लातेहार के तत्वावधान में जेएसएसी सीजीएल का पेपर लीक होने के विरोध में शहर में मशाल जुलूस निकाला गया. इसकी अध्यक्षता छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिजीत ने किया. मशाल जुलूस के थाना चौक से लेकर समाहरणालय मोड़ तक निकाली गयी. जिला अध्यक्ष अमीतपांडेय ने पेपर लीक मामले की सीबीआई से जांच कराने, जेएसएससी के अध्यक्ष सहित अधिकारियों को अविलंब हटाने, लोकतांत्रिक तरीके की विरोध कर रहे .

### परिवार नियोजन कार्यक्रम को ले प्रशिक्षण आयोजित

**लातेहार।** सदर प्रखंड स्थित सीएचसी के सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर पांच दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार - प्रसार कर परिवार नियोजन के अस्थाई विधियों को लोगों के बीच में जानकारी उपलब्ध करना है. ताकि तेजी से बढ़ते हुये जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सके. ग्रामीणों को यह जानकारी देना हे कि दो बच्चों के बीच में अंतराल का यह एक अस्थाई विधि है.

### आंगनबाड़ी केंद्र का जिप सदस्य ने निरीक्षण किया

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड के रुद पंचायत के पंडरा ग्राम का आंगनवाड़ी केंद्र जर्ज़र हो चुका है. ग्रामीणों की शिकायत पर जिप सदस्य जीरा देवी व 20 सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया. ग्रामीणों नें बताया कि उन्होंने इसे ले कर अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया है. लेकिन कोई पहल नहीं हुई. ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका पास के विद्यालय भवन से केंद्र संचालन करती है.

मौसम बिगड़ने के बाद चांडिल में सुबह हुई बारिश, कीचड़ व जलजमाव से लोग परेशान

## सरस्वती पूजा की तैयारियों में खलल डाल रहा मौसम

संवाददाता। चांडिल



विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा की तैयािरयों में मौसम खलल डालने का प्रयास कर रहा है. देवी की पूजन अनुष्ठान में एक दिन शेष रह गए हैं और मौसम है कि अपनी करवट बदल दी है. इस वर्ष सरस्वती पूजा बुधवार 14 फरवरी को होगा. इसको लेकर जगह-जगह पंडाल निर्माण व सजावट का काम जोरों पर चल रहा है. ऐसे समय में मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल उमड़ने के साथ मंगलवार की सुबह हल्की बारिश भी हुई. ऐसे में पूजा अनुष्ठान की तैयारियों में व्यावधान उत्पन्न हो रहा है. पूजा आयोजन समिति के अलावा शिक्षण संस्थान व घरों में होने वाली पूजा को लेकर मंगलवार को ही खरीदारी करनी है. ऐसे में मौसम का बदला मिजाज रंग में भंग डालने का काम कर रहा है.

### तीन दिनों तक बिगड़ा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को मौसम का मिजाज बिगड़ा और सुबह बारिश होने लगी. हालांकि बारिश हल्की होने के बाद बंद हो गई और मौसम में बदलाव होने लगा. इस दौरान आसमान में आंशिक बादल छाए रहे. सूरज देव तो दिखाई दिए, लेकिन धूप की गर्मी महसूस नहीं हो रही थी .वहीं मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा ही रहेगा. इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और बारिश होने की संभावना भी बनी रहेगी. मौसम विभाग के अनुसार 16 फरवरी से मौसम में सुधार होने की संभावना है. इस दौरान भी आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. इसके बाद अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगेगा.

## टाटा स्टील में ट्रासजेंडर के लिए निकाली गयी बहाली

संवाददाता। जमशेदपुर

टाटा स्टील में ट्रांसजेंडर के लिए कई पदों पर बहाली निकाली गई है. इसके लिए टाटा स्टील ने आवेदन आमंत्रित किए है. आवेदक 15 फरवरी तक आवेदन कर सकते है. यह बहाली टाटा स्टील के सारे प्लांट के लिए निकाली गयी है. चयनित अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू में भी पास होना होगा जिसके बाद उनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी. आवेदक को ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा. इसके लिए आवेदक को इंग्लिश या आइटीआइ में मैट्रिक पास, किसी भी क्षेत्र में स्नातक या इंजीनियरिंग में डिप्लोमा ट्रांसजेंडर आवेदन कर सकते हैं. एआइसीटीइ या यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.

### मेरामंडली में भी निकली बहाली

टाटा स्टील के मेरामंडली में भी बहाली निकाली गई है. इसमें एसोसिएट इंजीनियर 1 एसबी डी1 ग्रेड के लिए बहाली निकाली गयी है. इसके तहत मेटलर्जी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन में इंजीनियरिंग करने वाले को बहाल किया जायेगा. इसके अलावा आरडी टाटा टेक्निकल एजुकेशन और जेएन टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेंटर पर आवेदन दे सकते है. तीन साल तक काम करने का अनुभव वालों को प्राथमिकता दी जायेगी. जेनरल और ओबीसी के आवेदक 1 फरवरी 1992 से 1 फरवरी 2006 तक जन्में होना चाहिए .

जमशेदपुर मॉब लिंचिंग मामले में पुलिस की कार्रवाई

## 24 घंटे में पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर में सोमवार तड़के भीड़ ने चोरी के आरोपी अमन मंडल और संजीत धान की बेरहमी से पिटाई कर दी थी. हालांकि घटना के बाद पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया था. जहां इलाज के दौरान अमन ने दम तोड़ दिया था. इधर, मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में नामजद आरोपी चेतन बास्के, होपना टुडू और होपना टुडू शामिल है. सभी जहेरा टोला के ही रहने वाले है. इसम मामले में पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज कराई है. पहली प्राथमिकी में अमन और संजीत पर चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई वहीं दूसरी प्राथमिकी संजीत धान के बयान पर दर्ज की गई थी.पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

**जान की भीख मांगता रहा अमन :** घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है. इस वारयल वीडियो में दिख रहा है कि अमन की बेरहमी से पिटाई की जा रही है. बस्ती के लोग लाठी-डंडे से अमन और संजीत की पिटाई कर रहे है. इस बीच अमन कई बार अपनी जान की भीख मांगता रहा पर लोगों को उसपर दया नहीं आई और लोग उसकी पिटाई करते रहे. अंत में अमन हिम्मत हार गया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इधर, संजीत की स्थिति बेहतर बताई जा रही है.

### खास बातें

- भीड़ ने अमन व संजीत की बेरहमी से पिटाई कर दी थी
- इलाज के दौरान अमन ने दम तोड़ा,संजीत अस्पताल में भर्ती
- पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है

### ये है मामला

बता दे कि संजीत धान और अमन सोमवार तड़के जहेरा टोला में चोरी करने के लिए घुसे थे. एक घर में सिलेंडर चोरी करने के दौरान उनकी हाथ से सिलेंडर गिर पड़ा जिसकी आवाज से घर वाले जाग गए और दोनों को पकड़ लिया. इसके बाद बस्ती वालों ने दोनों को पकड़कर पिटना शुरु कर दिया. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां चार घंटे बाद अमन ने दम तोड़ दिया.

### मानगो फायरिंग मामले में पुलिस हिरासत में एक

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत दाईगुटू कृष्णा रोड में सोमवार रात विवाद के बाद हुई मारपीट और फायरिंग में शंकर सिंह और उसका साथी अनिल साहू घायल हो गए थे. शंकर और अनील के सिर पर पिस्टल की बट से वार किया गया था. मामले में शंकर के पिता रामसेवक सिंह के बयान पर विकास तिवारी और सात अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं कई लोगों से पूछताछ भी की जा रही है. प्राथमिकी में बताया गया है कि पड़ोसियों के बीच बच्चों को लेकर विवाद हुआ था इसी विवाद में विकास सिंह समेत अन्य लोग आए और वर्चस्व दिखाते हुए फायरिंग कर दी. हालांकि गोली किसी को नहीं लगी पर घटना में शंकर और अनिल घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए एमजीएम में भर्ती कराया गया था.

छह खिलाड़ी एथलेटिक्स मीट के लिए गुजरात रवाना

## एथलेटिक्स मीट में जलवा दिखाएंगे कुकड़ू के खिलाड़ी

संवाददाता। चांडिल

गुजरात में होने वाले 19वें नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड के छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है. एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2024 तक होगा. एथलेटिक्स मीट के लिए हुई चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र से छह खिलाड़ी इसके लिए चयनित हुए हैं. चयनित खिलाड़ियों में लक्ष्मी सिंह, मोनिका महतो, काजल कुईरी, विश्वजीत महतो, तापस पांडेय एवं सुचांद महतो शामिल हैं. नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में अपना हुनर दिखाने के लिए कुकड़ू प्रखंड के खिलाड़ी सोमवार की शाम गुजरात के लिए रवाना हो गए.



### मिठाई खिलाकर किया गया रवाना

गुजरात रवाना होने से पहले सोमवार को तिरुलडीह थाना परिसर में खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया. सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए होने पर लोगों ने खुशी जताई. उपस्थित लोगों ने कहा अगर ग्रामांचलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो निश्चित रूप से गांव के खिलाड़ी भी देश का नाम रोशन करेंगे. इस अवसर पर कुकड़ू प्रखंड के उप प्रमुख मो .एकराम, सरायकेला जिला के प्रवर प्रचारी सिलवेस्टर बा, तिरुलडीह थाना के एएसआई रंजीत प्रसाद एवं मध्य विद्यालय कूदा के प्रधानाध्यापक लक्ष्मण महतो ने खिलाड़ियों को लड्डू खिलाकर बधाई दिया. इस दौरान सरायकेला जिला के प्रवर प्रचारी सिलवेस्टर बा ने चयनित खिलाड़ियों को कई टिप्स भी दिए. मौके पर कोच दामोदर जामुदा,बिरसा मुंडा, मो असफार उर्फ शेखू आदि शामिल थे.

## सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि ने किया योजनाओं का शिलान्यास

संवाददाता। घाटशिला



प्रखंड के बराजुड़ी पंचायत में मंगलवार को सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों ने तीन अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास किया. उक्त तीनों योजना एक करोड़ चौदह लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग की ओर से मुड़ाकाटी गांव में नेत्रा झरना पर 77 लाख रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा बराजुड़ी गांव तथा रघुनाथपुर गांव में दो तालाब जीर्णोद्धार का कार्य 37 लाख की लागत से रंजीत कोहली इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इन तीनों योजनाओं के पूर्ण हो जाने से लोगों को सिंचाई के साथ-साथ पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी. मौके पर ग्रामीणों ने सांसद विद्युत वरण महतो एवं विधायक रामदास सोरेन का आभार व्यक्त किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, जिला अध्यक्ष विक्टर सोरेन, विकास मजूमदार, रतन महतो, प्रताप दास, नीलकमल महतो, शिबू कोईरी सहित अन्य शामिल थे.

### पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं टुबली के ग्रामीण

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खेड़ुवा पंचायत अंतर्गत टुबली गांव के लोग विगत कोई माह से बंद पड़े सोलर जल मीनार के कारण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं.संबंधित विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने से ग्रामीण विभाग के प्रति काफी नाराज है.उधर ग्रामीणों का कहना है की सोलर जल मीनार खराब होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही पेयजल के लिए दूर से पानी लेकर घर परिवार चलाना पड़ रहा है. विभाग को इस बारे में कई बार अवगत कराए जा चुका है लेकिन अभी तक सोलर जल मीनार दुरुस्त नहीं हुआ है.

### 10 मार्च को लगेगा मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के बड़ाजुड़ी हाटतला में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई. बैठक में 10 मार्च को बड़ाजुड़ी में मेगा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया. शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने बताया कि गंगा मेमोरियल अस्पताल के सौजन्य से शिविर का आयोजन होगा. विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम जांचोपरांत चयनित मरीजों का गंगा मेमोरियल अस्पताल में निःशुल्क ऑपेरशन किया जाएगा. बताया कि प्रख्यात चिकित्सक डॉ नागेंद्र सिंह द्वारा अपनी मां स्व. गंगा देवी की याद में प्रति वर्ष मेगा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन होता है. उसके बाद चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपेरशन किया जाता है. गंगा मेमोरियल अस्पताल के प्रतिनिधि सुरेश चौहान ने बताया कि इस वर्ष 500 मरीजों का निःशुल्क ऑपेरशन हेतू लक्ष्य रखा गया है.

## बर्मामाइंस बीपीएम प्लस 2 स्कूल में चोरी, पुलिस कर रही मामले की जांच

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना अंतर्गत बीपीएम प्लस 2 स्कूल में चोरों ने हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन को तब हुई जब मंगलवार सुबह स्कूल खोला गया. प्रबंधन ने पाया कि चोर स्कूल की सभी वायरिंग को उखाड़ कर ले गए.वहीं चोरों ने स्कूल की मेन बिजली वाली तार को भी नहीं छोड़ा. चोर स्कूल परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट को भी उखाड़ ले गए. घटना की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाकर बर्मामाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मामले में स्कूल की प्रधानाध्यापिका रंजिता गांधी के बयान पर बर्मामाइंस थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. वहीं विधायक सरयू राय से भी मिलकर कार्रवाई की मांग की गई है.



### आए दिन होती है चोरी की घटनाएं

स्कूल की प्रधानाध्यापिका रंजिता गांधी में आए दिन चोरी की घटनाएं आम हो चली है. नशेड़ियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है. मंगलवार को स्कूल परिसर में लगे सारे वायरिंग को काटकर उसकी चोरी कर ली गई. चोरों ने हाई मास्ट लाइट और विधायक फंटे से लगे सोलर लाईट को भी नहीं छोड़ा. बिजली नहीं होने से मंगलवार को कई काम नहीं हो पाया .

### लातेहारः सरस्वती पूजा आज, तैयारियां है पूरी

**लातेहार।** विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा की तैयारियां यहां पूरी कर ली गयी है. 14 फरवरी को सभी पूजा संघ एवं शैक्षणिक प्रतिष्ठानों में मां सरस्वती के पट दर्शनों के श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये जायेगें. शहर के विभिन्न पूजा संघों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा की तैयारियां कर ली गयी है. सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है. मंगलवार को विभिन्न मूर्तिकारों के यहां से लोगों को मां सरस्वती की प्रतिमाओं को गंतव्य तक ले जाते देखा गया. शहर के ज्योति संघ, दीपक संघ, अमरदीप सिंह, नागर संघ, टाउन संघ के अलावा राजकीय पोलिटेक्निक, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, मध्य विद्यालय बाजार, आश्रम, चंदनडीह, करकट समेंत चिल्ड्रेंस कान्वेंट, लातेहार पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रेंस पाराडाइज, बालिका व बालक उच्च विद्यालय आदि विद्यालयों में सरस्वती पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है.

## सामूहिक विवाह समारोह के लिए भूमि पूजन संपन्न

संवाददाता। बहरागोड़ा



बहरागोड़ा शाखा मैदान में आगामी 19 फरवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह हेतु मंगलवार को बहरागोड़ा के शाखा मैदान में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ . पंडित सुमन मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक विवाह समारोह के संरक्षक तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में विवाह समारोह की सफलता हेतु भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर सभी वर-कन्या ,उनके माता-पिता व परिजन उपस्थित हुए .इस विवाह समारोह में सम्मिलित होने हेतु लगभग 50 हजार अतिथिओं को आमंत्रित किया जा रहा है . भूमि पूजन समारोह के पश्चात आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने बताया की 19 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा . इस विवाह समारोह में समाज के अत्यंत गरीब तबके के लोगों की सुपुत्रियों का विवाह होगा . वर एवं कन्याओं के गाँवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा जहाँ ग्रामीणों की उपस्थिति में वर जीवन भर नशीले पदार्थों के सेवन न करने तथा घरेलू हिंसा में शामिल न होने का शपथ लेंगे .इस विवाह समारोह में प्लास्टिक एवं पोलीथिन का उपयोग नहीं होगा . अतिथिओं को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा .डॉ गोस्वामी ने कहा कि विगत 7 वर्षों में अब तक 167 गरीब कन्याओं का विवाह बहरागोड़ा में सम्पन्न कराया जा चुका है . भूमि पूजन समारोह में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, अर्धेन्दु प्रहराज, वरीय भाजपा नेता रंजीत बाला, बाप्टु साव, निर्मल दुबे, सुमन कल्याण मंडल,श्रीबत्स घोष,मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर ,आसिष महापात्र, अर्जुन पूर्ति, मिंटू पाल,भक्ति श्री पंडा, उत्पल पैड़ा,सत्येन माइती आदि उपस्थित थे.

जेईई मेन रिजल्ट | सफल छात्रों को बधाई देने वालों का लगा तंता,कोचिंग प्रबंधन ने दी बधाई

## जेईई मेन-2024 (जनवरी) में नारायणा के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आईआईटी / नीट एकेडमी'' के छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन-जनवरी 2024 में अपार सफलता अर्जित की है. नारायणा जमशेदपुर के सेन्टर निदेशक श्याम भूषण ने बताया कि जेईई (मेन)-जनवरी 2024 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया में 100 परसेन्टाइल लाने वाले छात्रों की संख्या 8 है, जिनका नाम एम साई तेजा, शेख सूरज, आर्यन प्रकाश, एम अनूप, रोहन साई, एच विदित, टी दिनेश रेड्डी तथा अमोध अग्रवाल है.

### किसलय कर्ण सिंह को फिजिक्स में 100 परसेंटाइल

यहां की जानकारी देते हुए श्री भूषण ने बताया कि जमशेदपुर सेन्टर से 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है. इसमें और अधिक छात्रों के 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है. नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से फिजिक्स में 100 परसेन्टाइल पाने वाला छात्र किसलय कर्ण सिंह सेन्टर के पांच वर्षीय क्लास रूम प्रोगाम के छात्र हैं. सेंटर कि ओर से 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है.

### 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| किसलय करण सिंह (100 परसेन्टाइल-फिजिक्स) | | संजय कुमार शर्मा | (96.5154078) | नंदिनी सिंह | (94.7157977) |
| सचिन कुमार गुप्ता | (99.6442432) | अभिषेक कुमार | (96.2016610) | शुभांगी दुबे | (94.6260506) |
| आदर्श राय | (99.1015198) | अयान कुण्डु | (96.1554068) | देबायन लोध | (94.5058678) |
| प्रियांशु शर्मा | (99.0801655) | अंशु कुमारी | (96.1226439) | तापस कुण्डु | (94.2480314) |
| अक्षत सिन्हा | (98.7661279) | मो. फैजान आरिफ | (96.0021059) | करण कुमार प्रसाद | (93.9676743) |
| अर्श गदी | (98.1814111) | सौरव कुमार झा | (95.8073524) | इपशिता मंडल | (93.4232944) |
| मिस्टी शर्मा | (98.0770192) | अनिजित महाता | (95.7995198) | निशांत कुमार | (93.0225874) |
| शुभम कुमार | (97.7618411) | अनिका सिंह | (95.7226258) | रिषी कुमार चैरसिया | (92.4308514) |
| क्षितिज नयन | (97.6753229) | अक्षत कुमार | (95.739) | रक्षंदा रजि | (92.0932761) |
| नभया कोठारी | (97.4401638) | दिलराज सिंह | (95.3957983) | नभम | (91.9623069) |
| शाह इरम हासमी | (97.2003848) | अनुराग कर | (95.0749604) | अनुभव साव | (91.6746484) |
| प्रेरणा बोथरा | (97.0230458) | रितिकेश कुंवर | (94.9474200) | अभिनव आनंद | (91.5553981) |
| आदित्या कुमार | (97.0184960) | शैना गेरा | (94.8205563) | पी. सम्पत गणेश | (91.5042763) |
| अखिल कुमार | (96.5906251) | अभिषेक राज | (94.7665631) | हर्ष कुमार | (90.3321954) |
| | | निशु कुमारी | (94.7346648) | ------- | |

## जेईई (मेन) : कम प्राप्तांक पर भी कई छात्र आगे, कई अधिक अंक लेकर भी पिछड़े

आनन्द मिश्रा। जमशेदपुर

जेईई (मेन)-जनवरी 2024 में इस बार एक अहम बात यह रही है कि कोई छात्र परीक्षा के तीनों विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ के कुल प्राप्तांक काम हासिल कर के भी आगे निकल गए हैं, जबकि अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र पिछड़ गए हैं. इसकी वजह विभिन्न तिथियां को संपन्न परीक्षाओं की विभिन्न पलियों के प्रश्न पत्रों का स्तर रहा है. जिस पाली में प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल रहे उनमें शामिल छात्रों को कम अंक प्राप्त करके भी बेहतर परसेंटाइल प्राप्त हुए हैं, जबकि जिन पालियों में कठिन प्रश्नपत्र रहे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों कभी परसेंटाइल कम रहा है.

### यह है उदाहरण

उदाहरण के लिए पंजाब के छात्र लक्ष्य अरोड़ा 1 फरवरी को दूसरी पाली की परीक्षा में शामिल हुए थे. उन्हें कुल 259 अंक प्राप्त हुए हैं और उनका परसेंटाइल 99.92 है. वही कानपुर के सायन दीप हालदार को 270 अंक प्राप्त करके भी 99.80 परसेंटाइल का स्कोर मिला है. वह 27 जनवरी को पहली पाली की परीक्षा में शामिल हुए थे. इसके अलावा ग्वालियर के दिशांत झा 31 जनवरी को दूसरी पाली की परीक्षा में शामिल हुए थे. उनका कुल प्राप्तांक 206 और परसेंटाइल 99.85 है.

## ब्रीफ खबरें

### डीसी को समस्याओं से अवगत कराया

**चाईबासा।** गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन झारखंड पुनरूत्थान अभियान के दो सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा से मिलकर निजी कंपनी टाटा स्टील नोआमुंडी की ओर ध्यान आकृष्ट किया. अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने उप विकास आयुक्त को विगत वर्ष 23 मई 2023 को झारखंड पुनरूत्थान अभियान की ओर से टाटा स्टील नोआमुंडी के महाप्रबंधक को प्रेषित की गई छह सूत्री मांग पत्र की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि हमने कंपनी से झारखंड सरकार द्वारा अधिनियमित 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों के नियुक्ति की अनुपालन पर जानकारी उपलब्ध कराने का निवेदन किया था.

### पप्पू गौड़ बने गौड़ सेवा संघ के प्रखंड अध्यक्ष

**नोवामुंडी।** गौड़ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष भास्कर महाकुड ने गौड़ समाज क्षेत्र में हर समय तत्पर रहने वाले एवं समाजसेवा करने वाले पप्पु गौड़ को गौड़ सेवा संघ का नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस दौरान पप्पु गौड़ ने कहा समाज हित में कार्य करने के लिए मुझे जो पद दिए हैं, उसे पर खडा उतरने का हर समय प्रयास करूंगा एवं समाज हित में समस्या का समाधान के लिए हर समय तत्पर रहूंगा. गौड़ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष एवं जिला कमेटी के साथ-साथ केंद्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कमेटी को आभार व्यक्त करता हूं.

### सांस्कृति कार्यक्रम में बच्चों ने की मस्ती

**किरीबुरु।** एस्पायर संस्था और उत्क्रमित उच्च विद्यालय, प्रोस्पेक्टिंग प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में बाल मेला का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम, आर्ट एंड कराफ्ट, हांडी फोड़, बैलून फोड़, रंगोली, म्यूजिक चेयर, बिस्कुट रेस आदि का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बच्चों ने भरपूर मस्ती की. अंत में सभी ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया. बतौर मुख्य अतिथि मुखिया पार्वती किड़ो ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया. इस अवसर पर मुखिया पार्वती किड़ो, उप मुखिया सुमन मुंडू, वार्ड सदस्य शानी हेस्सा,एसएमसी सदस्य लक्ष्मी मुंडू, एस्पायर टीम से सुस्ती सुन्दर दास, सुमित्रा कुमारी, फ्रांसिस मुंडा, अनीता माझी, नितिर सुरीन, मदे लागूरी के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे.

### झारखंड ताइक्वांडो संघ के प्रमुख कोच बने अनुराग

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह कोच चक्रधरपुर निवासी अनुराग शर्मा झारखंड ताइक्वांडो संघ के प्रमुख कोच बनाये गये हैं.इसे लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुये अनुराग शर्मा को बधाई दी. ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि रांची में ताइक्वांडो संघ की बैठक आयोजित की गई थी.जहां राज्य के विभिन्न जिलों से ताइक्वांडो संघ के सेक्रेटरी उपस्थित हुए थे. इस बैठक में राज्य में ताइक्वांडो को बेहतर रूप से बढ़ावा देने के लिए कई अहम फैसले लिए गए.साथ ही सर्वसहमति से पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह कोच अनुराग शर्मा को झारखंड ताइक्वांडो संघ के प्रमुख कोच के पद पर चुना गया.

---

**करीब डेढ़ करोड़ की लागत से मुंडासाई सुसुन अखाड़ा चौक से बोड़दोर तक डीएमएफटी फंड से बनेगी सड़क**

# विधायक दीपक बिरुवा ने बोड़दोर में किया सड़क का शिलान्यास

**सुकेश कुमार। चाईबासा**



विधायक दीपक बिरुवा ने मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत सिंबिया पंचायत के बोड़दोर में पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया. यह सड़क मुंडासाई सुसुन अखाड़ा चौक से बोड़दोर तक डीएमएफटी फंड से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगी. पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया गया. सड़क का निर्माण कार्य को शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर हालत थी. लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी. ग्रामीणों द्वारा इसके निर्माण की मांग काफी दिनों से की जा रही थी. कच्ची सड़क होने की स्थिति में स्थानीय लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी होती थी. विशेषकर बारिश के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में काफी असुविधा होती थी. यह काफी महत्वपूर्ण सड़क है जो बड़दोर को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ती है. ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात मिले. इसलिए इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विकास कार्य को लेकर समर्पित है. मौके पर विधायक ने संवेदक को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा. इसलिए इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए. इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं ससमय समाधान करने का आश्वासन दिया. इसके पहले स्थानीय लोगों ने विधायक का हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से दामा-दुमंग की थाप पर स्वागत किया. इस अवसर पर स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी साफ तौर देखी गई. मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष मसीह देवगम, सचिव कैलाश देवगम, पंचायत समिति सदस्य दिनेश मुंडा, सोमाय सुंडी, अशोक सुंडी, नेहरू लाल सामड, दोरसोना नाग, मधु लाल सामड, सतीश सामड, शिवांगी सामड, रामाय देवगम, प्रकाश देवगम, राज सामड, समराय सामड, ऋतिक नाग, तुराम सामड, माधव लाल सुंडी, मसीह देवगम, कैलाश देवगम, सुरज बोयपाई, प्रकाश सुंडी, सुरा सुंडी, बुध लाल देवगम, विनोद सुंडी, दुम्बी बोयपाई , संवेदक मुकेश सिंह सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, आश्वासन दिया
- परंपरागत तरीके से विधायक का स्वागत किया गया

---

**विधायक दीपक बिरुवा ने संबंधित विभाग और संवेदक को चेताया**

# चाईबासा-झींकपानी मुख्य मार्ग पर उड़ती धूल से ग्रामीण परेशान

**सुकेश कुमार। चाईबासा**



झींकपानी प्रखंड अंतर्गत बिष्टुपुर गांव में मंगलवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य रूप से माननीय विधायक दीपक बिरुवा आमंत्रित थे. ग्राम सभा में मुख्य रूप से चाईबासा-झींकपानी मुख्य मार्ग पर उड़ती धूल से हो रही ग्रामीणों की परेशानियों पर चर्चा हुई. ग्रामीण मुंडा विक्रम बिरुली की अध्यक्षता में हुई ग्रामसभा में ग्रामीणों ने कहा कि निर्माणाधीन मुख्य सड़क से उड़ रही धूलकण से ग्रामीण काफी परेशान है. इसे जल्द निजात दिलाई जाए. इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आए. विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदकों की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की. कहा कि पिछले दो सालों से यह मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है. चौड़ीकरण कार्य में गिट्टियां डालकर उसे रोलिग कर दिया गया. पानी न डाले जाने से धूल उड़ रही है, जिससे लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं. लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है, जब बड़े बड़े भारी वाहन गुजरते हैं. बड़े वाहनों के पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है. इससे सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते.

### धूल के कारण राहगीरों व बच्चों को सांस लेने में हो रही परेशानी

धूल के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं . कुछ लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है . इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं . उनको भी परेशानी उठानी पड़ रही है . कहा कि मार्ग पर पानी न डाले जाने से धूल उड़ रही है . इससे राहगीरों के साथ–साथ आसपास रह रहे लोगों को काफी परेशानी हो रही है . सड़क किनारे बसे लोगों के घर धूल से पट जा रहे हैं . यहां भारी वाहनों की लंबी कतारें दिनभर लगी रहती है . सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है . ग्रामीणों ने ग्राम सभा में विधायक से इन सारे समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की . मौके पर विधायक ने एनएच के पदाधिकारी एवं सड़क निर्माण कर रहे आरकेएस कंपनी के पदाधिकारी को भी मौके पर बुला लिया .

### पार्किंग के लिए की जा रही है पहल, पानी छिड़काव का निर्देश

मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने एनएच के पदाधिकारी एवं आरकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी को सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने तक लगातार पानी छिड़काव करने का निर्देश दिया . विधायक ने यह भी कहा कि सड़क में भारी वाहनों के लंबी कतारों को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था के लिए पहल की जा रही है . जल्द ही भारी वाहनों को पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराकर इन समस्याओं से मुक्ति दिलाया जाएगा . मौके पर जोड़ापोखर पंचायत मुखिया गुरु चरण मुंडा, कैलेंडे पंचायत की पूर्व मुखिया सरिता अल्डा, सोमनाथ कुंकल, सेबोर बूड़ीउली, सोमनाथ बूड़ीउली, अनिल बूड़ीउली, हीरालाल करजी, गोपाल बूड़ीउली, वार्ड सदस्य प्रीति हेंब्रम, सोनाली, नंदिता बूड़ीउली, समेत एनएच के पदाधिकारी एवं आरकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारी मौजूद रहे .

---

**श्रद्धालुओं ने जय गणेशा के लगाये नारे, दिन भर अनुष्ठान चलता रहा**

## मंदिर के 20 वर्ष पूरे हुए, निकली कलश यात्रा

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



शहर के पुरानी बस्ती स्थित गणेश मंदिर के बीस वर्ष पूरे होने व गणेश चतुर्थी पर मंगलवार को मोदक समाज ने कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुये.बैंड बाजा के साथ निकाले गये इस कलश यात्रा के दौरान महिलाएं हाथों में कलश लिये हुये तो पुरूष श्रद्धालु हाथों में पताका लिये हुये चल रहे थे.कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान जय गणेशा... का नारा लगाते हुये पुरानी बस्ती से निकलकर शहर के राजबाड़ी रोड, पवन चौक, चेकनाका, थाना रोड होते हुये मुक्तिनाथ महादेवघाट पहुंची. जहां से श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः पुरानी बस्ती स्थित गणेश मंदिर पहुंची. जहां भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की गई. जहां पुजारी गौतम नंदा ने पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर दिन भर अनुष्ठान चलता रहा. इस मौके पर दीपक मोदक, प्रेमचंद मोदक, राकेश मोदक, पिंटू मोदक, संजय मोदक समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु मौजूद थे.

### बमबम कुमार किरीबुरु के बन गये इंस्पेक्टर

**किरीबुरु।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने विभिन्न जिलों से स्थानांतरण होकर पुलिस केंद्र चाईबासा आये नये पुलिस निरीक्षकों को विभिन्न अंचल पुलिस कार्यालय व थाना प्रभारी बनाया. किरीबुरु के नये पुलिस इंस्पेक्टर बमबम कुमार बनाये गये. इसी प्रकार से पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार को पुलिस निरीक्षक सह चक्रधरपुर का थाना प्रभारी, तरुण कुमार को सदर, चाईबासा का पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रणविजय शर्मा को मनोहरपुर का इन्स्पेक्टर, अनूप प्रसाद को प्रभारी कोर्ट कार्यालय (अभियोजन कोषांग), सदर कोर्ट, चाईबासा / पु०नि०-सह-सुरक्षा प्रभारी व्यवहार न्यायालय, चाईबासा. बासुदेव मुंडा को नोवामुंडी का इंस्पेक्टर बनाया गया.

## नल जल योजना में लापरवाही बरते जाने पर जिप सदस्य ने सौंपा पत्र

**संवाददाता। चक्रधरपुर**



ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के लिए सरकार की ओर से शुरु किये गये महत्वपूर्ण योजना नल जल कार्य के तहत बंदगांव प्रखंड के कई गांवों में कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है. इसे लेकर बंदगांव प्रखंड की भाग एक की जिला परिषद् सदस्य बंसती पूर्ति ने मंगलवार को चक्रधरपुर स्थित पेयजल विभाग के कार्यालय पहुंचकर पत्र सौंपा. पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता के नाम सौंपे गए पत्र में जिला परिषद् बसंती पूर्ति ने कहा कि बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत के इन्दुरवा गांव के रोमाकोचा टोला में हर घर नल जल योजना के कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है. बिना बोरिंग के ही वहां पहले ही पाईप व नल पेड़ों व घरों के दीवार व टांग दिया गया है. कुछ दिनों में गर्मी के मौसम का आगमन हो जाएगा.जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी.

---

## लोस चुनाव में झारखंड पार्टी उतारेगी अपना प्रत्याशी: जामुदा



**संवाददाता। चाईबासा**

झारखंड अलग हुए 23 साल के बाद झारखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी, आजसू, झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस द्वारा बनायी सरकार से ऊब चुकी है. अब नए विकल्प की तलाश है, जो लोगों के विश्वास पर खरा उतर सके. ये बाते झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेन्द्र जामुदा ने कही. उन्होंने कहा कि इस बार सिंहभूम लोकसभा से भी उम्मीदवार झारखंड पार्टी उतारेगी. उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को हुई नगाड़ा पिटावर महारैली की समीक्षा बैठक के उपरांत पार्टी के सभी पदाधिकारी ने एक स्वर से स्वीकार की कोल्हान में झारखंड पार्टी ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कर दी. नगाड़ा पिटावन महारैली के मध्यम से जल जंगल जमीन शिक्षा स्वास्थ एवं रोजगार के जोरदार वकालत से झारखण्ड पार्टी एक विकल्प के रूप मे दिख रही हैं. अब भारतीय जनता पार्टी के झूठ की राजनीति नहीं चलेगी और कांग्रेस शासन ने छत्तीसगढ़ के हंसदेवा से किस तरहा अदिवासियों को खदेड़ा यह आदिवासी समुदाय भूल नहीं सकता और हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आदिवासियों के जंगल के अधिकार को खत्म करने का काम किया. ऐसी स्थिति में आदिवासियों का भरोसा दोनों पार्टियों की सरकार से उठ गया है.

### 9 मार्च को चाईबासा में लोक अदालत का आयोजन

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां आरंभ हो गई है. इसी क्रम में मंगलवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने अपर उपायुक्त, एलडीएम और नगरपालिका के पदाधिकारियों के साथ बैठक की तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन पर चर्चा की. उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए प्रेरित किया. इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे. मालूम हो कि आगामी माह 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, बीमा संबंधित विवाद, मुआवजा बीमा, वन अधीनियम, शमनीय फौजदारी मुकदमा, राजस्व वाद, दूरसंचार वाद, वैवाहिक वाद आदि सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

## पौधों को बचाने मे जुटा है वन विभाग

**संवाददाता। किरीबुरु**



गर्मी के दौरान सारंडा जंगल में लगाये गये लाखों की संख्या में नये पौधों को बचाने के कार्य में लगे सारंडा वन प्रमंडल के डीएफओ अभिरुप सिन्हा के नेतृत्व में विभिन्न वन क्षेत्र के पदाधिकारी व वनकर्मी. उल्लेखनीय है कि बीते वर्षात के मौसम में सारंडा जंगल के विभिन्न रेंज अन्तर्गत खाली भू-भाग पर डीएफओ के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने लाखों नये पौधा लगाये गये हैं. इन पौधों को लगाने के पीछे मुख्य कारण सारंडा को ग्रामीणों की सहयोग से सघन वन क्षेत्र में पुनः परिवर्तित करना है.

सारंडा में जहां जहां पेड़ नहीं है वहां विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाये गये हैं. लेकिन आने वाले दिनों में पड़ने वाली गर्मी के दौरान इस सारे पौधों को बचाना वन विभाग के लिये चुनौती भरा काम है. इसी के मद्देनजर वन विभाग ने अभी से हीं युद्ध स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दिया है. डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निर्देशानुसार सारंडा के विभिन्न रेंज में दर्जनों रिक्शा नुमा पानी टैंकर भेजा गया है. इन पानी टैंकरों को सारंडा के वैसे क्षेत्रों में भेजा जा रहा है जहां पौधा लगाया गया है. उन पौधों को अभी से हीं पूरे गर्मी भर जरुरत अनुसार पानी देकर बचाने का कार्य किया जायेगा. ऐसा प्रयास सारंडा में पहली बार किया जा रहा है. इस कार्य से सारंडा के अनेकों बेरोजगारों को रोजगार भी मिल सकेगा.

**खास बातें**

- वन विभाग ने युद्ध स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दिया है
- रेंज में दर्जनों रिक्शा नुमा पानी टैंकर भेजा गया है

### सदर थाना के नये थाना प्रभारी बने तरुण कुमार

**चाईबासा।** चाईबासा के सदर थाना के नए प्रभारी तरुण कुमार ने अपना पदभार मंगलवार को ग्रहण किया. निवर्तमान थाना प्रभारी प्रवीण कुमार से प्रभार लिया. प्रभार ग्रहण करने के पश्चात तरुण कुमार ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और कानून का पालन हो इसको लेकर सचेत रहूंगा. इस दौरान पूर्व थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि चाईबासा जिला में विगत पांच सालों से पदस्थापित रहकर मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा था. जिला में पांच सालों के सेवा पश्चात मैं आज जिला से स्थानांतरित होकर जा रहा हु. कर्तव्य निर्वहन के दौरान आप सभी का हर कदम पर साथ, सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ. जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद. आप सभी के सक्रिय सहयोग से ही हर पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न करा सका. विधी-व्यवस्था संधारण में भी आप सभी का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा है.

---

**फुटबॉल**

**खेल प्रतिभा निखारने के लिए प्रतियोगिता एक सार्थक कदम है : विधायक**

# बोदरा स्टार को हराकर घायल शेर बना चैंपियन

**संवाददाता। चाईबासा**



टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी फुटबॉल मैदान में बाले सागेन बाईबूटा बड़ा झींकपानी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन मंगलवार को हुआ. फाइनल सह समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित हुए. प्रतियोगिता का फाइनल मैच बोदरा स्टार रोलाडीह बनाम घायल शेर के बीच खेला गया. इसमें घायल शेर की टीम ने बोदरा स्टार रोलाडीह को हराकर चैंपियन बनी. विधायक जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मार कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया. मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है. इसे देखते हुए झारखंड सरकार पंचायत व प्रखंड स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान कर रही है. खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन के साथ खेलें, सफलता जरूर मिलेगी. विधायक जी ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए.

**खिलाड़ी कौशल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ें:** आगे कहा कि खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिता एक सार्थक कदम है. टूर्नामेंट में हार जीत का परवाह न कर खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ें. उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ही खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से पहुंचते हैं. उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है. कोई भी खेल हो खेल को खेल की भावना से ही खेलें. ऐसे प्रतियोगिता से गांव के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है. इस तरह के आयोजनों के माध्यम से ही हमारे गांव के प्रतिभा को निखारा जा सकता है. मौके पर पूर्व प्रमुख मंगल तुबिद, मंगल हासदा, मुचिया हासदा, तुराम बिरुली, राजीव हासदा, संजय दास समेत अन्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- प्रतियोगिता से प्रतिभा को निखारा जा सकता है
- तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन

---

**बंदगांव के टोमरोम जंगल में नदी किनारे बना रहे थे अवैध शराब**

# पुलिस ने अवैध शराब भट्टी को तोड़ा

**शंभू कुमार। चक्रधरपुर**



पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की टेबो पंचायत स्थित टोमरोम जंगल में नदी किनारे हो रहे अवैध महुआ शराब निर्माण की सूचना पर मंगलवार को पुलिस ने शराब निर्माण होने वाली भट्टियां व शराब को नष्ट कर दिया.

बताया जाता है कि टेबो थाना पुलिस को सूचना मिली की टोमरोम जंगल के भीतर नदी किनारे अवैध महुआ शराब का निर्माण कराया जा रहा है. इसकी सूचना मिलने पर टेबो थाना के प्रभारी सुबोध सिंह मुंडा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर टोमरोम जंगल में छापेमारी की गई. जहां पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के लिए बनाये गये भट्ठी, गैलेन में रखे गये महुआ शराब इत्यादि को नष्ट कर दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी सुबोध सिंह मुंडा ने कहा कि अवैध शराब का निर्माण करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है. अवैध शराब पीने के कारण लोग बीमार पड़ते हैं, जंगलों में इस तरह का शराब निर्माण करने वालों को पकड़कर सजा दी जाएगी. इस मौके पर थाना के अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे.

**खास बातें**

- अवैध शराब का निर्माण करने वालों पर विशेष नजर
- अवैध शराब बनानेवालों को हर हाल में सजा दिलायी जाएगी



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** लग्न में चंद्र गुरु का गजकेसरी योग बना है. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. समय का लाभ लें.

**वृषभ** विदेश से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ का योग है. सत्कर्म पर खर्च होगा. दिन बहुत ही शुभ है. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य पूर्ण होगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुएं का लाभ होगा. इतर का दान करें.

**मिथुन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा, जिसका लाभ भी प्राप्त होगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किया गया छोटा निवेश शुभ रहेगा. आय होगी.

**कर्क** आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**सिंह** परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा, पर पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. कर्ज लेने से बचना चाहिए. मंगलस्तोत्र का पाठ करें.

**वृश्चिक** शत्रु नतमस्तक होंगे. व्यापार में लाभ होगा. कोई नया कार्य बनेगा. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** कार्य अवरुद्ध हो सकता है.पर मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. माता का सेवा करें.

**मकर** माता के स्वास्थ्य सुधरने की संभावना है. संतान से लाभ मिल सकता है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** आलस त्यागें. आय में वृद्धि होगी. पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** पराक्रम से कार्य बन सकता है. सुख के साधन जुटेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

## कोल इंडिया के रिटायर्ड अधिकारियों को पीएफ बंद होने का आया मैसेज

**संवाददाता। धनबाद**

कोल इंडिया के कई रिटायर्ड अधिकारियों के मोबाइल पर पीएफ की रकम बंद होने की खबर आई है. मैसेज धनबाद के अलावा कई राज्य में रह चुके अधिकारियों को आया है. मैसेज करने वाले का इरादा ठगी का है, इस संदेह पर मामले की शिकायत साइबर थाने में की गई है. हालांकि इन लोगों से किसी प्रकार की ठगी नहीं हुई है. बताते हैं कि धनबाद के बी उपाध्याय, ए दत्ता, बिलासपुर के आरएन राय, जयपुर के एके खंडेलवाल, धनबाद के पूर्व बीसीसीएल कर्मी शिवरतन राम और अशोक सिंह समेत कई लोगों को उक्त मैसेज आया है. बीसीसीएल के अधिकारियों में भी इस मामले को लेकर खासी चर्चा रही. पूर्व में बी उपाध्याय के साथ ढाई लाख रुपये की ठगी हो चुकी है. ऐसे में अधिकारियों ने मामले की शिकायत संबंधित थानों में की है. साइबर डीएसपी अमित लकड़ा ने बताया कि यदि किसी के साथ ऐसी बात होती है तो वे संबंधित कार्यालय खुद जाकर मामले की तहकीकात करें. जब आप सतर्क रहेंगे तो कोई आप को नहीं ठग सकता है.

**पेपर लीक मामला : 15 फरवरी को सौंपा जाएगा राज्यपाल को स्मार-पत्र**

# आजसू ने निकाला मशाल जुलूस

**संवाददाता। रांची**




जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का चरणबद्ध आंदोलन जारी है. इसी कड़ी में मंगलवार को आजसू ने राज्य के लाखों छात्रों के हित एवं अधिकार से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदेश भर में मशाल जुलूस निकाला. मशाल जुलूस में प्रदेश के हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर सरकार की युवाओं के प्रति असंवेदशीलता के विरोध में अपनी आवाज को बुलंद किया. रांची में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शहीद चौक होते अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया.

**युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़ :** आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जेएसएससी पेपर लीक मामला राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है. यह मशाल जुलूस सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने और गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्यवाई करने की मांग को लेकर रांची समेत पूरे राज्य में निकाला गया है. कल हुए हस्ताक्षर अभियान में राज्य के कई छात्रों ने अपनी सहभागिता से इसे सफल बनाया था. इसके बाद 15 फरवरी को पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सभी जिले के उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा. सरकार की गलत नीतियों से तंग आ चुके युवाओं के साथ 17 फरवरी को आजसू राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगी.

**मशाल जुलूस में ये रहे शामिल**

राज्यस्तरीय मशाल जुलूस में रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक राज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनुराग भारद्वाज देवा महतो, कोल्हान विश्वविद्यालय अध्यक्ष हेमंत पाठक धर्मराज प्रधान, सिद्दो कान्हु विश्वविद्यालय अध्यक्ष निर्मल मंडल, सभी जिलाध्यक्ष छात्रसंघ - जमाल गद्दी, दीपक दुबे, विशाल यादव, विजय महतो, फूल सिंह बड़ाईक, रविन्द्र ठाकुर, शानू कुमार, विशाल प्रजापति, अमित यादव, तनवीर हसन, विनोद रजक, जानकी महतो, सूरज कुशवाहा समेत कई लोग शामिल हुए.

# झारखंड की बंजर भूमि पर होगी कांटा रहित कैक्टस की खेती

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



झारखंड की बंजर भूमि को हरा-भरा करने के लिए सरकार कांटा रहित कैक्टस की खेती की ओर कदम बढ़ा रही है. ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार झारखंड की कुल 68 प्रतिशत बंजर भूमि को जीवंत बनाने के साथ उसे उपयोगी और कमाई का जरिया भी बनाने की पहल कर रही है. वे मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट वाटरशेड मिशन के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे. उन्होंने कार्यशाला में वाटरशेड क्षेत्रों से आये किसानों से कहा कि वे सिर्फ जमीन दें और देखभाल की जिम्मेदारी उठाएं. विभाग उसके बाद कैक्टस की खेती की सारी जरूरतें पूरी करेगा. उन्होंने बताया कि फिलहाल विभाग राज्य की 157 हेक्टेयर भूमि पर कैक्टस की प्रायोगिक खेती की शुरुआत करने जा रहा है. खूंटी जिले में इसका प्रयोग शुरू हो गया है. केंद्र प्रायोजित इस योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि का सतत विकास करना है. साथ ही वाटरशेड विकास, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और लोगों की आजीविका को बढ़ाना है.

**कैक्टस से बनेंगे कई उत्पाद, किसानों की आय में होगा इजाफा :** कार्यशाला में बताया गया कि कांटा रहित कैक्टस की खेती से बंजर भूमि को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं कैक्टस से कई तरह के उत्पाद बनेंगे, जो किसानों की आय में इजाफा करेंगे. बताया गया कि कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा, खाद्य पदार्थ, जैव ईंधन, कृत्रिम चमड़ा आदि का निर्माण होगा. साथ ही कैक्टस के कारण भूमि का जल संचय विकसित होगा. पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा. विशेषज्ञ बीके झा और नेहा तिवारी ने कैक्टस प्लांटेशन के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला. कैक्टस के पौधे तैयार करने से लेकर उसकी सिंचाई, देखभाल और उत्पादन की मार्केटिंग तक पर विस्तृत जानकारी दी.

**खास बातें**

- प्रायोगिक रूप से 157 हेक्टेयर भूमि पर होगी शुरुआत
- कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा आदि का होगा निर्माण

**सोरेन परिवार ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया : बाबूलाल मरांडी**

# समर्थकों के साथ पूर्व विधायक मलखान ने की भाजपा में वापसी

**संवाददाता। चांडिल**



ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार उर्फ मलखान सिंह अब भाजपा के हो गए. मंगलवार चांडिल अनुमंडल मैदान में आयोजित मिलन समारोह में पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मलखान सिंह को विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई. इनके साथ ही आजसू पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष समरेश सिंह भी 11 मंडल अध्यक्ष समेत अपने अन्य समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए. ईचागढ़ के राज्यस्तरीय क्रिकेटर सुखदेव तंतुबाई के साथ ही कई कांग्रेस नेता भी भाजपा में शामिल हुए. इस दौरान बाबूलाल ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है. मलखान सिंह की घर वापसी हुई है. इनके पार्टी में पुनः सक्रिय होने से सिर्फ कोल्हान में ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा. कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावनाओं को नहीं समझा. कांग्रेस यहां के आदिवासी मूलवासी को वोट बैंक समझती रही. वोट लिया और नोट देकर आंदोलन को खरीदा.

**झारखंड सरकार को जनता की भलाई से कुछ लेना देना नहीं :** मरांडी ने कहा कि आज भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए आदिवासी होने का सहारा लिया जाता है. लेकिन, राज्य की जनता जान चुकी है कि झामुमो कांग्रेस के नेतृत्व में बनी झारखंड सरकार को राज्य के जनता की भलाई से कुछ लेना देना नही है. जल जंगल जमीन की बात कर सत्ता में आए झामुमो कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के खान खनिज, कोयला, लोहा, पत्थर, बालू को लूटा और लुटवाया है. बिचौलिए दलाल आज राज्य की सत्ता चला रहे. पूर्व मुख्यमंत्री आज जेल में है तो वो अपने लूट और भ्रष्टाचार के कारण. नाम बदलकर जमीन लूटने के कारण. हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन बनकर राज्य को लूटा, शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया. बसंत सोरेन भी बसंत कुमार सोरेन बना दिए गए और दुर्गा सोरेन दुर्गा प्रसाद

**बाबूलाल बोले**

- भाजपा झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करती है
- झामुमो व कांग्रेस पार्टी ने राज्य को लूटा और लुटवाया

**विकास के साथ कोई समझौता नहीं किया : अरविंद**

भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक पहचान ईचागढ़ से ही मिली है. ईचागढ़ से उनका नाता काफी पुराना है. लोगों ने उन्हें सम्मान दिया, जिसके कारण ईचागढ़ के विकास के साथ उन्होंने कोई समझौता नहीं किया. ईचागढ़ की जनता का सेवा करने का मौका उन्हें मिलता रहेगा इसकी आशा और विश्वास सदा रहता है.

**ईडी की कार्रवाई से झामुमो बौखला गई है**

आज जब ईडी की कार्रवाई हो रही तो झामुमो बौखलाहट में है. लेकिन किए की सजा आखिर उसे ही तो भुगतना पड़ेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न खायेंगे,न खाने देंगे का संकल्प लिया है. आज देश भर में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है. देश आज प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चला है. गांव, गरीब किसान मजदूर महिला आदिवासी, दलित पिछड़े सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं. भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही. विश्व के विकसित देश को पीछे छोड़ भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है. भारत तीसरी बार मोदी सरकार में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा. इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, जिलाध्यक्ष शाहदेव, जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## वित्त विभाग ने चौदह कोषागार पदाधिकारियों का किया तबादला

**संवाददाता। रांची**

वित्त विभाग ने 14 कोषागार पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है. मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया. सतीश कुमार सिंह, कोषागार पदाधिकारी, प्रोजेक्ट भवन कोषागार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक कोषागार पदाधिकारी, जमशेदपुर कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है. अर्पणा सिंह, सहायक कोषागार पदाधिकारी, चक्रधरपुर उप कोषागार को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक कोषागार पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है. सुनील कुमार सिन्हा, कोषागार पदाधिकारी, रांची कोषागार को कोषागार पदाधिकारी, गोड्डा कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है. पूनम कुमारी वर्मा को सहायक कोषागार पदाधिकारी, चक्रधरपुर उप कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है. सारिका भगत को कोषागार पदाधिकारी, रांची कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है. सुशीला समद, को कोषागार पदाधिकारी, सिमडेगा कोषागार, पुष्पलता कुमारी को कोषागार पदाधिकारी, डोरण्डा कोषागार, पुरुषोत्तम झा को कोषागार पदाधिकारी, राकेश कुमार को कोषागार पदाधिकारी, देवघर कोषागार कृष्णकांत महतो को सहायक कोषागार पदाधिकारी, रांची, प्रशांत मिंज को कोषागार पदाधिकारी, गढ़वा, अनुपम तिग्गा को सहायक कोषागार पदाधिकारी, घाटशिला उप कोषागार संजय विनीत होरो को सहायक कोषागार पदाधिकारी, तेनुघाट उप कोषागार, और देवन्द्र नाथ पिंगुवा को सहायक कोषागार पदाधिकारी मधुपुर उप कोषागार के पद पर पदस्थापित किया गया है.

**पेज एक का शेष**

### नीचे कील-कांटे, ऊपर से आंसू ....

**दिल्ली कूच के तीन दिन बाद किसानों का बड़ा प्लान :** किसानों के दिल्ली कूच के ठीक तीन दिन बाद देश में एक और बहुत बड़ा किसानों का आंदोलन होने जा रहा है. संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की अगुवाई में 16 फरवरी को होने वाले इस प्रदर्शन में देश के सभी गांव में आंदोलन किया जाएगा. इस दौरान पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के हिस्सों में तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा किसान और स्थानीय निवासियों की भागीदारी का दावा किया जा रहा है. संयुक्त किसान मोर्चा के मुताबिक सिर्फ एक दिन की इस हड़ताल में अगर सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो इसको आगे भी बढ़ाए जाने की पूरी तैयारियां की जाएगी.

**किसानों के साथ सरकार ने की बात :** किसानों का मार्च शुरू होने से एक दिन पहले यानी सोमवार को सरकार ने किसान नेताओं के साथ चंडीगढ़ में बैठक की थी, जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अलावा कई किसान नेता शामिल हुए. बातचीत के जरिए कुछ मुद्दों पर तो सहमति बनी. लेकिन एमएसपी गारंटी जैसे मुद्दे पर बात नहीं बन पाई. हालांकि, अर्जुन मुंडा ने बताया कि सरकार किसानों के साथ बातचीत जारी रखेगी.

**2020-21 के किसान आंदोलन से अलग है यह किसान आंदोलन :** 2020-21 के मुकाबले इस बार काफी कुछ बदला हुआ नजर आ रहा है. कहा जा रहा है कि पिछली बार की तुलना में इस बार ज्यादा किसान संगठन दिल्ली पहुंच रहे हैं. 2020-21 में जहां संयुक्त किसान मोर्चा ने पूरे आंदोलन की अगुवाई की थी तो वहीं इस आंदोलन को पिछली बार की तरह सभी किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त नहीं है. इस बार जगजीत सिंह दल्लेवाल का संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनैतिक) और किसान मजदूर मोर्चा इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं और दोनों ही संगठन पूर्व में एसकेएम का हिस्सा रहे हैं. किसान मजदूर मोर्चा 18 किसानों का समूह हैं, जिसके संयोजक सरवन सिंह पंढेर हैं. दोनों ही समूहों में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और यूपी के किसान शामिल हैं.

**ये संगठन कर रहे हैं दिल्ली चलो 2.0 की अगुवाई :** कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद दिसंबर 2021 में जब किसानों ने घर लौटना शुरू किया तो कृषि समूहों के बीच कुछ मतभेद पैदा हो गए, जिसके परिणामस्वरूप समूहों के भीतर कई विभाजन हुए. अब सक्रिय किसान संगठनों की संख्या 50 के करीब बढ़ गई है, जबकि नवंबर 2020 में इनकी संख्या 32 थी. किसानों का कहना है कि 200 से अधिक किसान संगठन दिल्ली कूच में शामिल हैं. इस बार किसान आंदोलन में विभिन्न संगठन अलग मोर्चों के बैनर तले विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इसमें जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में कृषि संगठन बीकेयू (एकता सिद्धूपुर) ने छोटे समूहों को साथ लेकर एक समानांतर संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) का गठन किया है. इसमें हरियाणा, राजस्थान, एमपी के किसान समूह भी शामिल हैं. इसने किसान मजदूर मोर्चा के साथ हाथ मिलाया और दिल्ली चलो 2.0 के आह्वान के साथ अमृतसर और बरनाला में रैलियां कीं. जगजीत सिंह डल्लेवाल पहले संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा रहे हैं. बाद में उन्होंने बलबीर सिंह राजेवाल के साथ मिलकर चार अलग संगठन बना लिए. इसके अलावा 18 किसान समूहों के साथ एक और किसान मोर्च का गठन किया गया है. ज्यादा किसान समूहों के एक साथ आने के कारण, इस ब्लॉक का नाम बदलकर किसान मजदूर मोर्चा कर दिया गया. पंजाब स्थित किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता सरवन सिंह पंढेर इसके संयोजक हैं. इस संगठन में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी और एमपी ने एसकेएम (गैर-राजनीतिक) जुड़े हुए हैं. इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल), ऑल इंडिया किसान फेडरेशन, किसान संघर्ष कमेटी पंजाब, बीकेयू (मानसा) और आजाद किसान संघर्ष कमेटी ने 2022 के चुनाव के बाद हाथ मिला लिया और एक बैनर के तले आ गए.

### 20 लाख लोगों को देंगे...

**व्यवस्थाओं में हुआ है सुधार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार लाए बिना राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं. इस बात को ध्यान में रखकर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत करने का काम हो रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह विकास को नया आयाम दे रहे थे, उसी को आगे बढ़ने का काम हमारी सरकार कर रही है. हेमंत सोरेन के सोच एवं प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए हमारी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतार रही है. विभिन्न माध्यमों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सशक्त बना रहे हैं.

**30 लाख उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली :** सरकार ने अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है. इससे 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा. इसके साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने तथा वंचित टोलों में बिजली पहुंचाने के काम में गति लाई जा रही है. इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन, डॉ स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, प्रदीप कुमार यादव, बसंत सोरेन, इरफान अंसारी, दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे अन्य उपस्थित थे.

# जागरूक करने रांची पहुंची स्वास्थ्य एक्सप्रेस

**संवाददाता। रांची**



मासिक धर्म स्वास्थ्य और उस दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अद्वैतेशा बिड़ला के नेतृत्व में आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के तहत शुरू की गई पहल 'उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस' झारखंड में आ गई है. कई राज्यों में यात्रा की सफलता जारी रखते हुए इस पहल का उद्देश्य झारखंड में किशोरियों और महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरुकता बढ़ाकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाना है.

**उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस का उद्देश्य :** यह वैन पूरे झारखंड के कई शहरों को कवर करते हुए किशोरियों और महिलाओं तक पहुंच रही है, उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करती हैं. स्कूलों, आंगनबाड़ियों, सरकार द्वारा संचालित कॉलेजों और स्थानीय समुदायों और जिला अस्पतालों में मुफ्त सैनिटरी नैपकिन का वितरण करती है. यही, झारखंड में भी किया जा रहा है.

मुंबई से शुरू होने के बाद से उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस वैन ने पूरे देश में यात्रा की है, जिससे इस पहल का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है. उजास की संस्थापक अद्वैतेशा बिड़ला ने कहा कि कई शहरों में सफल शैक्षिक कार्यशालाएं की हैं और झारखंड में हमारा आना हमें मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करने के अपने लक्ष्य के एक कदम और करीब लाता है.

# हजारीबाग पहुंचे भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड के भाजपा विधायक दल के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी मंगलवार को चतरा से रांची जाने के क्रम में हजारीबाग परिषद और सभागार पहुंचे जहां हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने पहुंचकर उनका हजारीबाग में स्वागत किया. यहां विधायक मनीष जायसवाल ने उनके साथ झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और भाजपा संगठन को लेकर लंबी चर्चा- परिचर्चा की. मौके पर अमर कुमार बाउरी ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हालात पर कहा की चंपई सोरेन सरकार जो अबतक अपना मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पाई उससे राज्य के विकास की परिकल्पना करना बेकार है. मौके पर विशेषरूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मिकी, महेंद्र राम बिहारी, टुनटुन सिंह, भाजपा नेता टोनी जैन, अमित कुमार सिंह, आनंद साहा, सुमन राय, राजकरण पांडेय आदि मौजूद थे.

**नाराजगी**

**सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास 27 जनवरी को किया गया था**

# शिलान्यास किए हो गए 17 दिन, शुरू नहीं हुआ काम

**संवाददाता। लातेहार**




बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छेंचा पंचायत में चपरी ग्राम के मेलाटांड़ से मजूमरी टोला तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास गत 27 जनवरी को किया गया था. ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से इस सड़क का निर्माण कराया जाना है. लेकिन शिलान्यास के 17 दिनों के बाद भी संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है.

खस्ताहाल सड़क होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है. इधर, बारिस होने के कारण सड़क में जल जमाव की स्थिति हो गयी है. बता दें कि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से इस सड़क के निर्माण कार्यं की स्वीकृति मिली थी. शिलान्यास के बाद उम्मीद जगी थी कि सड़क बन जाने से आवागमन सुलभ हो सकेगा. लेकिन उम्मीद धरी की धरी रह गयी.

**आवागमन में परेशानी हो रही है**



ग्रामीणों ने बताया कि सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. दूसरी ओर दुर्घटनाओं की भी संभावना हमेशा बनी रहती है. ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग, लातेहार की उदासीनता के कारण अब तक इस सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है. इसे ले कर ग्रामीणों ने नाराजगी है. ग्रामीणों ने गोलबंद हो कर विभाग का घेराव का मन बनाया है. ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले को संज्ञान में ले कर विभाग और संवेदक पर कारवाई की मांग की है. ग्रामीणों ने कहा कि शिलान्यास के बाद संवेदक को दुबारा इस ओर नहीं देखा गया हैं. बरवाडीह के सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा की ऐसे लापरवाह संवेदक को विभाग द्वारा ब्लेक लिस्टेड कर देना चाहिए.

## दुकानदार भाई को घबड़ाने की जरूरत नहीं : संतोष

**धनबाद।** फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह नगर आयुक्त से मिलेंगे. दुकानदारों को संभव मदद दिलवाएंगे. कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित फुटपाथ दुकानदारों के बीच उनकी समस्याओं को जानने पहुंचे. जहां गरीब फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाई कि किस तरह नगर निगम द्वारा उन्हें प्रताड़ित और परेशान किया जा रहा है. जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने सबकी बातों को ध्यान से सुना और कहा कि आप सभी दुकानदार भाइयों को घबड़ाने की जरूरत नहीं है. जरुरत पड़ी तो आपकी हर समस्या के समाधान के लिए नगर निगम के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर रास्ता निकाला जाएगा.



**जमकर बहाया पसीना** : राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया.





### ब्रीफ खबरें

#### वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची मंधाना

**दुबई ।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं. मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं. इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं.

#### बोपन्ना को पुरस्कार देगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को रोहन बोपन्ना को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के लिए 50 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की. सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रोहन बोपन्ना से मिलकर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई दी और उनके लिए 50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा की.

## तीसरे टेस्ट से राहुल के बाहर होने पर उठे सवाल, बीसीसीआई ने कहा-

# गलत सिग्नल भेज रहे हैं राहुल

**संवाददाता ।नयी दिल्ली**

भारतीय टीम के बल्लेबाज चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे, लेकिन उन्हें आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था. इसके बाद बीसीसीआई ने बताया कि राहुल फिट नहीं हैं और वह तीसरा टेस्ट नही खेल सकेंगे. राहुल को संभालने में मेडिकल टीम को गलत बताते हुए बीसीसीआई ऑफिशियल ने कहा कि अगर मेडिकल टीम को पता था कि राहुल की चोट गंभीर है, तो उन्होंने राहुल को टीम में शामिल करने की छूट दी ही क्यों? और खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट कर गलत सिग्नल क्यों भेज रहे हैं? राहुल ने पिछले दिनों इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो शेयर की थी. बीसीसीआई अधिकारी का कहना है कि राहुल ने वीडियो शेयर की, इसीलिए उन्हें लगा कि वह खेलने के लिए फिट हैं. इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान शनिवार को हुआ. राहुल के साथ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके रवींद्र जडेजा को भी टीम में जगह मिली. हालांकि,बीसीसीआई ने कहा कि

### खास बातें

- आखिरी तीन टेस्ट के लिए टीम में शामिल थे राहुल
- राहुल की मेडिकल टीम को बीसीसीआई ने गलत बताया
- राहुल ने इंस्टाग्राम स्टोरी में पोस्ट की थी बैटिंग की वीडियो

दोनों की फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें मैच खेलने दिया जाएगा. लेकिन अब बीसीसीआई ने ही बताया कि राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं.

राहुल 90% ही फिट हैं और वह बेंगलुरु में रहकर एनसीए की निगरानी में रिकवरी करेंगे, ताकि वह चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए फिट हो सकें. राहुल के बाहर होने के बाद अब साफ हो गया है कि तीसरे टेस्ट में सरफराज खान या देवदत्त पड्डिकल डेब्यू करेंगे. दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार नंबर-4 पर उतर सकते हैं. वहीं श्रेयस अय्यर के बाहर होने से नंबर-5 की पोजिशन पर अब सरफराज या पड्डिकल में से किसी एक को मौका मिल सकता है.



#### टीम के साथ जुड़े जडेजा

रवींद्र जडेजा राजकोट में टेस्ट खेलने के लिए टीम के साथ जुड़ गए हैं .राजकोट उनका होमग्राउंड है, जहां 15 फरवरी को मुकाबला शुरू होने से पहले उन्हें सम्मानित किया जाएगा . उनके साथ भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेल चुके चेतेश्वर पुजारा को भी बोर्ड सम्मानित करेगा . अगर जडेजा खेले तो अक्षर पटेल या कुलदीप यादव में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है .

#### राहुल की जगह पड्डिकल शामिल

राहुल की जगह कर्नाटक के ही लेफ्ट हैंड बैटर देवदत्त पड्डिकल को टीम में शामिल किया गया . पड्डिकल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं . वह 2024 के सीजन में 4 ही मुकाबलों में 556 रन बना चुके हैं . उन्होंने 3 शतक लगाए है .

## रवींद्र के तीन विकेट ने बढ़ाई दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें

**भाषा ।हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)**

हरफनमौला रचिन रविंद्र के तीन विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर छह विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका पर मानसिक बढ़त बनाने में सफल रहा. वामहस्त स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिघम (39) के अहम विकेट चटकाये. उन्होंने अपने 21 ओवर में केवल 33 रन खर्च किये. रुआन डी स्वार्ट्ज ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई. उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी कर ली है. स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे. न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में छह विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया.

टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा. दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने भी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का अप्रत्याशित निर्णय लिया. वह



यहां के सेडॉन पार्क में पिछले 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए. पिच पर घास की मौजूदगी के कारण तेज गेंदबाजों को शुरुआत में कुछ मदद मिली. जिसका फायदा उठाते हुए मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट चटकाये. लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था. लंच के बाद रविंद्र ने दक्षिण अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगने में सफल रहे. उन्होंने अपने शुरूआती 13 ओवर में छह मेडन के साथ सिर्फ 15 रन खर्च किये.

## भारत के सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर दत्ताजीराव का निधन

**भाषा ।नयी दिल्ली**



भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर और पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण मंगलवार को निधन हो गया. वह भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय कोच अंशुमान गायकवाड़ के पिता थे. वह 95 वर्ष के थे. परिवार के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने पिछले 12 दिनों से बड़ौदा के एक अस्पताल के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आज सुबह अंतिम सांस ली.उन्होंने 1952 और 1961 के बीच भारत के लिए 11 टेस्ट खेले थे.

उन्होंने 1959 में इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी की थी. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 1952 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 1961 में चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ था. गायकवाड़ ने रणजी ट्रॉफी में 1947 से 1961 तक बड़ौदा का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने 47.56 की औसत से 3139 रन बनाए, जिसमें 14 शतक शामिल थे. उनका सर्वोच्च स्कोर 1959-60 सत्र में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 249 रन था. वह 2016 में भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर बने थे.

### तमीम को केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं

**ढाका ।** पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल को बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) के वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची (2024) से बाहर कर दिया गया है, जिससे इस अनुभवी क्रिकेटर के अंतरराष्ट्रीय करियर पर सवालिया निशान लग गया है. तमीम ने पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. इसके बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उन्हें खेल जारी रखने के लिए कहा जिसके बाद तमीम ने 24 घंटे के अंदर अपना फैसला पलट दिया था. बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन के साथ खराब रिश्तों के कारण तमीम ने खेल को अलविदा कहने का मन बनाया था. तमीम को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर करने का बीसीबी का कदम इस बात का संकेत है कि वह 2024 के लिए बोर्ड की योजना में नहीं हैं.

## विदेशी क्रिकेटरों के हटने से प्रभावित हुआ पीएसएल

**भाषा ।कराची**

दुनिया भर में एक साथ चल रही कई फ्रेंचाइजी लीगों के कारण कुछ क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को दूसरे देशों की घरेलू टी-20 में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने से इनकार दिया है, जिससे कई बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से नाम वापस लेना पड़ा. पीएसएल 17 फरवरी से लाहौर में शुरू हो रहा है और कई खिलाड़ियों द्वारा 'बांग्लादेश प्रीमियर लीग', 'आईएलटी20' और 'एसए20' लीग का विकल्प चुनने से सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों को काफी नुकसान हुआ है. पीएसएल टीम मुल्तान सुल्तांस को कई प्रमुख खिलाड़ियों का साथ नहीं मिलेगा. इसमें इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉपले चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले नवीनतम खिलाड़ी हैं. इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भी कहा कि उसने टॉपले को पीएसएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है. कुछ अन्य बोर्ड भी पीएसएल के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देने के बारे में दोबारा विचार कर रहे हैं. पेशावर जाल्मी को दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी की सेवाएं नहीं मिलेंगी तो वहीं क्वेटा ग्लैडिएटर्स को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के बिना मैदान में उतरना होगा. वेस्टइंडीज के क्रिकेटर शाई होप, मैथ्यू फोर्ड और अकील हुसैन के साथ दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शमशी और रासी वान डेर डुसेन भी पीएसएल के आगामी सत्र में नहीं खेलेंगे.

### अर्जेंटीना अपन टेनिस

## अंतिम-16 में वावरिंका



**ब्यूनस आयर्स**

- प्री-क्वार्टर फाइनल में निकोलस जैरी से भिड़ेंगे वावरिंका
- वावरिंका ने कैचिन को 6-7, 6-1, 6-2 से हराया
- लास्लो जेरे से हारकर सिलिक टूर्नामेंट से बाहर

तीन ग्रैंड स्लैम खिताब के विजेता स्टैन वावरिंका अर्जेंटीना ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जैरी का सामना करेंगे. विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज वावरिंका ने स्थानीय खिलाड़ी पेड्रो कैचिन के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की. अमेरिका ओपन (2014) के चैंपियन रहे मारिन सिलिक को लास्लो जेरे ने 4-6, 6-3, 6-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया.

### एफआईएच महिला प्रो-लीग

## खराब प्रदर्शन को भुलकर लय हासिल करना चाहेगी भारतीय टीम

# भारतीय टीम के सामने मजबूत नीदरलैंड की चुनौती आज

**भाषा ।राउरकेला**



पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आयी है. भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है. सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है. भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (2-1), नीदरलैंड (3-1) और ऑस्ट्रेलिया (3-0) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है. टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 2-1 की शिकस्त का सामना करना पड़ा. भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा. नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है. भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल तीन अंक के साथ पांचवें स्थान पर है. भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और अपनी तरफ से कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं. मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है. भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं. टीम को सबसे बड़ा झटका पेनल्टी

- मौजूदा प्रो लीग में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक
- मौजूदा सत्र में भारत ने पांच में से सिर्फ एक मुकाबला जीता है
- तालिका में 27 अंक के साथ शीर्ष पर है नीदरलैंड
- तीन अंक के साथ तालिका में पांचवे स्थान पर है भारत

#### हमारे पास प्रतिभा या क्षमता की कमी नहीं : शॉपमैन

भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि नीदरलैंड एक मजबूत टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा या क्षमता की कमी नहीं है . हम अपनी हॉकी की तेज गति के साथ धैर्य बनाये रखेंगे . हम गोल करने के मौकों को भुनाने की कोशिश करेंगे . नीदरलैंड के बाद भारतीय महिला टीम को प्रो लीग के ओडिशा चरण में दो और मैच खेलेंगी . टीम 17 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 18 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ मैदान में उतरेगी .

## मंथ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये जोसेफ और एमी हंटर

- मासिक खिताब जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले खिलाड़ी बने जोसेफ

**भाषा ।दुबई**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गये. आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने दमदार प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रही. पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने मंगलवार को जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की. जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए अपनी पहली ही गेंद पर स्टीव स्मिथ को आउट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का शानदार आगाज किया था. उन्होंने अपने पहले टेस्ट में स्मिथ के अलावा मार्नस लाबुशेन और कैमरून ग्रीन सहित पांच विकेट चटकाए थे. इस दौरे के दूसरे और आखिरी टेस्ट में उनका प्रदर्शन काफी अहम साबित हुआ. 216 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए जोसेफ ने 68 रन पर सात विकेट झटक कर टीम को आठ रन की यादगार जीत दिलाई थी. उन्होंने इस दौरान चार बल्लेबाजों को बोल्ड किया था. इस जीत से वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर करने में सफल रहा और जोसेफ मैन ऑफ द सीरीज चुने गये. वह 2021 में शुरू हुए आईसीसी मासिक पुरस्कारों में खिताब जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले खिलाड़ी है.

## ब्रीफ खबरें

### बस डिवाइडर से टकराई 17 तीर्थयात्री घायल

**प्रतापगढ़ (उप्र)।** तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के जिले के कोहडौर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण 17 यात्री घायल हो गए. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. कोहडौर की थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति कटियार ने बताया कि जिला बहराइच व गोंडा सीमा के बगड़इवा बाजार से एक निजी बस से 65 तीर्थयात्री प्रयागराज संगम स्नान के लिए जा रहे थे. प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर धरौली मधुपुर गांव के निकट हुआ हादसा.

### भारतीय मूल के युवकों पर साजिश का आरोप

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के दो व्यक्तियों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है. रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर बोस्टन, मैसाच्युसेट्स में वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप में अभियोग लगाया गया है. रामभाई पटेल को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था. बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था.

### ईडी ने 31 लाख रुपये नकद जब्त किए

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है. ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था. बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला बेल्लारी में दर्ज एक केस से उत्पन्न हुआ है.

### मजदूरों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि आतंकी के पास से हमले में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल बरामद की गई है. उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है.

### यूक्रेन को लेकर भिड़े रूस और पश्चिमी देश

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने पश्चिमी देशों पर उन समझौतों को तोड़ने का आरोप लगाया जो यूक्रेन में युद्ध को रोक सकते थे जबकि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने सीधे तौर पर मास्को पर दोष मढ़ते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने छोटे पड़ोसी देश पर आक्रमण का आदेश दिया था. दूसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने एक बार फिर युद्ध की वजह मिन्स्क समझौते को लागू करने में विफलता बतायी.

### इमरान खान ने बनायीं विशेष समितियां

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने केंद्र तथा पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में सरकार बनाने की रणनीति तैयार करने के लिए विशेष समितियां बनायी हैं. डॉन' अखबार ने एक बयान के हवाले से कहा कि समितियों द्वारा प्रस्तावित सिफारिशों और रणनीतियों के अनुसार, पार्टी की कोर समिति की बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों ने सरकार और संसद के महत्वपूर्ण पदों पर नामांकन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने पर सहमति जतायी.

### ट्रंप ने कोर्ट से मुकदमा स्थगित करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए. उनके वकीलों ने अदालत में एक अपील दायर की. इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी.




गुवाहाटी में मंगलवार को लताशिल गणेश मंदिर में गणेश जयंती के अवसर पर भक्तों ने मिट्टी के दीपक जलाते.

### पीएम 20 को जम्मू में रैली को संबोधित करेंगे

**उधमपुर/जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को अपने जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि मोदी जम्मू में एक रैली को संबोधित करेंगे. सिंह शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन पर कटरा-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को देखने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र उधमपुर में थे.

### सड़क हादसे में तीन की मौत, पांच घायल

**जयपुर।** राजस्थान के राजसमंद जिले में मंगलवार सुबह एक ट्रक के मिनी ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के बाद पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये. पुलिस ने बताया कि कांकरोली थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह भीलवाड़ा से नाथद्वारा जा रहे मिनी ट्रक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसके बाद वह पलट गया. पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मनोज (21), बदरिया (48) और भैरू लाल (32) के रूप में हुई.

## भारत जोड़ो न्याय यात्राः राहुल गांधी ने किया सभा को संबोधित, बोले-

# देश में केवल कुछ लोगों को ही इस व्यवस्था से मिला फायदा

**भाषा। उदयपुर (सरगुजा)**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि देश में केवल कुछ ही लोगों को 'व्यवस्था' से फायदा हो रहा है जबतक दूसरे लोग करों का भुगतान कर रहे और भूख से उनकी जान जा रही है. अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के उदयपुर में रामगढ़ चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि अगर लोग किसी चीज के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हें ईडी, सीबीआई और आईटी की कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है.

उन्होंने दावा किया कि हिंसा हो रही है और नफरत फैलाई जा रही है क्योंकि देश में चौबीसों घंटे लोगों के साथ अन्याय हो रहा है. उन्होंने कहा कि यह इस हद तक हो चुका है कि लोग इसके आदी हो गए हैं और अब उन्हें इसका अहसास भी नहीं है. गांधी ने कहा, आपको (लोगों को) दिन में तीन बार खुद से एक सवाल जरूर पूछना चाहिए कि आपको हर



दिन देश के कोष से कितना पैसा मिल रहा है? आपके दिन भर के संघर्ष और प्रयासों के बाद आपको कितना रिटर्न मिल रहा है? 10 दिनों में आपको पता चल जाएगा कि एक सिस्टम आपको धोखा दे रहा है और प्रधानमंत्री इसके शीर्ष पर हैं. उन्होंने कहा, उस व्यवस्था में पिछड़े, दलित और आदिवासी तथा सामान्य वर्ग के गरीबों की 73 प्रतिशत आबादी में से कोई भी व्यक्ति नहीं है. उस व्यवस्था में 100-200 से लेकर 1000-2000 को फायदा हो रहा है और बाकी लोग सिर्फ देख रहे हैं, भूख से मर रहे हैं और जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं.

**खास बातें**

- किसी चीज के लिए आवाज उठाते हैं तो ईडी आ जाती है
- देश में चौबीसों घंटे लोगों के साथ अन्याय हो रहा है

गांधी ने कहा, इसलिए हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' में न्याय शब्द जोड़ा है. इस बीच उन्होंने एक व्यक्ति को अपने वाहन में बैठने के लिए कहा और बताया कि कैसे लोग कथित तौर पर सिस्टम का खामियाजा भुगत रहे हैं. गांधी ने कहा, मान लीजिए कि यह व्यक्ति (आदमी) बाजार जाता है और 2-3 लोग उसका बटुआ चुराने का फैसला करते हैं, तो पहला काम क्या होगा? पहला व्यक्ति (चोर) उसका (आदमी का) ध्यान भटका देगा. इस तरह से आपको (देश में) गुमराह किया जा रहा है. तभी दूसरा व्यक्ति आता है और बटुआ चुरा लेता है. जीएसटी और नोटबंदी एक ही हैं. आखिर में शोर मचाने पर तीसरा शख्स (चोर) आपको दो थप्पड़ मारता है. अगर आप छोटे दुकानदार हैं और असहमति व्यक्त करते हैं तो सीबीआई, आईटी और ईडी आ जाएगी.

## राज्यसभा चुनाव का मामला

# सपा ने बनाया रामजीलाल सुमन, जया बच्चन व आलोक रंजन को उम्मीदवार

**भाषा। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) ने राज्यसभा चुनाव के लिए पूर्व सांसद रामजीलाल सुमन, जया बच्चन और पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन को उम्मीदवार बनाया है. सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मंगलवार को ''पीटीआई-भाषा'' को बताया कि पार्टी ने पूर्व सांसद रामजीलाल सुमन, जया बच्चन और पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने बताया कि यह सभी उम्मीदवार मंगलवार को नामांकन दाखिल किये. रामजीलाल सुमन पूर्व सांसद हैं और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी सहयोगियों में शुमार किए जाते हैं. जया बच्चन अभिनेता



अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं. पार्टी वर्ष 2004 से ही उन्हें राज्यसभा भेजती रही है. पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन समाजवादी पार्टी के पिछले कार्यकाल में प्रदेश के मुख्य सचिव थे और अधिकारी वर्ग में उनकी खासी पकड़ मानी जाती है. चौधरी ने एक सवाल पर कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

### बीजद के दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल

**भुवनेश्वर।** राज्यसभा के 27 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवार के रूप में देबाशीष सामंत्रे और शुभाषीश खूंटिया ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राज्य सरकार के मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में दोनों उम्मीदवारों ने उच्च सदन में चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया. सामंत्रे बीजद के पूर्व विधायक हैं और खूंटिया बीजद के युवा प्रकोष्ठ के नेता हैं. हालांकि राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है. पटनायक ने सोमवार को दो ही उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे.

### सरकार ने शेरों के संरक्षण पर 277 करोड़ खर्च किए

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में बताया कि गिर और ग्रेटर गिर क्षेत्रों में शेरों के संरक्षण पर पिछले दो साल में 277 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए गए. वन और पर्यावरण राज्य मंत्री मुकेश पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जूनागढ़ में 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत राष्ट्रीय वन्यजीव रोग निदान और रेफरल केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी है.

### गोदाम में विस्फोट मामले में चार गिरफ्तार

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि के पास त्रिपुनिथुरा में एक आवासीय क्षेत्र में स्थित अवैध पटाखा गोदाम में सोमवार को हुए भीषण विस्फोट के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है तथा आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अवैध पटाखा गोदाम में सोमवार को हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 15 लोग घायल हो गए.

पुलिस ने कहा कि पुथियाकावु देवी मंदिर के अध्यक्ष सजीश कुमार, सचिव राजेश और कोषाध्यक्ष सत्यन तथा पटाखा ठेकेदार आदर्श को गिरफ्तार कर सोमवार शाम को हिरासत में भेज दिया गया. एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच से मंदिर के कई अन्य अधिकारियों की संलिप्तता का पता चल सकेगा.

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भाजपा में हुए शामिल, बोले-

# भाजपा में नए करियर की करेंगे शुरुआत

**भाषा। मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि वह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे. चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं मुंबई स्थित भाजपा कार्यालय जाकर मंगलवार को भाजपा में शामिल हो रहा हूं. आज मेरे जीवन के नए राजनीतिक करियर की शुरुआत है. जब चव्हाण से यह पूछा गया कि क्या उन्हें वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कोई फोन किया, तो उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया. उन्होंने कहा,



मैं मुंबई स्थित कार्यालय में जाकर भाजपा में आधिकारिक तौर पर शामिल हो जाऊंगा. वहां मेरे साथ कुछ नेता भी होंगे. वहां उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार समेत अन्य लोग होंगे. पूर्व मुख्यमंत्री एस बी चव्हाण के बेटे अशोक चव्हाण (65) ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस छोड़ना उनका स्वतंत्र फैसला है और उन्होंने अपने इस फैसले का कोई विशेष कारण नहीं बताया.

### कोई हैरानी नहीं हुई : शरद पवार

**मुंबई।** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण का भाजपा में शामिल होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन उसे इस बात का अफसोस है कि जिन कुछ नेताओं के पास भाजपा से लड़ने की ताकत और क्षमता है, वे उसके दबाव के आगे झुक रहे हैं.

## ईडी ने किया था गिरफ्तार

### सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया. राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है. राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था. विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी.

# न्यूयॉर्क में सब-वे स्टेशन पर गोलीबारी, एक की मौत

**भाषा। न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क सिटी के एक सबवे स्टेशन पर किशोरों के दो समूहों के बीच विवाद के बाद गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये. प्राधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी शाम करीब साढ़े चार बजे ब्रॉन्क्स में एक प्लेटफॉर्म पर हुई जब शहर के सभी स्टेशन पर स्कूल से आ रहे बच्चों की भीड़ होती है.

पुलिस ने बताया कि घटना में 34 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी. घायलों में 14 साल की लड़की और 15 साल का लड़का तथा 28, 29 और 71 साल के तीन व्यक्ति शामिल हैं. ऐसी जानकारी है कि कुछ पीड़ित विवाद में शामिल थे और अन्य लोग ट्रेन का इंतजार कर रहे थे. घायलों में से चार को गंभीर चोटें आयी हैं. न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग के ट्रांजिट प्रमुख माइकल केम्पर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, आज हुई घटना एक ट्रेन में दो समूहों के बीच हुए झगड़े का नतीजा है. उन्होंने बताया कि जब ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो गोलीबारी शुरू हो गयी. केम्पर ने बताया, दरवाजे खुले और समूह में शामिल कम से कम एक व्यक्ति ने बंदूक निकाली और गोलियां चलायी. लोग ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म की ओर भागने लगे तथा प्लेटफॉर्म पर और गोलियां चलायी गयीं.

### वांछित अपराधी पर 50 पैसे का इनाम घोषित


**जयपुर।** आमतौर पर किसी वांछित अपराधी पर कुछ हजार रुपये से लेकर कुछ लाख रुपये तक का नकद इनाम रखा जाता है, लेकिन राजस्थान में एक आरोपी पर 50 पैसे का इनाम रखा गया है. इसके पीछे संदेश यह है कि समाज में आरोपी की हैसियत 50 पैसे की है, जो प्रचलन में भी नहीं है. झुंझुनूं जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेन्द्र विश्नोई ने एक नया प्रयोग किया है. सिंघाना थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में वांछित योगेश मेघवाल को पकड़ने पर 50 पैसे का इनाम घोषित किया गया है. एसपी ने आदेश में कहा, आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम या इस वांछित अभियुक्त के संबंध में सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को 50 पैसे का इनाम दिया जाएगा.

## उद्घाटन अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर, जहां वास्तुकला का एक चमत्कार है

# राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर से बन रहा है मंदिर

**भाषा। अबू धाबी**

गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर, भारत से पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किए लकड़ी के बक्सों से बना फर्नीचर- अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर देश के विभिन्न हिस्सों के योगदान से बना वास्तुकला का एक चमत्कार है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज इस मंदिर का उद्घाटन करेंगे. मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है. मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है.



इस ऐतिहासिक मंदिर के प्रमुख स्वयंसेवी विशाल पटेल ने कहा, इसके पीछे का विचार इसे वाराणसी के घाट की तरह दिखाना है जहां लोग बैठ सकें, ध्यान लगा सकें और उनके जहन में भारत में बने घाटों की यादें ताजा हो जाएं. जब पर्यटक अंदर आएंगे तो उन्हें जल की दो धाराएं दिखेंगी जो सांकेतिक रूप से भारत में गंगा और यमुना नदियों को दर्शाती हैं. 'त्रिवेणी' संगम बनाने के लिए मंदिर की संरचना से रोशनी की किरण आएगी जो सरस्वती नदी को दर्शाएगी.

दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है. मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है. मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है.

### प्रधानमंत्री मोदी यूएई पहुंचे, मंदिर का करेंगे उद्घाटन

**अबू धाबी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे. इस दौरान वह द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देश के शीर्ष नेताओं के साथ चर्चा करेंगे. प्रधानमंत्री अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे. वर्ष 2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह यूएई की सातवीं यात्रा है. मोदी के यूएई आगमन पर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया. यूएई के लिए रवाना होने से पहले अपने बयान में मोदी ने कहा कि वह यूएई के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं.

## संदेशखालि मामला

# भाजपा के प्रदर्शन के मद्देनजर की गयी निषेधाज्ञा लागू

**भाषा। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई. अधिकारियों ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है. उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है. भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे. संदेशखालि में महिलाएं तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों को लेकर पिछले कुछ दिनों से आंदोलन कर रही हैं. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शेख और उसके गिरोह ने क्षेत्र में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के अलावा जमीन के बड़े हिस्से पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है.

## लोकसभा चुनाव 2024 : नौकरी छोड़ने व रिटायरमेंट के बाद कई आईएएस-आईपीएस राजनीति के मैदान में तलाश रहे हैं जमीन

# राजनीति में बैटिंग-फील्डिंग के गुर सीख रहे आईएएस-आईपीएस

- दो आईपीएस ने मौके पर लगाया चौका, बाकी तलाश रहे जमीन
- यशवंत सिन्हा को छोड़ दूसरे आईएएस राजनीति में सफल नहीं हो सके

रवि भारती। रांची

लोकसभा चुनाव 2024 सिर पर है. मार्च के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा कभी हो सकती है. इधर झारखंड में कई आईएएस-आईपीएस राजनीति के मैदान में जमीन तलाश रहे हैं. कुछ ने वीआरएस लेकर राजनीति में कदम रखा है, जबकि कुछ ने सेवानिवृत्ति के बाद. कुछ ने भाजपा ज्वाइन की है, इक्का-दुक्का कांग्रेस-आजसू में शामिल होकर हाथ-पांव मार रहे हैं. ये आईएएस और आईपीएस अफसर राजनीति के फील्ड में बैटिंग-फील्डिंग के गुर सीख रहे हैं. कोई लांग ड्राइव, तो कोई स्क्वायर कट के चक्कर में हैं. कोशिश में लगे हैं कि कहीं से भी गेंद बाउंड्री पार चली जाए. कभी पद पर रहते हुए इन ब्रेक्यूरोट्स की हनक थी, नेता से लेकर आम जन तक इनकी चिरौरी करते थे, लेकिन अब राजनीति के मैदान में उतरने पर स्थितियां उलट हैं. इन्हें कोच से लेकर आम जन तक की परिक्रमा करनी पड़ रही है.

**आईएएस में यशवंत को छोड़ किसी का सिक्का नहीं चला:** झारखंड की राजनीति में आये आईएएस अफसरों की, तो यशवंत सिन्हा को छोड़ किसी आईएएस का राजनीति में सिक्का नहीं चला. हाल ही में कोल्हान प्रमंडल के पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह ने भी भाजपा का दामन थामा. वहीं पूर्व आईएएस ब्रजमोहन कुमार आजसू के साथ हो लिये. लेकिन झारखंड की राजनीति में आईएएस अफसरों के ट्रैक रिकॉर्ड की बात करें, तो किसी को भी अब तक वैसा एक्सपोजर नहीं मिल पाया है, जैसा राजनीति में मिलना चाहिए था.

**विमल कीर्ति और सुचित्रा सिन्हा हो गए साइडलाइन:** आईएएस विमल कीर्ति सिंह ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले टिकट की आस में नौकरी छोड़ दी. वह धनबाद से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन टिकट नहीं मिला. बाद में बोकारो विस से भी चुनाव लड़ने की चाहत थी, पर राजनीतिक स्थितियों-परिस्थितियों ने साथ नहीं दिया. चुनाव लड़ने के अरमा पर पानी का क्या फिरा, वे खुद ब खुद राजनीति से साइड हो गए. पूर्व आईएएस सुचिता सिन्हा भी 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुई थीं. उनकी भी चाहत चुनाव लड़ने की थी, लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं मिल सका. इसके बाद पार्टी में उनकी सक्रियता भी नहीं रही. और धीरे-धीरे वे भी साइड होती चली गईं.

**जेबी तुबिद भाजपा में आये, चुनाव लड़े, पर चल न पाए:** झारखंड के गृह सचिव, कैबिनेट सचिव, आईटी सेक्रेटरी और टीएसी के पूर्व मेंबर रह चुके जेबी तुबिद ने 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले वीआरएस ले लिया था. बीजेपी से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की. पार्टी ने उन्हें चाईबासा से टिकट भी दिया, लेकिन जनता ने नकार दिया. हालांकि वे भाजपा में प्रवक्ता भी रहे, संगठन में थोड़ी सक्रियता भी बढ़ाये रखी, लेकिन राजनीति के रास्ते पर तेजी से चल न पाए. फिर धीरे-धीरे सक्रिय राजनीति से खुद ही किनारे होते चले गए.

**राजनीति में दो आईपीएस चमके:** 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ रामेश्वर उरांव को राजनीति रास आयी. राजनीति के कठिन डगर पर भाग्य ने भी उनका साथ दिया. रामेश्वर उरांव ने 2004 में वीआरएस लेकर कांग्रेस ज्वाइन किया. लोहरदगा से लोकसभा का टिकट मिला. जीतने के बाद केंद्र में मंत्री बनाये गये. 2009 में चुनाव हारने के बावजूद इन्हें नेशनल एसटी-एससी आयोग का चेयरमैन बनाया गया. 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले डॉ रामेश्वर उरांव को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया. विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने वापसी की. वहीं आईपीएस विष्णु दयाल राम 2005 से 2011 तक झारखंड के डीजीपी रहे. 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले राम भाजपा में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में आये. 2014 में पलामू लोकसभा सीट से पार्टी ने टिकट दिया और चुनाव जीत गये. 2019 में भी टिकट मिला और चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे.



### ये आईपीएस तलाश रहे जमीन

**डॉ अजय कुमार :** 1990 के दशक के तेजतर्रार आईपीएस डॉ अजय कुमार जब झारखंड की राजनीति में आये तो छा गये थे. उस वक्त बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा ने उन्हें जमशेदपुर लोकसभा सीट से उपचुनाव में टिकट दिया. चुनाव जीतकर जमेशदपुर के सांसद बने, लेकिन दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और हार गये. जनता ने नकार दिया. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे, लेकिन अचानक पाला बदल कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए. किसी ऊंची राजनीतिक महात्वाकांक्षा को लेकर आप में शामिल तो हुए थे, लेकिन पार्टी रास न आयी. फिर से पलटा मारा, कांग्रेस में लौट आये. राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेवारी निभा रहे हैं. ख्वाहिश जमशेदपुर से फिर से चुनाव लड़ने की है.

**राजीव कुमार :** 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड के डीजीपी रहे राजीव कुमार ने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया. तय हुआ कि वे पलामू संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन गठबंधन के तहत यह सीट आरजेडी के खाते में चली गयी. इसके बाद उन्हें विधानसभा चुनाव में कांके सीट से टिकट दे दिया गया, कार्यकर्ताओं ने टिकट देने का जोरदार विरोध कर दिया. विरोध के स्वर दिल्ली तक पहुंचे और आखिरकार चुनाव से ठीक पहले उनका पत्ता कट गया. वैसे भी वे कांग्रेस बहुत कम ही सक्रिय रहे हैं. कभी पार्टी के किसी कार्यक्रम में भी हिस्सा नहीं लिया है.


**लक्ष्मण प्रसाद सिंह :** आईपीएस लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने 2014 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वीआरएस लिया और बीजेपी में शामिल हो गये. लक्ष्मण धनबाद से चुनाव लड़ना चाहते थे, उन्हें धनबाद के बजाय राजधनवार से टिकट मिला, लेकिन 2014 का चुनाव वे हार गये. चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे. इसके बाद 2019 के चुनाव में भी पार्टी ने एक बार फिर उनपर भरोसा दिखाया और बाबूलाल मरांडी के खिलाफ उन्हें धनवार से उतारा. लेकिन फिर से वे चूक गये. दूसरे नंबर पर रहे. फिलहाल धनवार में ही राजनीति जमीन को उर्वरा बना रहे हैं. उम्मीद है फिर से भाजपा मौका देगी, तो चुनावी दंगल में बाजी मार लेंगे.

**रेजी डुंगडुंग :** 1987 बैच के आईपीएस अफसर रेजी डुंगडुंग को भी राजनीति के ग्लैमर ने तरफ खींचा. झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले 16 अक्टूबर 2019 को नौकरी से वीआरएस ले लिया. उस वक्त चर्चा थी कि किसी राष्ट्रीय पार्टी का दामन थाम सकते हैं, लेकिन एनोस एक्का की झारखंड पार्टी में शामिल हो गए. सिमडेगा से चुनाव भी लड़े, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया. चुनाव तक ही वे राजनीति में सक्रिय रहे. इसके बाद तो राजनीति से किनारा कर लिया.

**शीतल उरांव :** 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले आईजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित शीतल उरांव ने भी चुनाव लड़ने के लिए वीआरएस ले लिया था. नौकरी छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हो गए. उन्हें शायद भरोसा था कि पार्टी उन्हें कही से न कहीं से टिकट जरूर देगी. लेकिन उनकी दाल गली नहीं. टिकट नहीं मिला, तो खुद को राजनीति से किनारे कर लिया.

**अरूण उरांव :** पंजाब कैडर के आईपीएस डॉ अरुण उरांव ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले वीआरएस ले लिया था. चुनाव लड़ने की उम्मीद लिये बीजेपी में शामिल हो गये, लेकिन भाजपा ने टिकट नहीं दिया. फिलहाल भाजपा ने प्रवक्ता बनाया है. भाजपा में सक्रिय भी हैं और राजनीतिक जमीन की तलाश में जुटे हैं.

**राजीव रंजन :** कोल्हान के डीआईजी रहे राजीव रंजन भी कुछ दिनों पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए हैं. हालांकि सेवानिवृत्ति के बाद से सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले रहे थे. भाजपा में आने के बाद कोल्हान, खासकर जमशेदपुर में सक्रिय हैं. राजनीतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेते हैं. फिलहाल पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेवारी नहीं संभाल रहे हैं. भाजपा में राजनीतिक भविष्य तलाश रहे हैं.







अंग्रेजी माध्यम में बिल्कुल आपके बजट का स्कूल

बड्स गार्डेन स्कूल 10+2

सीबीएसई, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

दलूडीह, राजगंज, धनबाद - 828113

Affiliation No. : 3430311 School Code : 66510

E-mail : budsgarden.rajganj@gmail.com Website : budsgardenschool.in

हमारा एकमात्र उद्देश्य – बच्चों का उज्ज्वल भविष्य

With Hostel

स्कूल में सुविधायें

पुस्तकालय, वाचनालय, कम्प्यूटर व विज्ञान प्रयोगशाला एवं अटल टिंकरिंग लैब, हवादार कमरे, खेल के विशाल मैदान, सीसीटीवी कैमरे, पार्क, कैन्टिन, एनसीसी, नृत्य–संगीत, योगा, कराटे, शुद्ध पेयजल, सुलभ शौचालय एवं चौबीसो घंटे बिजली, यातायात की सुविधा।



स्कूल का परिचय

यह विद्यालय प्राकृतिक सुन्दरता के बीच एन. एच. 2 (जी. टी. रोड) से मात्र 50 मीटर की दूरी पर पहाड़ों के पास सुन्दर, रमणिक व शान्त वातावरण में अपने 6.5 एकड़ भूखण्ड में अवस्थित है साथ ही विद्यालय के अन्दर का मनमोहक फूल–फूलवाड़ी एवं बाहर की हरियाली बच्चों एवं अभिभावकों को सुकुन व पठन–पाठन के लिए एकाग्रता का माहौल प्रदान करती है।



प्राचार्य के कलम से

आज का युग प्रतिस्पर्द्धा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का युग है साथ ही हमें संस्कार की भी आवश्यकता है। हम अपने विद्यालय में बच्चों के सर्वांगिण विकास के साथ–साथ बच्चों में एक आत्मविश्वास लाने हेतु सदैव प्रयासरत रहते है। हम बच्चों में पढ़ाई के साथ–साथ अन्य सभी क्षेत्रों जैसे खेल–कूद, नृत्य–संगीत, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, योगा, ताईक्वाण्डो, एन.सी.सी., स्काऊट एण्ड गाइड एवं उनके अन्दर के प्रतिभा को पहचान कर उन्हें अन्य सभी क्षेत्रों में निखारने का प्रयास करते है। एक अच्छे विद्यालय में जितनी भी आधुनिक व्यवस्था एवं तकनीक होने चाहिए वे सारी सुविधाएँ यहाँ उपलब्ध है। जैसे बड़े–बड़े खेल के मैदान, सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, रोबोटिक टिंकरिंग प्रयोगशाला आदि के अलावे प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षकों एक पूरी टीम यहाँ उपलब्ध है।





छोटे–छोटे नन्हें–मुन्हे बच्चों के लिए स्कूल परिसर में ही सभी सुविधाओं से भरपूर किड्स पार्क एवं अन्य बच्चों के लिए अबेकस की कक्षाएँ



सभी सुविधाओं से भरपूर

स्कूल परिसर में अपना छात्रावास

- छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग व्यवस्था।
- सुरक्षित एवं घर से दूर घर जैसा वातावरण।
- अनुभवी, प्रशिक्षित अध्यापक एवं वार्डेन।
- उत्तम शिक्षा एवं कठोर अनुशासन।
- नि:शुल्क लॉण्ड्री एवं साफ–सफाई की विशेष व्यवस्था।
- शुद्ध पेयजल, सुलभ शौचालय एवं चौबीसो घंटे बिजली
- शांत एवं एकाग्र होकर पढ़ाई का अवसर।
- शुद्ध, पौष्टिक एवं संतुलित भोजन।
- नि:शुल्क अतिरिक्त कोचिंग की सुविधा।
- खेलकूद एवं शारीरिक व्यायाम की उचित व्यवस्था।
- समय–समय पर शैक्षिक भ्रमण एवं मनोरंजन
- मध्यमवर्गीय परिवार के बजट का छात्रावास





Advt.

Ph. No. : 9431376581, 8709054940, 7004457625, 8252219742, 7759011864, 8539993610, 8789904562, 9835989880, 7488306275


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)